

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

भाद्रपद, पक्ष - शुक्ल, तिथि - द्वादशी, संवत 2079 पृष्ठ : 8 | जयपुर, बुधवार | वर्ष-8, अंक-28, 7 सितम्बर - 13 सितम्बर, 2022 | मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-


## टीवी डिबेट में पता नहीं कब एंकर से हाथापाई हो जाए!

सटीक




शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net


**इन** दिनों अधिकांश टीवी चैनलों पर वर्तमान हालातों पर डिबेट करवाने का प्रचलन जोरों पर चल रहा है। ऐसा शायद ही कोई टीवी चैनल हो जिसमें किसी विषय पर डिबेट नहीं होती हो। हां ये जरूर है कि कई टीवी चैनलों पर परिपक्व लोग डिबेट में शामिल होते हैं और कुछ में छुटभैये नेता या अन्य जिन्हें डिबेट करने का कोई अनुभव नहीं होता और न ही वे डिबेट में आने से पहले कोई तैयारी कर के आते हैं। जो जी में आया बोल दिया। आधी-अधूरी जानकारी लेकर टीवी कैमरे के सामने बैठ जाते हैं। बात यहीं नहीं रुकती। कई टीवी चैनलों पर डिबेट कराने वाला ऐंकर भी अनुभवहीन दिखाई पड़ते हैं। उन्हें ये भी ज्ञान नहीं होता कि डिबेट में भाग लेने वाले की बात को कब और किन परिस्थितियों में कम या बिल्कुल गायब कर देनी चाहिए। जो जैसे बोल रहा होता है उसे वैसे ही पब्लिक के समक्ष प्रस्तुत नहीं करना चाहिए। क्योंकि अभी हाल ही में टीवी डिबेट में नूपुर शर्मा के बयान को अगर कंट्रोल कर लिया जाता तो ये बवाल खड़ा नहीं होता जो देश में दिखाई पड़ रहा है। क्योंकि शास्त्रों में कहा गया है कि 'सत्यंवद् प्रियंवद्'। कड़वे सत्य को बोलने के लिए भी भाषा का प्रिय अर्थात् मधुर होना जरूरी है। तभी उस कड़वे सत्य को सुना और समझा जाएगा। वरना तो कड़वा सच बोलने वाला बुरा ही लगेगा। खैर, टीवी डिबेट में देखा जाता है कि दो वक्ताओं के बीच में वाद-विवाद इतना बढ़ जाता है कि कई बार हाथापाई के दृश्य भी टीवी पर देखे जा चुके हैं। कई बार टीवी दर्शकों को ऐसा लगने लगता है कि ऐंकर भी ऐसे डिबेटरों के हत्थे चढ़ जाएंगे। पिछले दिनों एक टीवी चैनल पर चल रही डिबेट में एक शांतिदूत को दूसरे डिबेटर को जूते दिखाए गए। ऐसे अभद्र लोगों को टीवी पर बुलाना ऐंकर को उस समय भारी पड़ जाएगा जब इनका हाथ भी उन तक पहुंच जाएगा। टीवी डिबेट का एक स्तर होना चाहिए और ऐंकर को भी अपने आपको सुरक्षित और संयमित रखते हुए सवाल करना चाहिए। वरना मूर्ख और अधजड़ लोगों को डिबेट में बुलाने का अंजाम स्वयं पर भारी पड़ सकता है।


shivdayalmishra@gmail.com


### चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक

# देश में मॉडल स्टेट बन रहा राजस्थान-गहलोत



### चिरंजीवी योजना के बारे में जागरूकता के लिए 2 अक्टूबर से होंगी ग्राम सभाएं

### बजट का 7% स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च करने वाला राजस्थान अग्रणी राज्य

### प्रदेश के 30 जिलों में अब मेडिकल कॉलेज तथा सभी जिलों में राजकीय नर्सिंग कॉलेज

### मुख्यमंत्री ने लॉन्च की चिरंजीवी जीवन रक्षा योजना, सड़क दुर्घटनाओं में मिलेगी पीड़ित को तुरंत राहत

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता एवं संवेदनशीलता के साथ प्रदेशवासियों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा देने की दिशा में कार्य कर रही है और इसी का परिणाम है कि राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में मॉडल स्टेट बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना तथा मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं प्रारम्भ की हैं। इसी क्रम में गहलोत ने सड़क दुर्घटना पीडितों की जीवन रक्षा के लिए मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवन रक्षा योजना की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि इन सभी योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन हो। योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए ताकि जानकारी के अभाव में कोई इनके लाभ से वंचित न रहे। साथ ही, प्रभावी क्रियान्वयन के लिए योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग एवं समय-समय पर जनता का फीडबैक लिया जाना चाहिए।

गहलोत मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान स्वास्थ्य सेवाओं में देश का अग्रणी राज्य बनकर उभर रहा है। राज्य में बजट का 7 प्रतिशत हिस्सा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च किया जा रहा है। राजस्थान में 88 प्रतिशत परिवार हैल्थ इन्श्योरेंस के अर्न्तगत आते हैं, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर इसका औसत मात्र 41 प्रतिशत है। आज प्रदेश में एमआरआई, सीटी स्केन जैसी महंगी जांचों के साथ-साथ लीवर ट्रांसप्लांट, बोनमैरो ट्रांसप्लांट जैसा महंगा इलाज निःशुल्क करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 21.14 लाख मरीजों को 2111.41 करोड़ रूपए के निःशुल्क उपचार से लाभांवित किया जा चुका है। निजी अस्पतालों को 21 दिन के अंदर भुगतान किया जा रहा है।







# शिक्षक दिवस पर एक शिष्य की मास्टरजी के नाम चिट्ठी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**आदरणीय मास्टरजी,**
चरण स्पर्श

मैं मंगरा हूं आपका पुराना छात्र शायद अब आपको नाम भी याद न हो। फिर कोई क्यों याद रखेगा। मुझे आज आपसे कुछ कहना है। सो यह चिट्ठी एक प्राइवेट स्कूल में पढ़े एक बालक से लिखवा रहा हूं। मास्टरजी मैं 6 साल का था तब पिताजी ने मेरा दाखिला स्कूल में करवाया था। उनका कहना था सरकारी स्कूल जाऊंगा पढ़ना-लिखना सीख जाऊंगा। इतना कमा लूंगा कि बच्चे भूखे पेट नहीं सोयेंगे, पर मास्टरजी, मैंने उनका सपना तोड़ दिया। मैं भी उनकी तरह गरीब हूं। बच्चे कभी-कभी भूखे सो जाते हैं। आपको मैं यह सब इसलिए बता रहा हूं कि आप भी उसके लिए जिम्मेदार हैं।

मैं प्रतिदिन स्कूल आता था। आना अच्छा लगता था। मेरे मन में यह बात बैठ गई थी कि पढ़ने लिखने से जीवन संवर जाएगा, लेकिन जब मैं स्कूल जाता तो पढ़ाई नहीं होती। अनेक अध्यापक कई-कई दिन आते ही नहीं। कभी हिम्मत करके पूछता तो आप कहते कि घर में कुछ काम था। आज आपसे पूछता हूं कि गरीब बच्चों की शिक्षा से भी बड़ा कोई काम है क्या? आपने हमें क्यों नहीं पढ़ाया। जो एक मजदूर का बेटा मजदूर ही रह गया। अब आप मुझे पढ़ा नहीं सकते। मेरा बचपन लौटा नहीं सकते। आपके भी बच्चे हैं। भगवान से डरिये। मैंने सुना है कि गुरु का स्थान माता-पिता से भी ऊंचा होता है। आपसे हाथ जोड़कर निवेदन है कि बच्चों को पढ़ाइये, आपके हाथों में सैकड़ों बच्चों का भविष्य है। उसे अंधकार में मत डुबोईये। रोज स्कूल जाइये। रोज पढ़ाइये।

आपका शिष्य
सभी गुरुजनों को प्रणाम।

-प्रभात गुप्ता
(पूर्व अध्यक्ष भारत विकास परिषद, अम्बाबाड़ी, जयपुर)

## जागरूक खबरें

### ■ योगेन्द्र गुप्ता ऑल राज. ट्रेड एंड इंडस्ट्री एसोसियशन (आरतिया) के उपाध्यक्ष नियुक्त



**जयपुर @ जागरूक जनता।** उद्योग व व्यापार को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य कर रही प्रमुख संस्था "ऑल राज. ट्रेड एंड इंडस्ट्री एसोसियशन" ने विविध क्षेत्रों में कार्यरत योगेन्द्र गुप्ता को संस्था का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। संस्था के मुख्य संरक्षक आशीष सर्राफ व मुख्य सलाहकार कमल कंदोई ने गुप्ता की नियुक्ती के साथ ही उम्मीद जताई कि इनके विविध क्षेत्रो में किये जा रहे कार्यो के अनुभव से संस्था लाभान्वित होगी और संस्था में नवाचार तथा नए प्रकल्पो की शुरुआत होगी। संस्था अध्यक्ष विष्णू भूत एवं कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम बियानी ने गुप्ता की नियुक्ती पर हर्ष जाहिर किया। नियुक्ती के पश्चात गुप्ता ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे प्रयास करेंगे कि प्रदेश व्यापार व उद्योग के क्षेत्र में देश में अग्रणी स्थान प्राप्त करे।

### ■ दूध के बाद घी के दाम 15 रुपए किग्रा. बढ़ाए

**जयपुर @ जागरूक जनता।** त्योहारी सीजन में जयपुर डेयरी ने उपभोक्ताओं पर दोहरा वार किया है। डेयरी ने दूध के दाम में वृद्धि की तो घोषणा की ही साथ ही घी के दामों में भी गुपचुप वृद्धि कर दी। जयपुर डेयरी ने दूध के दाम में दो रुपए प्रति लीटर तो घी के दाम में 15 रुपए प्रति किलोग्राम तक वृद्धि कर दी है।

---

**मुख्यमंत्री निवास पर कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक**

# संगठित अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई के लिए चलाए विशेष अभियान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में अपराध की रोकथाम और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के लिए गंभीर है। राजस्थान पुलिस प्रदेश में शांति, सद्भाव का माहौल बनाए रखने और कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए कटिबद्ध है। आमजन को त्वरित न्याय दिलाने और अपराधियों में भय पैदा करने के लिए राज्य सरकार पुलिस के सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिकीकरण में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संगठित अपराधियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए।

गहलोत मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध नियंत्रण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि पुलिस जघन्य अपराधों को अंजाम देने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए प्रभावी अभियान चलाए। इससे पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था एवं अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस के साथ आमजन की सजगता और सतर्कता बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान ऐसा पहला राज्य है, जहां अनिवार्य एफआईआर रजिस्ट्रेशन की नीति लागू की गई है। हमारी सरकार ने रजिस्ट्रेशन बढ़ने की चिंता किए बगैर अनिवार्य रूप से एफआईआर दर्ज करने का बड़ा निर्णय लिया। जघन्य अपराधों में शीघ्र अनुसंधान व अपराधियों को सजा दिलाने हेतु हीनियस क्राइम मॉनिटरिंग यूनिट (एचसीएमयू) का गठन क्राइम ब्रांच में किया गया है। इसी प्रकार महिला अत्याचार पर प्रभावी रोकथाम तथा उनसे जुड़े अपराधों के त्वरित अनुसंधान के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में स्पेशल इंवेस्टिगेशन यूनिट फॉर क्राइम अगेंस्ट वुमेन गठित किया गया। इन नवाचारों से त्वरित अनुसंधान व अपराध नियंत्रण में सहायता मिली है।

### हिस्ट्रीशीटर और हार्डकोर अपराधियों पर सख्त पुलिस

**बैठक** में पुलिस अधिकारियों ने बताया गया कि राजस्थान पुलिस हिस्ट्रीशीटर और हार्डकोर अपराधियों पर नकेल कसने के लिए सख्त कार्रवाई कर रही हैं। अभी राज्य में कुल 11,009 हिस्ट्रीशीट है, इस वर्ष 296 नवीन हिस्ट्रीशीट खोली गई है। इनमें से अभी 914 न्यायिक हिरासत में है। साथ ही राज्य में कुल 712 हार्डकोर चिंहित अपराधी है, जिनमें से 241 न्यायिक हिरासत में है। 296 को पाबंद किया गया है, 248 पर पुलिस की सख्ती निगरानी है। विशेष अभियान चलाकर फरार 48 अपराधियों को न्यायिक हिरासत में शीघ्र लिया जाएगा।

---

**हवा सड़क सोडाला एलीवेटेड रोड**

# नवरात्रा में शुरू होगा ट्रेफिक!

**मुख्यमंत्री से उद्घाटन करवाने की तैयारी**



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर में हवा सड़क पर बने एलीवेटेड रोड का शारदीय नवरात्रा पर उद्घाटन हो सकता है। जेडीए ने इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से समय लेने की तैयारी कर ली है। अम्बेडकर सर्किल से सोडाला तिराहे तक बनाए गए एलीवेटेड रोड के शुरू होने से 22 गोदाम सर्किल पर लगने वाले जाम से राहत तो मिलेगी है, साथ ही लोगों को सोडाला तक जाने में समय की भी बचत होगी।जेडीए अधिकारियों के मुताबिक इस रोड का काम लगभग पूरा हो गया है और कुछ दिन में इसके लोड टेस्ट की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। हालांकि 22 गोदाम सर्किल पर कुछ समय पहले लोड टेस्ट करवाया गया था। संभावना है कि नवरात्रा पर इस रोड को ट्रेफिक के संचालन के लिए खोल दिया जाएगा। आपको बता दें कि इससे पहले जेडीए अधिकारियों ने इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए 15 अगस्त की डेथ निर्धारित की थी, लेकिन एलीवेटेड रोड में मुख्य काम कनेक्टिविटी (अजमेर रोड एलीवेटेड से जोड़ना) का रह गया है। इसके अलावा 22 गोदाम सर्किल से सिविल लाईन्स सर्किल तक 7 स्पान में स्ट्रेचिंग और बेयरिंग का काम अधूरा है, जिसे पूरा किया जा रहा है। अब काम को 20 सितम्बर के बाद पूरा करने की बात कही जा रही है।

### अगस्त 2016 में शुरू हुआ था प्रोजेक्ट

ये प्रोजेक्ट अगस्त 2016 में शुरू हुआ था, तब इसे पूरा करने की डेडलाइन जून 2019 रखी थी। जून में पूरा नहीं होने के बाद इसकी डेडलाइन को एक साल के लिए यानी मई 2020 तक बढ़ा दिया था। मार्च 2020 में कोरोनाकाल शुरू होने के बाद से प्रोजेक्ट का काम धीमा पड़ गया और इसकी डेडलाइन को बढ़ाकर वापस इस साल 31 मई तक कर दिया था।

### 10 मिनट में पूरा होगा सफर

**एलिवेटेड** रोड के शुरू होने के बाद जयपुर 22 गोदाम, हवा सड़क, सोडाला तिराहा पर लगने वाले ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत मिलेगी। अभी अंबेडकर सर्किल से 22 गोदाम सर्किल, हवा सड़क होते हुए सोडाला सब्जी मंडी पहुंचने में करीब 20 से 25 मिनट का समय लगता है। इस एलिवेटेड के बनने के बाद महज 10 मिनट में यह सफर पूरा हो जाएगा। इसके अलावा 22 गोदाम सर्किल पर जाम की समस्या काफी कम हो जाएगी।

---

**शिक्षक और प्रहरियों की 13 मंजिला आवासीय योजना**

# धारीवाल आवंटियों को कल सौपेंगे चाबी

**13 मंजिला आवासीय योजना में 98 करोड़ रुपए की लागत से 2 बीएचके के 576 फ्लैट बनाए गए हैं।**



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान हाउसिंग बोर्ड ने 2 साल में ही प्रताप नगर में शिक्षक और प्रहरी आवासीय योजना को तैयार कर आवंटियों को फ्लैट की चाबी सौंपने का भी कार्यक्रम तय कर लिया है। 13 मंजिला आवासीय योजना में 98 करोड़ रुपए की लागत से 2बीएचके के 576 फ्लैट बनाए गए हैं। इनमें से 501 फ्लैट का आवंटन शिक्षकों और 45 फ्लैट का आवंटन प्रहरियों (कॉन्स्टेबल एवं हैड कॉन्स्टेबल) को किया जा चुका है। दूसरी ओर, गुरुवार को यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल विकसित आवासीय योजना का लोकार्पण करेंगे और आवंटी शिक्षकों एवं प्रहरियों को फ्लैट का कब्जा पत्र एवं चाबी सौंपेंगे। इस समारोह की अध्यक्षता शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला करेंगे।

हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर पवन अरोड़ा ने बताया सीएम अशोक गहलोत ने 20 दिसम्बर 2019 को योजना की घोषणा की थी। इसके बाद कोरोना ने दस्तक दे दी। ऐसे विकट दौर में भी आवेदन आमंत्रित करने और टेंडर प्रक्रिया फाइनल करने से जुड़े सभी काम 5 माह की अवधि में ही पूर्ण कर लिए गए। 27 मई 2020 को यूडीएच मंत्री ने योजना का शिलान्यास किया था। उनका कहना है कि पहली बार हुआ जब काम शुरू होने के 2 वर्ष के रिकॉर्ड समय में ही आवंटियों को फ्लैट का कब्जा पत्र दिए जा रहे हैं।

### मनरेगा में मेट को अब 240 रूपए प्रति दिवस,5 रुपए की बढ़ाए

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में मनरेगा श्रमिकों के जीवन स्तर में बढ़ोतरी के लिए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने इन श्रमिकों की मजदूरी की पुरानी दरों में 5 रुपए की बढ़ोतरी की है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत राजस्थान में नियोजित मेट की प्रति दिवस मजदूरी में बढ़ोतरी की गई है। प्रदेश में कार्यरत मेटों को अब प्रति दिवस 240 रूपए मिलेंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मजदूरी बढ़ाने के लिए ग्रामीण विकास विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।गहलोत की मंजूरी से वर्ष 2022-23 हेतु मनरेगा योजनान्तर्गत नियोजित मेटों की मजदूरी दर 235 रूपए प्रति दिवस से बढ़ाकर 240 रूपए प्रति दिवस की गई है।

---

# डीआरएम ऑफिस में काम करेगी 'गतिशक्ति यूनिट'

**खातीपुरा, जंक्शन और गांधीनगर में रिडेवलपमेंट, वंदेभारत के लिए बनेगा मेंटेनेंस डिपो, सेवानिवृत कर्मचारियों को मिलेगा मौका**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** रेलवे बोर्ड द्वारा हाल ही में जयपुर सहित देशभर के सभी मंडलों में गति शक्ति यूनिट बनाई गई है। ऐसे में यूनिट एक्टिव मोड में भी आ गई है। संबंधित जोनल रेलवे के जीएम और मंडलों के द्वारा कार्य विभाजन करना शुरू कर दिया गया है, जिसके तहत अब सभी छोटे प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन, आरवीएनएल, आरएलडीए, रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन (आरई) सहित अन्य पीएसयू से लिए जाएंगे, जो अब यूनिट द्वारा ही किए जाएंगे। यानि जयपुर के खातीपुरा टर्मिनल स्टेशन, जयपुर और गांधीनगर स्टेशन के रिडेवलपमेंट के काम को गति शक्ति यूनिट द्वारा ही गति दी जाएगी। यानि अब कोई भी फाइल मंडल, कंस्ट्रक्शन या अन्य किसी भी पीएसयू के बीच चक्कर ना लगाकर सीधे गति शक्ति यूनिट के पास रहेगी और यहीं से रेलवे बोर्ड और मुख्यालय के जरिए स्वीकृति मिल जाएगी। खातीपुरा स्टेशन पर वंदेभारत (ट्रेन सेट-18) के लिए डेडिकेटेड मेंटेनेंस डिपो बनाया जाएगा। वहीं जयपुर-दिल्ली रूट पर स्वीकृत स्पीड 110 किमी प्रतिघंटे को चरणबद्ध तरीके से पहले 130 और फिर 160 किमी प्रतिघंटे (केएमपीएच) किया जाएगा।

### एडिशनल डीआरएम को बनाएंगे यूनिट का चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर

**रेलवे** बोर्ड ने निर्देश दिए हैं कि गति शक्ति यूनिट का ऑफिस डीआरएम ऑफिस में होगा। इसमें सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी लगाया जाएगा। जिसमें 3 पीए/पीएस, 2-3 क्लर्क, 3 एसएसई/जेई होंगे। गौरतलब है कि इस यूनिट का मुखिया चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर (सीपीएम) होगा, जो मंडल में कार्यरत एडिशनल डीआरएम के समकक्ष होगा।

---

**हैरिटेज निगम प्रशासन ने टेंडर प्रक्रिया शुरू**

# दीपावली से पहले लगेगी 5000 रोड लाइटें

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** दीपावली से पहले हेरिटेज निगम में 5 हजार रोड लाइटें लगाई जाएंगी। हेरिटेज निगम प्रशासन ने इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। हर वार्ड में 50-50 रोड लाइटों का प्रस्ताव है। निगम अधिकारियों का कहना है विद्युत शाखा ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। निगम के चारों जोन किशनपोल, सिविल लाइंस, हवामहल-आमेर, आदर्श नगर जोन क्षेत्र में भी 30-30 हाईमास्क लाइटें लगाई जाएंगी। शहर में सूर्या और ईईएसएल कंपनी के द्वारा एलईडी लाइटें लगाई जाती हैं। हेरिटेज क्षेत्र में 1.30 लाख रोड लाइटें लगी हुई हैं। इधर, वार्ड 74 की पार्षद सुमन यादव का कहना है कि हेरिटेज में विद्युत समिति नहीं बनने से रोड लाइट्स के हाल खराब हैं। बोर्ड बैठक नहीं होने से एलईडी, हाईमास्ट लाइट्स के साथ फेज वायर और पोल लगाने पर कोई चर्चा नहीं हुई।




---

**ANCHOR** सानवी, मानवी और जयादित्य की अनूठी कृति

# मां की प्रेरणा से बच्चों ने बनाया पेपर क्विलिंग टेक्निक से 400 स्क्वायर फिट का मौजेक

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर @ ।** स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव पर जयश्री पेरीवाल हाई स्कूल के सानवी गौतम (14) मानवी गौतम (10), जयादित्य गौतम (8) ने देश की छह महान महिला विभूतियों को समर्पित, 400 स्क्वायर फिट का मौजेक पेपर क्विलिंग टेक्निक द्वारा बनाया है, जो अपनेआप में एक अनूठी कृति है। इस कृति में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, भारत की पहली महिला गवर्नर सरोजिनी नायडू, मदर टेरेसा, सावित्रीबाई फुले, महान गायिका लता मंगेशकर, विश्व मुक्केबाजी प्रतियोगिता में चैंपियन रही मैरीकॉम शामिल हैं। भारत की इन महान विभूतियों ने विश्व पटल पर भारत का नाम ऊंचा किया है। इन छात्रों ने अपनी माता डॉ. अनीता गौतम के साथ मिलकर यह मौजेक बनाया है जिसमें लगभग 8 महीने का समय लगा। इसे बनाने में करीब 47 हजार 250 पेपर क्विलिंग स्ट्रिप्स एवं करीब 10 लीटर ग्लू का इस्तेमाल हुआ है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मदनलाल गुर्जर ज्वाइंट रजिस्ट्रार कॉपरेटिव डिपार्टमेंट एवं अखिलेश देवाल असिस्टेंट रजिस्ट्रार कॉपरेटिव डिपार्टमेंट उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि जयश्री पेरीवाल स्कूल ग्रुप की डायरेक्टर डॉ. जयश्री पेरीवाल ने कहा कि बच्चों द्वारा बनाई गई कृतियों में सभी हस्तियों का जीवन अनुकरणीय है। यह मौजेक इन बच्चों की क्रियाशीलता का उत्तम उदाहरण है। स्कूल की प्रिंसीपल मधुमैनी एवं प्राइमरी विंग की प्रिंसीपल शाश्वती गोस्वामी ने बच्चों की प्रशंसा कर उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में गौतम हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर की सीईओ राजश्री गौतम एवं रघुकुल ट्रस्ट की संस्थापक अध्यक्ष साधना गर्ग एवं रिटायर्ड एईएन एस.एस. राठौड़ भी उपस्थित रहे।


एक मजबूत नेतृत्व
युवाओं के प्रेरणास्त्रोत
माननीय
श्री सचिन पायलट जी
को 45वें जन्मदिवस
7 सितम्बर 2022 पर
पूरे प्रदेश की ओर से
हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं
आप सदा स्वस्थ रहें व ईश्वर
आपको दीर्घायु प्रदान करें
मुरारी लाल मीणा
विधायक - दौसा
मंत्री, राजस्थान सरकार
सुरेश मोदी
विधायक - नीमकाथाना
चेयरमैन, व्यापार कल्याण बोर्ड
पी आर मीणा
विधायक - टोडाभीम
इंद्राज सिंह गुर्जर
विधायक - विराटनगर
राकेश पारीक
विधायक - मसूदा
गजराज खटाना
विधायक - बांदीकुई
चेयरमैन, श्रम विभाग
निवेदक : समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता, राजस्थान

## सम्पादकीय

# विकास दर की खुशी

भारत में आर्थिक विकास की गति उत्साहजनक और प्रशंसनीय है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से बीते सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 13.5 फीसदी की गति से बढ़ा है। जो अर्थशास्त्री भारत और भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास जता रहे थे, उन्हें इससे जरूर बल मिलेगा। अब एक तरह से यह तय हो गया है कि इस वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर कम से कम दो अंकों में तो जरूर रहेगी। अनेक एजेंसियों ने पहली तिमाही में करीब 13 प्रतिशत की विकास दर का अनुमान लगाया था। हालांकि, भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी रिपोर्ट में 15.7 फीसदी की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। एक अनुमान और देख लीजिए, अगस्त की शुरुआत में भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा था कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर लगभग 16.2 प्रतिशत रहने की संभावना है। ऐसे बेहतरीन अनुमान यदि साकार नहीं हुए हैं, तो इसकी वजहों पर गंभीरता से काम करना चाहिए। अनेक देशों में मंदी को लेकर चिंता है, यहां तक कि चीन में भी अप्रैल-जून 2022 में 0.4 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर्ज की गई है। ऐसे में, भारतीय विकास की गति बहुतों को आश्चर्य में डाल सकती है, लेकिन यह सच है कि कोरोना से लंबे समय तक आहत रहा देश इस वित्त वर्ष में बुनियादी तेजी पकड़ने की ओर अग्रसर है। 13.5 प्रतिशत की विकास दर पर संशय जताने वालों को भी यह ध्यान रखना चाहिए कि भारत तुलनात्मक रूप से ज्यादा युवा और विकास की ज्यादा संभावनाओं वाला देश है। हां, यह जरूर कहा जा सकता है कि हमारा विकास हमारी क्षमता व जरूरत के अनुरूप अभी भी नहीं हो रहा। अभी भी जो विकास हो रहा है, उसमें निजी क्षेत्र की भूमिका सबसे ज्यादा है। गत अप्रैल-जून में निजी निवेश एक साल पहले की तुलना में 20.1 प्रतिशत बढ़ा है,जबकि सरकारी खर्च में 1.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए ज्यादा पारदर्शिता, सरलता, निवेश की जरूरत है। फिर भी हम कह सकते हैं कि देश ने आपदा या मुश्किलों में भी अवसर तलाशने शुरू कर दिए हैं। एक चिंता या सवाल यह जरूर है कि जिसे कोर सेक्टर कहा जाता है, वहां सुस्ती लग रही है। कोर सेक्टर में आउटपुट या उत्पादन ज्यादा गति नहीं पकड़ पा रहा है। कोर सेक्टर में विकास दर 4.5 फीसदी रही है। विकास की यह दर छह महीने में सबसे कम है। कोर सेक्टर की विकास दर में लगभग हर महीने उतार-चढ़ाव आना भी कोई अच्छी बात नहीं है। कोर सेक्टर मतलब कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली पर सरकार को ज्यादा ध्यान देना पड़ेगा। हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि इन उत्पादों के मामले में विदेश पर हमारी निर्भरता ज्यादा न बढ़े। आखिर कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट क्यों आ रही है? सरकार का घाटा क्यों बढ़ रहा है? 13.5 प्रतिशत की तिमाही विकास दर खुशी का अवसर भले हो, लेकिन हमें अभिभूत नहीं होना चाहिए। बहुत सी कमियां हैं, उन्हें जल्दी दूर करना होगा। विकास में तेजी जरूरी है, लेकिन उससे भी जरूरी है कि हर किसी तक उसका लाभ पहुंचे।

**पिछली पीढ़ियों ने बहुत से ऐसे पारंपरिक खेल खेले हैं, जिन्हें खेलों की प्रचलित दुनिया में शायद खेल नहीं माना जाता। कंकड़ों से गिट्टू, लंगड़ी टांग, चोर-सिपाही, खो-खो, जिसमें यही गाते हुए बच्चे दौड़ते थे....**

# जमीनी प्रयास से फिरेंगे पारंपरिक भारतीय खेलों के दिन



क्षमा शर्मा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

> **स्थानीय खेलों को खेलने में कोई खास खर्च भी नहीं आता, क्योंकि ये खेल स्थानीय साधनों से ही खेले जा सकते हैं। अपने बच्चों को उनकी सांस्कृतिक विरासत, जिसमें खेल भी शामिल हैं, बताने की जरूरत है।**

पिछली पीढ़ियों ने बहुत से ऐसे पारंपरिक खेल खेले हैं, जिन्हें खेलों की प्रचलित दुनिया में शायद खेल नहीं माना जाता। कंकड़ों से गिट्टू, लंगड़ी टांग, चोर-सिपाही, खो-खो, जिसमें यही गाते हुए बच्चे दौड़ते थे, कोड़ा जमाल शाही, पीछे देखा आफत आई। लेकिन बच्चों की दुनिया में वक्त के साथ बदलाव आया। स्कूलों में फुटबॉल, टेनिस, बैडमिंटन, क्रिकेट खेले जाने लगे। इनकी अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का सीधा प्रसारण भी होने लगा। तकनीक के बदलाव के साथ वीडियो गेम्स, कंप्यूटर गेम्स ने बच्चों की दुनिया में जगह बनाई और वे तमाम घरेलू खेल जिन्हें बच्चे खेलते थे, बच्चों की दुनिया से एक तरह से विदा हो गए।



बहरहाल, अब समय बदल गया है। भारतीय स्कूलों की गतिविधियों में 75 उन भारतीय खेलों का श्रीगणेश होगा, जिन्हें इस देश में पीढ़ियों से खेला गया है। भगवान गणेश और अन्य देवताओं से जुड़े गुल्ली-डंडा या अन्य पारंपरिक खेलों के प्रसंग अक्सर सुने-सुनाए जाते रहे हैं। मुंशी प्रेमचंद की एक कहानी है गुल्ली-डंडा, जिसकी पंक्तियां हैं, 'विलायती खेलों में सबसे बड़ा ऐब है कि उसके सामान महंगे होते हैं। जब तक कम से कम एक सैकड़ा न खर्च कीजिए, खिलाड़ियों में शुमार ही नहीं हो पाता। यहां गुल्ली-डंडा है कि बिना हर्र-फिटकरी के चोखा रंग देता है; पर हम अंगरेजी चीजों के पीछे ऐसे दीवाने हो रहे हैं कि अपनी सभी चीजों से अरुचि हो गई है।' पारंपरिक खेलों को चलन में लौटाने की कोशिश सराहनीय है। इन खेलों को शामिल करने के जो प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं, वे हैं- बच्चों में सामूहिकता की भावना बढ़ाना, ज्यादा से ज्यादा शारीरिक गतिविधियां और अपनी संस्कृति से परिचित कराना।

सच है, इन स्थानीय खेलों को खेलने में कोई खास खर्च भी नहीं आता, क्योंकि ये खेल स्थानीय साधनों से ही खेले जा सकते हैं। अपने बच्चों को उनकी सांस्कृतिक विरासत, जिसमें खेल भी शामिल हैं, बताने की जरूरत है। यह भी कहा जा रहा है कि खेलों से देश की एकता भी बढ़ेगी। लोगों को इन खेलों को फिर से मुख्यधारा के जीवन में शामिल करना पसंद भी आएगा। इंडियन ट्रेडिशनल गेम्स फेस्टिवल, सिंगापुर में हर साल होता है। इसकी परिकल्पना का उद्देश्य था, भारत के पारंपरिक खेलों के बारे में जागरूकता पैदा करना और दुनिया को इनके बारे में बताना। यह फेस्टिवल पिछले आठ सालों से सिंगापुर में आयोजित किया जा रहा है। पहले पहल इसमें करीब तीन सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया था, पर अब इनकी संख्या ढाई हजार से ऊपर जा पहुंची है। इन पारंपरिक खेलों में किसी भी तरह के महंगे उपकरण अथवा ड्रेस कोड की कोई जरूरत नहीं होती है। इसलिए इन्हें गरीब-अमीर कोई भी खेल सकता है। बच्चे पारंपरिक खेलों को किस तरह अच्छे से अच्छा खेलें, इसके लिए वे अपने घर के बड़ों से भी मदद ले सकते हैं, क्योंकि उन्होंने भी अपने बचपन में इन खेलों को खूब खेला होगा। यह भी कहा गया कि बहुत से स्कूलों में फुटबॉल या बास्केटबॉल खेलने की सुविधाएं अगर न भी हो, तब भी अपने इन पारंपरिक खेलों को बच्चे खेल सकते हैं और स्वस्थ रह सकते हैं। वे खुद-ब-खुद जीत-हार की रणनीति बना सकते हैं। ये खेल एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक अपने आप ही पहुंचते रहे हैं। इन खेलों में किसी तरह का भेदभाव भी नहीं होता। ये खेल शिक्षा को न केवल भारतीयता से जोड़ेंगे, बल्कि अपनी भरी-पूरी सांस्कृतिक विरासत को नए सिरे से समृद्ध करेंगे। इन खेलों को भारतीय ज्ञान की व्यवस्था (इंडियन नॉलेज सिस्टम) के अंतर्गत प्रचारित किया जाएगा।

हालांकि, कहीं यह कवायद कागजी ही न रह जाए। इस नई योजना को जमीनी स्तर पर लागू करना आसान नहीं होगा। इसे आसान बनाने के लिए खेल शिक्षकों को भी प्रशिक्षित करना पड़ेगा। अभी पूरा जोर क्रिकेट, हॉकी या फुटबॉल पर होता है, लेकिन अब खेल शिक्षकों की जिम्मेदारी बढ़ जाएगी। पारंपरिक खेलों की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी बढ़ाना पड़ेगा। कल शायद इन खेलों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शामिल कर लिया जाए और मुमकिन है कि गुल्ली-डंडा भी एशियाई खेलों या ओलंपिक में खेला जाए। भारत का सम्मान बढ़े, वह दिन सचमुच कितना अच्छा होगा!

*(ये लेखिका के अपने विचार हैं)*

# नौजवान आबादी के लाभ को क्या गंवा रहा है भारत



दिलीप डिसूजा
कम्प्यूटर विज्ञानी
@jagrukjanta.net

'विकसित' देशों के बारे में कौन सी चीज निश्चित रूप से कही जा सकती है? संभवतः बहुत सारी बातें गिनाई जा सकती हैं, लेकिन मेरा जवाब यह है कि वे देश अब बूढ़े हो रहे हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि खुशहाली अपने साथ अच्छी शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य, कम जन्म दर और लंबा जीवन जैसी सौगातें लाती है। जब अपेक्षाकृत कम संख्या में बच्चे पैदा होते हैं और पहले से पैदा लोग स्वस्थ और लंबा जीवन जीने लगते हैं, तो नतीजा स्पष्ट दिखता है। यानी समय के साथ नौजवानों की आबादी सिमटने लगती है और बुजुर्गों की बढ़ने लगती है। भारत के साथ कमोबेश यही स्थिति है। हम अपने जनसांख्यिकीय लाभांश की बात बराबर करते हैं, यानी हमारी कामकाजी आबादी में युवाओं की संख्या ज्यादा है। यह सच भी है। मगर इस पर दो तरीकों से चिंतन किया जा सकता है। एक, हमारे नौजवान हमेशा से देश की आबादी का एक बड़ा हिस्सा रहे हैं, यानी हमारे पास पूर्व से यह जनसांख्यिकीय लाभांश रहा है। दूसरा, यह विशेष लाभांश लगातार कम हो रहा है, क्योंकि हम धीरे-धीरे बुजुर्ग होती आबादी बन रहे हैं।



इस तथ्य के पक्ष में कुछ आंकड़े पेश किए जा सकते हैं। मसलन, आजादी के समय हमारी जीवन प्रत्याशा महज 40 साल थी, जो आज बढ़कर अब करीब 70 वर्ष हो गई है। कुल आबादी में 35 से 60 साल के आयु-वर्ग की हिस्सेदारी 1971 में 21.4 फीसदी थी, जो साल 2001 में बढ़कर 22.2 प्रतिशत हो गई। 2011 में कुल आबादी में 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की भागीदारी 5.17 फीसदी थी, जो पिछले साल बढ़कर 6.78 प्रतिशत हो गई। इसके मुकाबले 14 साल से कम उम्र की हिस्सेदारी 30.4 प्रतिशत (2011) से घटकर 25.78 फीसदी (2021) हो गई है। यही नहीं, कुल प्रजनन दर (एक महिला के अपने जीवन काल में बच्चे जनने की औसत दर) भी घटकर दो हो गई है, जो आजादी के समय छह थी। जाहिर है, कम बच्चे, यानी कम नौजवान। हमने प्रतिस्थापन स्तर की प्रजनन क्षमता भी हासिल कर ली है, जिसका अर्थ है, प्रत्येक दंपति दो बच्चे पैदा करता है, जो उसे जनसंख्या में प्रतिस्थापित करते हैं। इससे आबादी स्थिर हो जाती है। ये सभी आंकड़े इसी बात की तस्दीक करते हैं कि जैसे-जैसे भारत 'विकसित' हो रहा है, बुजुर्ग होती आबादी इसके खाते में आ रही है। *(ये लेखक के अपने विचार है)*

## ओपिनियन

# चीन में परिवर्तन की शुरुआत : कुछ रोचक बातें



डॉ. रामावतार शर्मा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

बीजिंग ब्रॉडकास्टिंग संस्थान का क्षेत्र 2002 में एक गांव जैसा था जहां पर छोटे किसान गलियों के किनारे बैठ कर गाजर और गोभी बेचते थे परंतु अगले दो वर्षों में यह दृश्य गायब हो गया. गलियों की जगह सीधी लंबी सड़कों ने ले ली। देखते देखते चमकते, दमकते शोरूम, मॉल्स और उच्च अट्टालिकाएं यूं खड़ी हो गई मानो कोई सपनों ने मूर्त रुप ले लिया हो. छह शानदार रिंग रोड दो साल में तैयार हो गई और हवाईअड्डे जाने के लिए छह लेन का सिल्क जैसा राजमार्ग यकायक सामने आ गया। कभी अफीम के नशे में डूबा रहने वाला देश विश्व में सबसे ज्यादा सीमेंट और स्टील की खपत करनेवाला राष्ट्र बन गया। चीन में रह रही भारतीय लेखिका पल्लवी अय्यर आश्चर्यचकित हो कर सोचने लगी कि क्या ऐसा विश्व में और कहीं होना संभव है ! उनकी पुस्तक स्मोक एंड मिरर में चीन के बारे में बहुत कुछ जानने को मिलता है और भारत के लोगों को जानना भी चाहिए।

कुछ लोगों का यह कहना कि चीन का विकास इस लिए संभव हुआ है कि वहां एक भाषा और एक ही संस्कृति है, तथ्यों से परे की बात है। चीन के विभिन्न हिस्सों के लोगों के वहां की भाषा बोलने के लहजे में इतना ज्यादा अंतर होता है कि एक क्षेत्र के लोग दूसरे क्षेत्र की भाषा को बिना इशारों के नहीं समझ सकते हैं। सांस्कृतिक तौर पर भी हान चीनी लोग दो तरह के होते हैं - होक्किन और हाक्का। वैसे तो चीन में कहावत है कि " जहां जहां सूरज है वहां कोई न कोई चीनी जरूर मिलेगा और जहां भी चीनी होंगे कोई न कोई हाक्का भी होगा" पर प्राचीन चीन में प्रताड़ना और नर संहारों के शिकार हुए हाक्का लोग दक्षिणी चीन में रहते हैं जिन्हे होक्किन लोग चोर, उच्चके और निम्न श्रेणी के मानते हैं।

चीन की राजधानी विरोधाभासों से भरी हुई हो चली थी। चीनी कम्युनिज्म के जन्मदाता माओ की विशाल तस्वीर के सामने ही पूंजीवाद के प्रतीक स्टारबक्स तथा अमेरिकन एक्सप्रेस के भवन दिखे, गठीले बदन के युवक युवतियां अमेरिकन जींस और टीशर्ट में गर्वित महसूस करते नजर आए. मार्क्सवाद और माओवाद की कक्षाओं में शीघ्र से शीघ्र धनी कैसे बना जाए इस पर ही सपने देखे और दिखाए जाने लगे। चूंकि चीन के लोग सारे विश्व से कटे हुए रखे जाते हैं, अनभिज्ञ हैं इसलिए उनके जीवन का एकमात्र उद्देश्य अधिक से अधिक पैसा कमाना हो गया है. इस मनोवृति को देख कर माओ और मार्क्स की आत्माएं जरूर अपना सिर धुन रही होंगी।

चूंकि जीवन की और सब स्वतंत्रताओं पर रोक है तो वहां के लोग रात दिन काम करते रहते हैं जिससे कार्य कुशलता और प्रशिक्षण गजब का हो चला है, उत्पादकता बेमिसाल हो गई है। जैसा कि सर्वविदित है कि चीन में एक ही संतान की इजाजत रही थी तो मां बाप अपने बच्चे को बहुत ही सुरक्षा में रखते हैं जिसके कारण चीन का आम नागरिक बहुत भीरूऔर डरपोक हो गया है और निरंकुश शासक ऐसा ही तो चाहते हैं फिर चाहे वे साम्यवादी हों, पूंजीवादी हों, धर्म आधारित हों या जनतांत्रिक हों। हर शासक के अंतर्मन में सदा से ही निरंकुशता पोषित होती रही है।

चीन के बहुत से युवक कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य इस लिए बनाना चाहते हैं ताकि व्यापार बढ़ाने में आसानी हो पर उनके मां बाप इस बात से घबराते हैं क्योंकि चीनी जनभाषा में कॉमरेड का अर्थ होता है समलेंगी. चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के अधिकतर कट्टर वामपंथी अविवाहित लोग ही हैं। चीन का हर तरह का मीडिया सरकार द्वारा नियंत्रित है इसलिए वहां के लोग भारत के साथ हुए युद्ध के बारे में कुछ नहीं जानते हैं। उन्हें बस दिल्ली, मुंबई और कोलकत्ता की कच्ची बस्तियां और गंदे नाले दिखा कर बताया जाता रहा है कि यदि आबादी बढ़ाओगे तो तुम्हारी भी यही हालत हो जायेगी।

भारतीय पत्रकार और लेखक पल्लवी अय्यर जो कि कई वर्षों तक चीन में रही हैं और अपने अनुभवों पर एक किताब भी लिखी है। वे वहां अंग्रेजी की शिक्षिका भी रही थीं। एक बार जब उन्होंने उत्सुकतावश बहुत ही धीमी आवाज में अपनी एक छात्रा से चेयरमैन माओ के बारे में राय मांगी तो छात्रा ने भी फुसफुसा कर कहा कि चेयरमैन माओ 70 प्रतिशत सही और 30 प्रतिशत गलत थे तो रोमांचित पल्लवी ने अपने भविष्य के पति स्वीडन के नागरिक जुलियो को अपनी इस "रोमांचक खोज" के बारे में बताया तो जूलियो ने ठहाका लगा कर इस सर्वविदित "गोपनीय," बात के बारे में कहा कि यह तो चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की आधिकारिक नीति है कि चेयरमैन सदा 70 प्रतिशत सही होता है क्योंकि दस में से सात

# मुफ्त नहीं, खर्च के नए नियम बनें



विद्या महांबारे
प्रो. अर्थशास्त्र,
जीएलआईएम
@jagrukjanta.net

विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा दी जाने वाली मुफ्त सुविधाओं को लेकर पूरे देश में बहस छिड़ी हुई है। मुफ्त सुविधाओं से मतलब उन सेवाओं और उत्पादों से है, जो हुकूमतें अपने तमाम नागरिकों को या कुछ खास लोगों को मुफ्त में मुहैया कराती हैं। हमने हाल ही में किसानों की कर्जमाफी को लेकर एक अध्ययन किया है, जिसको अमूमन विवादास्पद माफी माना जाता है। साल 2001-02 व 2018-19 के बीच देश के 16 प्रमुख गैर-विशेष श्रेणी के राज्यों में से 11 ने 19 बार कृषि कर्ज माफ करने की घोषणा की है। इन राज्यों में केरल, पंजाब, महाराष्ट्र व तमिलनाडु जैसे समृद्ध राज्य भी हैं और उत्तर प्रदेश जैसे पिछड़े सूबे भी। हमारी गणना के मुताबिक, कर्जमाफी की राशि राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) की 0.9 प्रतिशत से लेकर 4.6 फीसदी तक थी।

कर्नाटक ने चार बार माफी की घोषणा की, जिसके बाद छत्तीसगढ़ ने तीन बार। चुनाव से पहले तत्कालीन सरकारों ने पांच बार ऐसी घोषणाएं कीं, जबकि 12 बार यह घोषणा घोषणापत्र को लागू करने के एवज में चुनावी जीत के बाद की गई। सिर्फ दो बार कर्जमाफी दो चुनावों की बीच की गई। भारत के दक्षिणी राज्यों (कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना, जो अपेक्षाकृत समृद्ध हैं) ने 19 में से नौ बार इस छूट की घोषणा की है, जबकि बिहार और पश्चिम बंगाल ने कभी भी ऐसी घोषणा नहीं की। 60 फीसदी मामलों में यह माफी चुनाव से पहले घोषित की गई, फिर भी तत्कालीन सरकार जनादेश नहीं पा सकी, जो बताता है कि मतदाता समझदार हैं। साफ है, कृषि ऋष्टा माफी न पार्टी की विचारधारा से जुड़ी है और न ही पक्षधरता से, यह विशुद्ध रूप से अवसरवादी राजनीति का उदाहरण है। इससे सबसे बड़े वोटर समूह, यानी किसानों को साधने का प्रयास किया जाता है।

मगर कर्जमाफी जैसी घोषणाओं को लागू करते समय राज्य सरकारों को दुविधा का सामना करना पड़ता है। दरअसल, केंद्र सरकार द्वारा राजकोषीय नियम अपनाने के बाद, ज्यादातर राज्य सरकारों ने 2006 में राजकोषीय उत्तरदायित्व कानून (एफआरएल) को लागू किया, जिसमें यह प्रतिबद्धता जताई गई कि 2009 तक अपने राजकोषीय घाटे को जीएसडीपी की तीन फीसदी से कम रखा जाएगा। हालांकि, घाटे की भरपाई के लिए पहले भी केंद्र इस पर नियंत्रण रखता था कि राज्य बाजार से कितना उधार ले सकता है, फिर भी इस राजकोषीय नियम में फिजूलखर्ची को कम करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। राजकोषीय नियम का पालन न करने पर सरकार की प्रतिष्ठता खतरे में आती है। यहां तक कि समग्र राजकोषीय नियम की उपस्थिति में सरकारें कुल खर्च को बढ़ाए बिना सरकारी खर्च का ढांचा बदल सकती हैं। माफी नीति मौजूदा खर्च तो बढ़ाती ही है, सरकार को पूंजीगत खर्च रोकने को बाध्य भी करती है, जिसमें सिंचाई भी शामिल है, जो कृषि के लिए फायदेमंद मानी जाती है। वित्तीय फिजूलखर्ची को आखिर कैसे रोका जाना चाहिए? यह कहना कठिन है कि कौन सी मुफ्त सुविधाएं जारी रहनी चाहिए और कौन सी नहीं। यह जन-साधारण पर उनके असर से तय होता है। इसके अलावा, सरकारें नए-नए समूहों को आकर्षित करने के लिए भी यह काम कर सकती हैं। हालांकि, हमें नहीं भूलना चाहिए कि लोकतंत्र में चुनी हुई सरकारों के पास इस संदर्भ में फैसले लेने का अधिकार होता है।

ऐसे में, मुफ्त सुविधाओं पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश करने के बजाय बेहतर होगा कि हम खर्च नियम या शून्य राजस्व घाटा नियम अपनाने पर विचार करें। घाटे को संयोजित करते हुए कई देशों ने व्यय नियम अपनाए हैं, जिसमें उनको कई रूपों में सफलता मिली है। मिश्रा एट अल (2021) ने पूंजीगत व्यय से राजस्व खर्च का अनुपात 4-5 की सीमा में रखने संबंधी लक्ष्य बनाने का सुझाव दिया है और पूंजी परिव्यय में वृद्धि की एक विशेष दर को लक्षित करने की बात कही है।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



भगवान शिव का शिव गायत्री मंत्र है- ओम् तत्पुरुषाय विद्महे, महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्। ऐसे भगवान शिव को हमारा नमस्कार। शिव महापुराण रुद्रसंहिता में भगवान विष्णु कहते हैं- हे सदाशिव! भगवान आप प्रधान प्रकृति और अप्रधान प्रकृति से अतीत हैं। आपके अनेक भाग हैं, फिर भी आप भाग रहित हैं। आप ज्योतिर्मय स्वरूप वाले परमेश्वर हैं। आप कौन मैं (विष्णु) कौन और ब्रह्मा कौन, ये आप परमात्मा के ही तीन अंश हैं, जो सृष्टि, पालन और संहार करने के कारण एक-दूसरे से भिन्न प्रतीत होते हैं। आप (सदाशिव) ने स्वयं ही लीलापूर्वक शरीर धारण किया है। आप निर्गुण ब्रह्मरूप से एक हैं। आप ही सगुण ब्रह्म हैं और हम ब्रह्मा, विष्णु तथा रुद्र तीनों आपके अंश हैं, जैसे एक ही शरीर के भिन्न-भिन्न अवयव मस्तक, ग्रीवा आदि नाम धारण करते हैं, तथापि उस शरीर से वे भिन्न नहीं हैं, उसी प्रकार हम तीनों अंश आप परमेश्वर के ही अंग हैं। जो ज्योतिर्मय आकाश के समान सर्वव्यापी एवं निर्लेप स्वयं ही अपना धाम, पुराण, कूटस्थ, अव्यक्त, अन्त, नित्य तथा दीर्घ आदि विशेषणों से रहित निर्विशेष ब्रह्म हैं, वही आप शिव हैं। अतः आप ही सब कुछ हैं। **शिवोपासना विश्व की अति प्राचीन उपासना है-** समस्त वेद पुराण आदि धर्मग्रंथों में भगवान शिव की पूजा आराधना का सबसे अधिक महत्व बताया गया है। शिव निर्गुण नीराकार सच्चिदानन्द धन परात्पर परब्रह्म हैं। **क्रमशः**

## जागरूक जनता Selfie विद डॉटर




### हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

बुधवार, 07/09/2022

**सूर्योदय** : 06:06 **सूर्यास्त** : 18:35 **चन्द्रोदय** : 16:52 **चन्द्रास्त** : 02:06 **शक सम्वत** : 1944 सुभाकृतु **अमान्ता महीना** : भाद्रपद **पूर्णिमांत** : भाद्रपद **सूर्य राशि** : सिंह **चन्द्र राशि** : मकर **पक्ष** : शुक्ल **तिथि** : द्वादशी, 24:04 तक **वार** : बुधवार **चन्द्रमास भाद्रपद** : पूर्णिमान्त **भाद्रपद** - अमान्त **शक सम्वत** : 1944 शुभकृत **विक्रम सम्वत** : 2079 राक्षस **गुजराती सम्वत** : 2078 प्रमादी

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : उत्तराषाढ़ा, 15:52 तक
**योग** : शोभना, 25:12 तक
**प्रथम करण** : बावा, 13:35 तक
**द्वितिय करण** : बालवा, 24:04 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:30 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:53 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | 11:54 ए एम से |
| विजय मुहूर्त | 02:26 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 06:26 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 06:38 पी एम से |
| अमृत काल | 02:07 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 11:57 पी एम से |
| रवि योग | पूरे दिन |

### निवास और शूल

दिशा शूल : पूर्व में
चन्द्रवास : पूर्व
राहुवास : उत्तर-पश्चिम
कुंभ चक्रः दक्षिण, पश्चिम

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| चर : 05:46 - 07:26 | रोग : 07:09 - 08:29 |
| लाभ : 07:26 - 09:07 | काल : 08:29 - 09:49 |
| अमृत वार वेला : 09:07 - 10:47 | लाभ कालरात्रि : 09:49- 11:08 |
| काल काल वेला : 10:47 - 12:28 | उद्वेग : 11:08 - 12:28 |
| शुभ : 12:28 - 02:08 | शुभ : 12:28 - 01:48 |
| रोग : 02:08 - 03:49 | अमृत : 01:48 - 03:07 |
| उद्वेग : 03:49 - 05:29 | चर : 03:07 - 04:27 |
| चर : 05:29 - 07:09 | रोग : 04:27 - 05:47 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज द्वादशी

### आज कौन सा कार्य करें

पूर्णमासी को विवाह, शिल्प, मंगल कार्य, संग्राम, वास्तु कर्म, यज्ञ क्रिया, प्रतिष्ठा आदि कार्य कर सकते हैं।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट** : शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

भाद्रपद, शुक्ल, द्वादशी, 2078 बुधवार, 7 सितम्बर - 13 सितम्बर, 2022

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। यात्रा में लाभ होगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्रोत बनेंगे। स्वास्थ्य नरम-गरम, प्रेम और संतान मध्यम है। व्यापारिक दृष्टिकोण से शुभ संकेत दिख रहे हैं।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। रोजी-रोजगार में तरक्की करते दिख रहे हैं। स्वास्थ्य आपका अच्छा है। प्रेम और संतान की स्थिति थोड़ी सी चिंताकारी है। व्यापार आपका अच्छा है।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
व्यापारिक सफलता का योग बन रहा है। कोर्ट-कचहरी में विजय के संकेत हैं। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम और संतान की स्थिति अच्छी दिख रही है।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी सम्भव है। थोड़ा सा गृहकलह दिख रहा है। स्वास्थ्य पहले से बेहतर है। प्रेम और संतान मध्यम है। व्यापार ठीक है। नीली वस्तु का दान करें।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
जोखिम से उबर चुके हैं। रुका हुआ काम चल पड़ेगा। प्रेम और संतान की स्थिति काफी अच्छी है। व्यापार भी पहले से बेहतर कहा जाएगा। शनिदेव की अराधना करते रहें।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। अपनों का साथ होगा। ऊर्जा का स्तर बढ़ा रहेगा। ये सकारात्मक ऊर्जा होगा। स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम, व्यापार बहुत बढ़िया है। लाल वस्तु पास रखें।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
चोट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य मध्यम दिख रहा है। प्रेम और संतान की स्थिति पहले से अच्छी दिख रही है। व्यापार भी बेहतर हो रहा है। भगवान शिव का जलाभिषेक करें।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**धन** का आवक बढ़ेगा लेकिन कुटुम्बीजनों में थोड़ी कलह दिख रही है। पूंजी निवेश न करें। नुकसान की आशंका है। प्रेम, संतान, व्यापार सब बहुत बढ़िया है। मां काली की अराधना करते रहें।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य, प्रेम, संतान पहले से बेहतर है। व्यापारिक दृष्टिकोण से कोई शुभ समाचार मिल सकता है। शनिदेव की अराधना करते रहें।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। समाज में सराहे जाएंगे। प्रेम और संतान की स्थिति अच्छी है। व्यापार भी पहले से शुभ दिख रहा है। गणेश जी की अराधना करते रहें।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। रुका हुआ काम चल पड़ेगा। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य थोड़ा नरम-गरम रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
मानसिक रूप से परेशान हो सकते हैं।अज्ञात भय सताएगा। प्रेम और संतान से दूरी रहेगी। व्यापार भी करीब-करीब मध्यम दिख रहा है।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

रेलवे बोर्ड का फैसला :स्पीड बढ़ाने की कवायद में छीनेगी सुविधा

# रोज 15000 रुपए कमाई देने वाले स्टेशन पर ही रुकेगी एक्सप्रेस ट्रेन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**कोटा।** अब एक्सप्रेस ट्रेन उन्हीं स्टेशनों पर ठहरेगी जहां की टिकट से आमदनी हर दिन कम से कम 15 हजार रुपए होगी। इससे कम आय वाले स्टेशनों पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं होगा। रेलवे बोर्ड के डिप्टी डायरेक्टर कोचिंग विवेक सिन्हा ने इस बारे में 29 अगस्त को आदेश जारी किया है।

बताते हैं कि किसी एक स्टेशन पर रुक कर चलने पर ही लगभग 25 हजार रुपये खर्च हो जाते हैं। जिसमें बिजली, डीजल, कर्मचारियों का वेतन, सफाई व यात्री सुविधाएं शामिल हैं। जिन स्टेशनों पर 20 से कम यात्री सवार होते हैं वहां ठहराव बंद करने पर भी विचार किया जा रहा है। दिल्ली-मुंबई रूट पर अब कई ट्रेन 130 किमी प्रति घंटे की गति से चलने लगी हैं।

मिशन रफ्तार योजना पूरी होने पर ट्रेन 160 किलोमीटर की स्पीड मैंटेन करेंगी। अब तक एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव 5 हजार रुपए प्रतिदिन कमाई वाले स्टेशन पर हो रहा है। 15000 रुपए कर देने से कोटा जिले के कई स्टेशन सुविधा से वंचित हो जाएंगे। निकट भविष्य में हाई स्पीड ट्रेन भी चलने की उम्मीद है जिनका ठहराव काफी कम स्टेशनों पर होगा। दिल्ली से मुंबई की दूरी वर्तमान में ट्रेन करीब 15 घंटे में पूरी करती है। 160 की स्पीड से ट्रेन संचालन होने पर सफर 12 घंटे का रहा जाएगा।

### जनप्रतिनिधियों की सिफारिशों का क्या होगा?

जहां तक एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को लेकर रेलवे बोर्ड का फैसला है उस पर जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा को लेकर कोई बात नहीं कही गई है। क्योंकि जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र के स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की अनुशंसा करते हैं। कई बार मामला रेल मंत्री तक जाता है। बाद में रेलवे बोर्ड ठहराव की घोषणा करता रहा है। लेकिन कई स्टेशनों पर रेलवे बोर्ड इस मापदंड को नहीं माना जाता है।

# प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में आरएएस बधाल ने बताए सफलता के गुर

**सांभरलेक @ जागरूक जनता।** आकोदा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांभरलेक में मुख्य प्रेरक वक्ता डॉ. भागचन्द बधाल, आरएएस ने विद्यार्थियों की केरियर काउंसलिंग के दौरान प्रेरणादायी बातें बताईं। काउंसलिंग में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित कर विजेताओं को जीवन में सफलता प्राप्त करने के आवश्यक सूत्रों वाली पुस्तकें देकर उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सभी छात्रों को करियर गाइडेंस की पुस्तिका भी उपलब्ध कराई गई जिसमें बताया गया है कि विद्यार्थियों के 10वीं, 12वीं एवं स्नातक स्तर के बाद कौन-कौन से अवसर और मार्ग सफलता के लिए उपलब्ध हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आकोदा सरपंच पुष्पा मेघवाल ने की तथा कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य दुर्गा राठौड़, दूदू पंचायत समिति की पूर्व उप प्रधान देवकरण गुर्जर एवं समाजसेवी हनुमान राम डिसानिया ने किया। इस अवसर पर लेखक एसजी जोया, मानव सेतु के संचालक डॉ. आरपी भड़िया, लक्ष्मणसिंह खंगारोत, भागचंद गुर्जर उप सरपंच, नानूराम चौधरी, लक्ष्मीनारायण कुमावत, कल्याण सारण, गोगाराम गुर्जर, नानूराम खटाणा अध्यक्ष जीएसएस आकोदा, सुभाष कुमावत, गणेशलाल सिंघल, गोपाल रणवा एवं दुलीचन्द परेवा पूर्व पार्षद सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# उपाध्यक्ष मंजू शर्मा के जन्मदिन पर किया वृक्षारोपण

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** विप्र कल्याण बोर्ड, राजस्थान सरकार की उपाध्यक्ष मंजू शर्मा के जन्मदिन पर कांग्रेस नेता दिनेश जाटोलिया के नेतृत्व में पर वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण किया गया। जाटोलिया ने बताया है कि विप्र कल्याण बोर्ड शर्मा के जन्मदिन पर बधाई देने वालों का दिनभर तांता लगा रहा। शर्मा को पेड़ पौधों से बहुत लगाव है, और लोगों को पौधारोपण के लिए हर व्यक्ति को जागरूक करती रहती है।

युवाओं की ओर से पर्यावरण संरक्षण मुहिम के तहत पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस मुहिम के तहत सार्वजनिक स्थानों पर बड़ व पीपल, फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। जाटोलिया ने बताया है कि पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरती को बनाए रखने में अपना योगदान दें। उन्होंने युवाओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# उपहार, मिठाई, फूलो के साथ खुशियों की लहर



**जयपुर @ जागरूक जनता।** नागरिक सेवा समूह मुरलीपुरा ने आंगनवाड़ी वैध जी का चौराहा में कुमारी कविया का जन्मदिन वैदिक मंत्रो से पूजा,एवं पुष्पवर्षा कर मनाया, लोकचंद हरिरामानी ने पेस्टी, डॉ. सुनील गुप्ता ने टॉफी, कविता गंगवानी ने बिस्किट पैकेट,गिरधारी शर्मा ने लड्डू सब बच्चों को वितरित किये, सुनील पारीक ने गुलाब माला भेट किया एवं उपहार स्वरूप ओम जी सोनी ने पार्टी वियर ड्रेस, हरिशंकर गौड़ ने ट्रॉय साइकिल, ओम गुप्ता ने कुर्सी-टेबुल सैट, बीना पारीक ने कैरम बोर्ड, प्रहलाद राय ने बैड स्टडी टेबुल,प्रदीप शर्मा ने गौलक मय रु 101/-, गिरधारी टांक abcd क्यूब बॉक्स, कौशल पारीक ने टेड़ी बियर,भवानी सिंह राठौड़ ने स्कूल बैग,भरत खंडेलवाल ने पानी की बॉटल,गोपाल खंडेलवाल ने पिकनिक बैग,बजरंग लाल ने होला हूप रिंग,गौरी भूषण ने मंत्र जाप मशीन, दिव्या शर्मा ने पूजा आरती घंटी, मनी भूषण ने मुरली (बासुरी) भेटकर सब ने बच्ची को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

# टीचर्स डे पर छात्राओं ने किया अपने टीचर्स को सम्मानित



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में शिक्षक दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज की छात्राओं ने अपने टीचर्स को उनके व्यक्तित्व के अनुरूप टाइटल दिए और गिफ्ट देकर उनको सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के चेयरमैन डॉ. राजीव बियानी, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी, डीन डॉ. ध्यानसिंह गोठवाल और कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. नेहा पांडे ने दीप प्रज्वलित कर की।

कॉलेज के चेयरमैन डॉ. राजीव बियानी ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षक होना बहुत भाग्य की बात है। हमें इस गर्व को महसूस करना चाहिए। कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी ने कहा कि शिक्षक का स्थान माता-पिता से भी बढ़कर है, क्योंकि माता-पिता हमें जीवन देते हैं, लेकिन जीवन जीना कैसे है? यह शिक्षक हमें बताते हैं। इस अवसर पर छात्राओं ने नृत्य और गीतों के माध्यम से रंगारंग प्रस्तुतियां दी और अपने शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

# पिंकसिटी प्रेस क्लब की वार्षिक साधारण सभा 24 सितम्बर को

**जयपुर @ जागरूक जनता।** पिंकसिटी प्रेस क्लब, जयपुर की वार्षिक साधारण सभा शनिवार, 24 सितम्बर को प्रातः 11.30 बजे अपने रजिस्टर्ड कार्यालय 54, नारायण सिंह सर्किल जयपुर में प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। क्लब महासचिव रघुवीर जांगिड़ ने बताया कि वार्षिक साधारण सभा की बैठक में वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्यय एवं ऑडिट रिपोर्ट पारित की जाएगी। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए अंकेक्षक एवं कम्पनी सचिव की नियुक्ति की जाएगी। इसके अतिरिक्त क्लब संविधान में आवश्यक संशोधन के लिए बैठक में चर्चा की जाएगी।

# ज्योतिष सम्मेलन में ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री का हुआ सम्मान



**सवाईमाधोपुर @ जागरूक जनता।** माँ कामाक्षा ज्योतिष शोध संस्थान एवं भगवान परशुराम राष्ट्रीय पंडित परिषद ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क सनातन धर्म एवं ज्योतिष महासम्मेलन का आयोजन बीते दिनों किया गया। सम्मेलन में श्री साकेत पंचाङ्गकर्ता ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री को दुपट्टा ओढ़ाकर प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन के संयोजक व भगवान् परशुराम राष्ट्रीय पंडित परिषद् ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री ने बताया कि इस सम्मेलन में देश भर से 300 विद्वानो व विदुषियों ने भाग लिया।

# वियेरा मल्टी- डिजाइन स्टूडियों उद्घाटन समारोह आयोजित



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सी - स्कीम पर तिलक मार्ग, नन्दनम् -1 में वियेरा मल्टी डिजाइनर स्टोर का उद्घाटन समारोह, अर्चना शर्मा द्वारा किया गया। स्टोर डायरेक्टर रचना भूतोरिया एवं साधना भूतोरिया ने बताया कि उनके सभी डिजाइनस और कलेक्शन सभी उम्र के लोगों को पसन्द आने के साथ ही फेस्टिवल व पार्टी वेयर, ट्रेड्रिंग कलेक्शन भी उपलब्ध है। साथ ही स्टिच एवं अन- स्टिच डिजाइनर कलेक्शन ओन डिमांड और आर्डर पर उपलब्ध करवाए जायेंगे। साथ ही वेस्टन वेयर, जैकीट टी-शर्टस, क्लेचस, हेडगेयर और ट्रेडिशनल ड्रेस का भी कलेक्शन देखने को मिलेगा। इस स्टोर की ख़ास बात है की यहाँ आपको एक साथ एक ही स्थान पर वीमेन'स के साथ साथ मेंनस का डिज़ाइनर कलेक्शंस जैसे शर्ट्स, जैकेट, कुरता, कॉर्डसेट, नेहरू जैकेट्स के साथ ही एक्सेसरीज ब्रोचज़, पॉकेट स्क्वायर भी उपलब्ध है।

लंपी बीमारी की रोकथाम के लिए...

# विधायक रामलाल शर्मा ने की 7 लाख रुपयों की अनुशंसा

**चौमूँ @ जारूक जनता।** विधानसभा क्षेत्र चौमूँ में पशुओं में फैल रही लंपी बीमारी की रोकथाम हेतु विधायक रामलाल शर्मा ने विधायक कोष से 7 लाख की राशि जारी करने की अनुशंषा मुख्य कार्यकारी अधिकारी जयपुर को भिजवाई है। विधायक रामलाल शर्मा ने लंपी बीमारी को लेकर चिंता जाहिर करते हुए लंपी बीमारी से प्रभावित पशुओं के उपचार, टीकाकरण, रोग की रोकथाम, संक्रमण नियंत्रण, वैक्सीनेशन एवं अन्य चिकित्सकीय आवश्यकता हेतु राशि जारी की है। उन्होंने कहा कि मैंने विधायक कोष से क्षेत्र में पशुओं के लंपी बीमारी के उपचार हेतु 7 लाख की अनुशंसा भिजवाई है, जल्द ही आवश्यक चिकित्सकीय सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी और पशुओं को बचाने का काम किया जाएगा।

ANCHOR | शख्सियत

# सकारात्मक प्रयास ला सकता हैं एक बड़ा परिवर्तन-दिव्यांशी

ज्ञानेन्द्र मिश्रा
jagrukjanta.net

**भीलवाड़ा @ जागरूक जनता।** भीलवाड़ा की एक लड़की दिव्यांशी शुक्ला उन लोगों के लिए एक मिसाल कायम कर रही है जो बड़े सपने देखते हैं पर दृढ़ निश्चय के साथ खुद के लिए आगे कदम नहीं ले पाते और मुसीबतों को खुद पर हावी होने देते हैं। दिव्यांशी के पिता रविकर शुक्ला एक रेलवे कर्मचारी हैं व माता रमा शुक्ला गृहिणी हैं। दिव्यांशी हमेशा एक औसत विद्यार्थी रही जिसे ज्यादा बात करना पसंद नहीं था। घर में आने वाले मेहमानों से भी वो ज्यादा बात करना पसंद नहीं करती थी या यूँ कहे की चाहते हुए भी वह बात नहीं कर पाती थी। वक्त बीतने के साथ करियर को लेकर अनिश्चितता व डर बढ़ने लगा, यह डर ये सोचकर और बढ़ गया जब उसे गहराई से एहसास हुआ कि वह चाहे किसी भी फील्ड में जाए उसे अपनी बात को किसी के भी सामने रखना आना ही चाहिए। दिव्यांशी ने अपनी झिझक को मिटाने व खुद को सही तरीके से अभिव्यक्त करना सीखने के लिए एक लेंग्वेज स्कूल में एडमिशन लिया।

दिव्यांशी अपने कम्युनिकेशन और व्यक्तित्व पर काम करती रहीं, उन्होंने अंग्रेजी भाषा में महारत हासिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अपनी ग्रेजुएशन पूरी करने के बाद ही अच्छी अंग्रेजी व आत्मविश्वास के चलते बहुत ही कम उम्र में, उन्होंने अपने जिले के एक प्रतिष्ठित स्कूल में पढ़ाना शुरू कर दिया, स्कूल में एक टीचर के रूप में काम करने बाद भी उन्होंने अपनी भाषा व ओरैटरी स्किल्स को बेहतर करना जारी रखा। दिव्यांशी को एक समय महिला दिवस, 2018 के अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ इण्डिया -आईसीएसआई की भीलवाड़ा ब्रांच द्वारा एक वक्ता के रूप में बुलाया गया।



वह अपने टीचर के साथ एक सामाजिक अभियान में शामिल हुईं, जिसके लिए बाद में उनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ और 2019 में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। इसके बाद जल्द ही उन्हें भारत के सबसे बड़े मीडिया प्लेटफॉर्म "जोश टॉक्स" द्वारा आमंत्रित किया गया, जहाँ उन्होंने अपनी जीवन की कहानी को साझा किया। उनके वीडियो को लोगों के द्वारा खूब पसंद किया गया और उन्हें बहुत कम समय में 68 लाख लोगों ने सुना। जोश टॉक्स में अपनी कहानी बताते वक्त उन्होंने एक बात कही थी; जिसे लाखों लोगों के लिए प्रेरणास्पद माना जा सकता है, "एक कम बोलने वाली लड़की के लिए इससे बड़ा और क्या हो सकता है की वह जिस चीज को जैसा सोचती हैं वैसा ही सही भाषा के साथ, सही लहजें में बयां कर पायें"। 2019 से ही दिव्यांशी ब्लॉग, राइट-अप, विडियोस व ऑडीयोज के माध्यम से अपनी बात व भाषा पर उनकी पकड़ को लोगों तक पंहुचा रही है ।

2020 में जोश टॉक्स ने अपने एक एजुकेशनल ऐप जोश स्किल्स पर व्यक्तित्व विकास सिखाने के लिए फिर से दिव्यांशी से संपर्क किया, जिस पर 1 मिलियन से भी अधिक डाउनलोड हैं, जोश टॉक्स को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका हैं। दिव्यांशी ने स्पोकन इंग्लिश के साथ साथ इंग्लिश लिखने की कला को भी अपने अन्दर बेहतर करना जारी रखा और इसी के चलते उन्होंने अपने टीचर के साथ "विल-डेवलपमेंट" नामक एक पुस्तक का सह-लेखन किया। दिव्यांशी दुनिया के सबसे बड़े मीडिया प्लेटफॉर्म टेड एक्स पर भी अपने विचार साझा कर चुकी हैं। जोश टॉक्स और टेड एक्स पर उनकी भाषाई पकड़ को आसानी से देखा और सराहा जा सकता है।

वह अपनी ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से देश भर में कई लोगों को स्पोकन इंग्लिश, कम्युनिकेशन और व्यक्तित्व विकास सिखा रही हैं, इसके साथ ही वह भीलवाड़ा में भी ऑफलाइन क्लासेस में पढ़ाती हैं। दिव्यांशी की भाषा पर कमांड व शब्दों पर बेहतरीन पकड़ के चलते जोश टॉक्स ने उन्हें दो और वार्ता देने के लिए फिर से आमंत्रित किया। दिव्यांशी की कहानी एक ऐसी लड़की की कहानी हैं जिसने अपने ऊपर हमेशा विश्वास किया और सही निर्णयों को लेते हुए वह आगे बढ़ी व उन लोगों के लिए एक सटीक मिसाल बनी जो हमेशा जीवन की नकारात्मकता को कोसते रहते हैं लेकिन सिक्के के सकारात्मक पहलू को कभी नहीं देखते। कैसे कदम दर कदम प्रयास एक बड़ा परिवर्तन ला सकता है, दिव्यांशी का जीवन इसका एक अच्छा उदाहरण है।

यह एक लड़की के अंतर्मुखी होने से एक बेहतरीन अंग्रेजी वक्ता और एक जिम्मेदार अंग्रेजी शिक्षक बनने की प्रेरणादायी व सच्ची कहानी है। दिव्यांशी ने बातचीत के दौरान बताया की उनके जीवन का उद्देश्य खुद की जिन्दगी को सही जीकर आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करना हैं। दिव्यांशी ने कहा की उसके परिवार व दोस्तों ने हर कदम पर उसका साथ दिया इसी कारण वो अपनी प्रतिभा व व्यक्तित्व को बेहतर पर पायी।

# पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत नौसेना में शामिल

## दुश्मन को करेगा आक्रांत, अपना विक्रांत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

■ **कोच्चि:** नौसेना को शुक्रवार को अपना पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत मिल गया। भारत अब उन देशों की लिस्ट में शामिल हो गया, जिनके पास इतने बड़े एयरक्राफ्ट कैरियर बनाने की क्षमता है। अब तक यह क्षमता अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन और रूस के ही पास थी। विक्रांत पर एक वक्त में 12 फाइटर जेट और 6 हेलिकॉप्टर पार्क हो सकते हैं। इसमें दो रनवे हैं। फ्लाइट डेक से दिन-रात किसी भी वक्त टेकऑफ और लैंडिंग हो सकती है। विक्रांत को बेड़े में शामिल करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह रक्षा क्षेत्र में भारत के आत्मनिर्भर बनने का उदाहरण है। यह तैरता हुआ शहर है। पीएम ने कहा, 'विक्रांत विशाल है, विराट है, विहंगम है। अगर लक्ष्य दुरंतर हैं, यात्राएं दिगंत हैं, समंदर और चुनौतियां अनंत हैं, तो भारत का उत्तर है विक्रांत।' पीएम ने कहा कि विक्रांत जब समंदर में उतरेगा, तो उस पर नौसेना की अनेक महिला सैनिक भी तैनात रहेंगी। यह नए भारत की बुलंद पहचान है। भारत की बेटियों के लिए अब कोई बंधन नहीं है। नौसेना का बजट बढ़ाने पर मोदी ने कहा, 'हिंद-प्रशांत क्षेत्र और हिंद महासागर में सुरक्षा चिंताओं को लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया है, लेकिन आज ये क्षेत्र हमारे लिए देश की बड़ी रक्षा प्राथमिकता हैं।'





पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर, PM बोले- ये एक तैरता शहर

42,800 टन है वजन

53 एकड़ का पूरा एरिया

5,000 घर विक्रांत की बिजली से रोशन हो सकते हैं

16 बिस्तरों का अस्पताल भी

एक बार के ईंधन से कोच्चि से ब्राजील कर सकता है सफर

AFP

## नौसेना का नया झंडा, गुलामी का निशान मिटा

भारतीय नौसेना को अपना नया निशान यानी नया झंडा भी मिल गया है। नया निशान छत्रपति शिवाजी की नौसेना के निशान से प्रेरित है। नए झंडे में ऊपर बाएं तरफ तिरंगा और नीचे दाएं तरफ नेवी ब्लू-सुनहरा अष्टकोण है। अष्टकोण की दो सुनहरी लाइन हैं, जिसमें सुनहरा अशोक चिह्न है। इसके नीचे नीले रंग से सत्यमेव जयते लिखा है। अब तक झंडे में लाल रंग का सेंट जॉर्ज का क्रॉस था। पीएम ने कहा कि भारत ने गुलामी के एक बोझ को अपने सीने से उतार दिया।

## विक्रांत से इस सरकार का लेना-देना नहीं: कांग्रेस

कांग्रेस ने केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा कि आईएनएस विक्रांत को 2013 में तत्कालीन रक्षा मंत्री ए. के. एंटनी ने लॉन्च किया था। इस सरकार का विक्रांत से कोई लेना-देना नहीं है। जब इसे बेड़े में शामिल किया जा रहा है, तब मोदी सरकार सत्ता में है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार इसका श्रेय ले रही है, इसलिए यह पाखंड है। यह सभी सरकारों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। क्या पीएम इसे स्वीकार करेंगे? (पीटीआई)

## जागरूक खबरें

### ■ वैष्णव दूसरी बार राष्ट्रीय महासचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित



**केकड़ी @ जागरूक जनता।** अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण महासभा के चुनाव अजमेर छात्रावास में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुए जिसमें केकड़ी निवासी बिरदीचन्द वैष्णव दूसरी बार राष्ट्रीय महासचिव के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। केकड़ी निवासी वैष्णव के इस निर्वाचन पर ओमप्रकाश वैष्णव, बजरंगदास वैष्णव, गोपाललाल, भैरुदास, महावीर प्रसाद, कैलाशचन्द, कृष्णगोपाल, नारायण लाल, नटवरदास, जगदीशदास, संजय कुमार, अनिल कुमार, परमेश्वर टीलावत आदि ने हर्ष व्यक्त कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर श्यामसुंदर नरहरियानंदी हरिद्वार एवं राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष उत्तम वैष्णव चित्तौड़गढ़ का भी निर्विरोध निर्वाचन हुआ। यह आम चुनाव महासभा के संरक्षक रामनिवास वैष्णव के सानिध्य में चुनाव अधिकारी सत्यनारायण अग्रावत द्वारा सम्पन्न कराए गए। आम चुनाव से पूर्व महासभा की ओर से छात्रसंघ चुनाव में विभिन्न महाविद्यालयों से निर्वाचित छात्रसंघ पदाधिकारियों एवं सेवानिवृत्त कार्मिकों का भी सम्मान किया गया।

### ■ 5 ब्लॉक में फिर 12 से होगा खेलों का मेला

**कोटा @ जागरूक जनता।** राजीव गांधी ग्रामीण ओलिंपिक खेल में ब्लॉक स्तर पर स्पर्धाएं 12 से 15 सितंबर तक होंगी। कोटा जिले में लाडपुरा, सांगोद, सुल्तानपुर, खेराबाद, व इटावा ब्लॉक में कबड्डी, शूटिंग वॉलीबॉल, टेनिस बॉल क्रिकेट, खो-खो व वॉलीबॉल में 637 टीमें भाग लेंगी। ग्रामीण ओलिंपिक खेलकूद प्रतियोगिता राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को पंचायत स्तर पर शुरू हुई थी। जिले में 156 पंचायत मुख्यालयों पर चार दिन में 6 खेलों के मुकाबले हुए। इनके लिए 41 हजार खिलाड़ियों का पंजीयन था। इनकी 2769 टीमें बनाई गई थी। चार दिवसीय प्रतियोगिता से जीतकर 637 टीमें आई हैं जो ब्लॉक स्तर पर भाग लेंगी। ब्लॉक की विजेता टीमें जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। जिला स्तर पर जीतने वाली टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। प्रभारी खेल अधिकारी अजीज पठान ने बताया कि खेल ग्रामीण ओलिंपिक खेलकूद की 6 खेलों की स्पर्धाओं के लिए 637 टीमें आएंगी। प्रत्येक ब्लॉक में 12 सितंबर से स्पर्धाएं होगी। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### ■ इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना का शुभारंभ नौ सितम्बर को

**भीलवाड़ा @ जागरूक जनता।** राजस्थान के भीलवाड़ा में इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना का शुभारंभ नौ सितम्बर को होगा। नगर परिषद सभागार में सभापति राकेश पाठक ने बताया कि इस योजना के तहत शहर के पांच हजार लोगों ने आवेदन किया है। इनका वार्डवाईज वर्गीकरण किया गया। इन पांच हजार लोगों द्वारा अब कार्य के लिए आवेदन किया जाना है कि वह अब क्या कार्य करेंगे।

'जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज जन्म शताब्दी महोत्सव' के उपलक्ष्य में ...

## श्रीधरी दीदी के मार्गदर्शन में विशाल भव्य शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**दौसा।** विश्व के पंचम मूल जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज के दिव्य जन्म शताब्दी महोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन उनकी प्रचारिका सुश्री श्रीधरी दीदी की अध्यक्षता में 4 सितंबर को प्रातः दौसा में किया गया । इस रथयात्रा का शुभारंभ बजरंग मैदान से हुआ। शोभयात्रा की झांकी अत्यंत मनोहारी थी जिसमें एक सुसज्जित रथ पर श्री कृपालु जी महाराज, तो दूसरे पर युगल सरकार श्री राधाकृष्ण विराजित थे। घोड़ियों पर सवार सत्संगियों के हाथों में राधे नाम के झंडे फहरा रहे थे। रथ के चारों ओर शोभित छत्र, स्त्री-पुरुषों के नृत्य समूह, बैंड-बाजे, डीजे पर बजते संकीर्तन सहित बैनर्स रथयात्रा की शोभा द्विगुणित कर रहे थे।

### भव्य आरती के बाद शुरू हुआ उत्सव

**शोभायात्रा** से पूर्व भव्य आरती के बाद सुश्री श्रीधरी दीदी ने समस्त विश्व को इस शताब्दी महोत्सव की बधाई दी। इस अवसर पर श्री कृपालु जी महाराज के जन्मोत्सव का केक काटा गया और भक्ति के संदेश से भरे हजारों गुब्बारे आसमान में छोड़े गए। यात्रा के दौरान सैकड़ों भक्तों का उत्साह व उमंग देखते ही बनता था। सत्संगी एक ओर संकीर्तन के रस में डूबकर नृत्य कर रहे थे, वहीं दूसरी ओर वे बीच-बीच में उच्च जयघोष द्वारा वातावरण को गुंजरित कर रहे थे। यात्रा मार्ग में जगह-जगह पर रंगोलियों से सुसज्जित स्वागत द्वार लगे थे जहां पुष्पवर्षा भी की गई। रथयात्रा का समापन सोमनाथ चौराहे पर हुआ।







### राधाष्टमी के साक्षी बने सोमनाथ

**शोभायात्रा** के बाद सोमनाथ मंदिर परिसर में राधाष्टमी का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें संकीर्तन, राधारानी के बाल स्वरूप की आरती, बधाई गान, लुटाई, न्यौछावर, भोग इत्यादि कार्यक्रम सम्पन्न हुए। राधाष्टमी उत्सव के बाद भक्तों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। वहां प्रसाद पाकर भक्तों ने अपने घरों को प्रस्थान किया।

लाखों श्रद्धालु करते हैं दर्शन, दूर-दराज क्षेत्र से भक्त पाते हैं भंडार प्रसादी

## सूरत राम बाबा का लक्खी मेला कल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कस्बा शहर (करौली) @ अनिल मिश्रा।** भाद्रपद शुक्ला द्वादशी को श्रीश्री 1008 श्री सूरत राम बाबा लोक देवता का लक्खी मेला प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम कस्बा शहर में स्थानिय निवासियों द्वारा किया जा रहा है। यहां मेले में गांव के 5 देवताओं का एक साथ भंडारा किए जाने की परम्परा आदिकाल से है। नांदौती, गंगापुर मार्ग पर स्थित कस्बा शहर की पहचान रियासतकाल से है। यहां राजा का किला आज भी विद्यमान है। किले में शेरावाली माँ का मंदिर आज भी है।

मेले को लेकर एक माह पूर्व से स्थानीय नागरिकों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी जाती है। जिसमें खेमराज पटेल, बाबूलाल गोयल, प्रहलाद बेस, महेश, जगदीश सिंह, मानसिंह द्वारा सामग्री व तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

भंडारा प्रसादी के लिए 50 पीपे देसी घी, 36 क्विंटल आटा, 20 क्विंटल चीनी और बेसन की सब्जी करारा का सूरतराम बाबा के भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण की जाएगी। यहां लाखों श्रद्धालु बाबा के भंडारे में पंगत प्रसादी लेंगे। 5 देवता मां शेरावाली, श्री सूरत राम बाबा, आमली वाले भैरव बाबा, देहरा वाले बाबा, हीरामन बाबा और हिंगलाज माता आदि देवी देवताओं का विधि विधान से पूजा अर्चना कर भंडारा आयोजित किया जाता है। यहां प्रातः 7:00 से भंडारे का विधिविधान से शुभारम्भ किया जाएगा। यहां के राजमार्ग से जितने भी साधनों का आवागमन होता है सभी को भंडारा प्रसादी उपलब्ध करवाई जाएगी। मेले के दौरान कस्बा शहर के साथ-साथ अन्य आसपास के गाँवों में भी उल्लास का माहौल देखने को मिल रहा है। यहां के मेले की मान्यता है कि पूरे वर्ष भर यहां खुशहाली का माहौल रहता है। आसपास के गाँवों से ट्रैक्टरों व अन्य साधनों से लोग पूरे लवाजमे के साथ स्थानीय गीत गाते हुए मेले में आते हैं। सूरत राम बाबा के सेवक गिर्राज प्रसाद जैमिनी द्वारा बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। जय बाबा की मनोहर झांकी सजाई जाती है बाबा की भभूत से कैसे भी कीड़े द्वारा खाए हुए व्यक्ति को नया जीवनदान मिलने की मान्यता है।




## वर्तमान परिप्रेक्ष्य में लघु समाचार पत्रो की चुनोतियां पर हुआ मंथन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम के द्वारा प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा में चल रही मुहिम के तहत जयपुर पिंक सिटी प्रेस क्लब में वरिष्ठ पत्रकार वशिष्ठ कुमार शर्मा जी की स्मृति में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में लघु समाचार पत्रों की चुनोतियाँ विषय पर परिचर्चा का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री बी.डी. कल्ला, बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष कैबिनेट मंत्री डॉ. चंद्रभान, राजस्थान फाउंडेशन के आयुक्त धीरज श्रीवास्तव, मुख्य वक्ता महानगर टाइम्स के संपादक गोपाल शर्मा, मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी फारूक आफरीदी, वरिष्ठ पत्रकार जगदीश शर्मा, विनोद भारद्वाज, राजस्थान सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के अतिरिक्त निदेशक अरुण शर्मा, सेवानिवृत्त आईएएस मनोज शर्मा, अतिरिक्त निदेशक पिंक सिटी प्रेस क्लब के तीन बार अध्यक्ष रहे फोरम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधारमण शर्मा, पूर्व अध्यक्ष नीरज मेहरा, पिंकसिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुकेश मीणा, पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौड़, एल.एल.शर्मा, नीरज, किशोर शर्मा सहित वरिष्ठ पत्रकार, लेखक और साहित्यकार मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ज्योति जोशी ने किया।

राजस्थान छात्र संघ चुनाव-2022

## इनसो के विजयी प्रत्याशियों का सम्मान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** राजस्थान छात्र संघ चुनाव-2022 में छात्र संघ के हुए चुनावों में इंडियन नेशनल स्टूडेंट्स आर्गेनाइजेशन के विजयी प्रत्याशियों का होटल क्लार्क आमेर में सम्मान किया गया। हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह चौटाला ने विजयी प्रत्याशियों का सम्मान करते हुए अपने स्वागत संबोधन में कहा कि छात्रसंघ चुनावों को राजनीति की नर्सरी माना जाता है। इन चुनावों में हमारे संगठन ने सम्पूर्ण विश्वविद्यालयों में सघन सम्पर्क किया और एक बहुत ही अच्छी विजय हासिल की है। हमारे संगठन के छात्रों नो उसी प्रकार आम छात्र से जुड़ाव किया जैसा कभी स्व. चौ. देवीलाल का आमजनता से हुआ करता था। इस अवसर पर कई छात्र नेताओं ने इनसो की सदस्यता ग्रहण की। चटाला ने कहा कि यह चुनाव 2023 का रिहर्सल है अगले चुनाव में इससे भी ज्यादा जीत हासिल करेंगे। विजयी प्रत्याशियों में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विवि जोधपुर से विकास कुमार अध्यक्ष, हनुमानगढ़ जिले में स्वामी विवेकानन्द कॉलेज टिब्बी से बबनदीप सरां अध्यक्ष, एसडी कॉलेज से सुखप्रीत सिंह अध्यक्ष, एमडी कॉलेज रावतसर से तुषारसिंह राठौड़ अध्यक्ष, जिला गंगानगर से डॉ. राधाकृष्णन गर्ल्स कॉलेज से सपना गोदारा अध्यक्ष एवं मंजू जंडू उपाध्यक्ष, परमानंद डिग्री कॉलेज से नीरज अध्यक्ष, जयपुर से डीसीएस कॉलेज से हंसराज चौधरी अध्यक्ष एवं रामभजन गुर्जर महासचिव, एलबीएस कॉलेज कोटपूतली से संदीप जाट सचिव, राजस्थान कॉलेज से लक्ष्य (समर्थित) अध्यक्ष, अलवर जिला के कोटकासिम संस्कृत कॉलेज से पंकज पंवार, अध्यक्ष, ओम श्रेष्ठ भारतीय उपाध्यक्ष, धीरज आचार्य महासचिव एवं सपना कुमारी सचिव, झुंझुनू जिले के राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर से विकास कंवर अध्यक्ष, ज्योति गहनोलिया उपाध्यक्ष एवं पूजा कुमारी महासचिव पद पर विजयी हुए हैं।

## बाजिया को मिला शिक्षक सम्मान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**सिरोही।** शिक्षक दिवस के अवसर पर राजस्थान सरकार द्वारा ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान 2022 के लिए ब्लॉकपिंडवाड़ा जिला सिरोही से महेन्द्र बाजिया सहित तीन शिक्षकों कोसम्मानित किया गया। महेन्द्र सिंह बाजिया राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कासिंद्रा में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत है तथा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों का प्रयोग करते हुए शिक्षण प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए प्रयासरत हैं आपने गांव के भामाशाहों से सहयोग प्राप्त कर विद्यालय में भौतिक सुख सुविधाओं के लिए काम किया है कोरोना काल में स्टाफ साथियों के सहयोग से प्रत्येक बालक तक पहुँच सुनिश्चित एवं विद्यालय में गार्डन विकसित किया है राज्य सरकार के स्माइल कार्यक्रम में आपके द्वारा बनाए गई शिक्षण सामग्री का प्रसारण पूरे प्रदेश में हुआ जिससे बच्चों को शिक्षण सामग्री सुगमता से प्राप्त हुई। ब्लॉक स्तर पर शिक्षक सम्मान समारोह में पिंडवाड़ा के उपखंड अधिकारी हसमुख कुमार मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजय माथुर अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार प्रधानाचार्य मनोहरलाल, देवाराम मीणा हनुमान प्रसाद चौधरी व अन्य प्रधानाचार्य व शिक्षक उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह

## सम्मान पाकर खिले चेहरे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त सुरेंद्र सिंह जाड़ावत के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला स्तर पर राउमावि सतपुड़ा के व्याख्याता विकास कुमार अग्रवाल, राउप्रावि के गोपाल लाल बैरवा और राप्रावि की पूजा पाराशर तथा ब्लॉक स्तर के लिए पूजा सोनी, गौरीशंकर एवं सूर्यप्रकाश गर्ग को शॉल, माला एवं उपरणा पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र,स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

समारोह को सीडीईओ समग्र शिक्ष प्रमोद कुमार दशोरा, डीईओ माध्यमिक मुख्यालय कल्पना शर्मा,सीबीईओ चित्तौडगढ़ जयारानी राठौड़, एसबीआई के मुख्य प्रबंधक अकरम मंसूरी एवं सम्मानित शिक्षक प्रतिनिधि के तौर पर विकास कुमार अग्रवाल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर एसबीआई की ओर से सीडीईओ समग्र शिक्षा प्रमोद कुमार दशोरा, डीईओ माध्यमिक मुख्यालय कल्पना शर्मा, डीईओ प्रारंभिक राजेन्द्र शर्मा,सीबीईओ चित्तौडगढ़ जयारानी राठौड, प्रधानाचार्य प्रकाशचन्द्र शर्मा, शंभूलाल भट्ट एवं पीटीआई रेखा चौधरी का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में एसीबीईओ नरेन्द्र कुमार गदिया, एपीसी योगेश अडानिया, अतिरिक्त निदेशक राजराजेश्वर चौहान प्रधानाचार्य अनुराधा आर्य, ज्योति लड्ढा, दिलीप जैन, पीटीआई पारसमल टेलर सहित शिक्षक, जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में राबाउमावि शहर की बालिकाओं के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई।

## टीचर्स डे मनाया




जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद् करते नारायण सेवा संस्थान के नारायण चिल्ड्रन एकेडमी में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। निदेशक वंदना अग्रवाल ने उपस्थित बच्चों को शिक्षा के प्रति समर्पित भाव और निरन्तर सीखने की प्रवृति रखने की प्रेरणा दी। एकेडमी के शिक्षकों का माला, पगड़ी, उपरना पहनाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जागरूक खबरें

### ■ एकांशी शर्मा ने जीता काँस्य पदक



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में आयोजित हुई तृतीय कराटे नेशनल चैम्पियनशिप में जयपुर के भांकरोटा निवासी एकांशी शर्मा ने 9 - 10 वर्ष की आयु में काँस्य पदक जीता है। एकांशी ने 2 अगस्त 2022 को एसएमएस स्टेडियम में सम्पन्न हुई राज्यस्तरीय कराटे चैम्पियनशिप में इसी आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।

### ■ अध्यापिका रीना ब्लॉक स्तर पर सम्मानित

**केकड़ी @ जागरूक जनता।**



विद्यालय की अध्यापिका रीना कुमारी को उत्कृष्ट शैक्षिक कार्यों के लिए 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। शिक्षिका रीना को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र एवं 5100 रुपये की राशि प्रदान की गई। उन्होंने वरीयता निर्धारण के लिए लागू सौ अंको की सूक्ष्म अंक योजना में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर कक्षा 1 से 5 वर्ग में केकड़ी ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनके सम्मानित होने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक परमानन्द पारीक, शारीरिक शिक्षक राजेश कुमार उपाध्याय, शिक्षक दिनेश कुमार वैष्णव, अध्यापिका सुनिता चौधरी एवं शबाना बानो ने हर्ष व्यक्त किया।

### ■ सीकर अरबन को-ऑपरेटिव बैंक के बजट प्रस्तावों का अनुमोदन

**सीकर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में सीकर अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. सीकर की 30वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया जिसमें वित्त वर्ष 2021-22 के संदर्भ में कार्य परिणाम, लाभ-हानि खाता सहित आय-व्यय की संपुष्टि एवं सत्र 2022-23 के बजट प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर अनुमोदन प्रदान किया गया। बैंक के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी।

चित्तौड़गढ़ नगर परिषद क्षेत्र में2 हजार लावारिस कुत्ते, नसबंदी 3 हजार कुत्तों की दिखाकर भुगतान उठाने की तैयारी

# कागजों में एक हजारों कुत्तों की नसबंदी का भुगताने उठाने को तैयार ठेकेदार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़ @ इलियास मो. शेख।** नगर परिषद चित्तौड़गढ़ द्वारा नगर परिषद क्षेत्र में लावारिस 3000 कुत्तों के बंध्याकरण नसबंदी हेतु 30 लाख रुपए का भुगतान करने जा रही है। जबकि पशुपालन विभाग के उपनिदेशक से प्राप्त जानकारी के अनुसार चित्तौड़गढ़ नगर परिषद क्षेत्र में मात्र दो हजार स्ट्रीट डॉग (लावारिस कुत्ते) हैं एवं लगभग 400 पालतू कुत्ते हैं। उप निर्देशक पशुपालन चित्तौड़गढ़ मूंदड़ा ने हमारे संवाददाता को



नगर परिषद क्षेत्र चित्तौड़गढ़ में विद्यमान कुत्तों के बारे में जानकारी करने पर बताया कि अजमेर पशुपालन विभाग द्वारा चित्तौड़गढ़ शहर के कुत्तों की गिनती में यह आंकड़ा आया है लेकिन विडंबना ही है कि 2002 के जवाब में 3000 कुत्तों के बंध्याकरण नसबंदी हेतु 30 लाख रुपैया का भुगतान करने जा रही है, जो की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। कभी भी जयपुर की इस फर्म को इस कार्य हेतु 30 लाख रूपए दिए जा सकते हैं लेकिन अतिरिक्त 1000 कुत्ते कहां से आए इसका जवाब नगर परिषद के अधिकारी के पास नहीं है।

यह नसबंदी कहां हुई कैसे हुई यह प्रक्रिया भी सार्वजनिक नहीं की गई। जबकि लगभग 30 लाख रुपए के भुगतान प्रक्रिया की पुष्टि आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने हमारे प्रतिनिधि को बकायदा फाइल देखकर संबंधित को बुलाकर की है। प्रश्न यह अनुत्तरित है कि जब पशुपालन विभाग चित्तौड़गढ़ के जिम्मेदार आला अधिकारी नगर परिषद क्षेत्र में अधिकृत गणना अनुसार 2000 कुल कुत्ते बता रहे हैं, तब नगर परिषद चित्तौड़गढ़ का यह जयपुर का ठेकेदार किसकी विशेष कृपा से 3000 कुत्तों की नसबंदी अब तक कर चुका है तथा लगभग 1 से 2000 और नगर परिषद के अनुसार शेष कुत्तों की नसबंदी की प्रक्रिया जारी है।

भारतीय जीवन बीमा निगम ने मनाई 66वी वर्षगांठ

## विषम परिस्थितियों में आर्थिक संबल प्रदान करती है निगम- डॉ. परमार



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**भीनमाल।** स्थानीय भारतीय जीवन बीमा निगम में 66वी वर्षगांठ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रेमराज परमार और माणकमल भंडारी के मुख्य आतिथ्य में मनाई गई। इस मौके पर डॉ. प्रेम राज परमार ने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम ही एक ऐसा संस्थान है, जो भारत सरकार का उपक्रम है और विषम परिस्थितियों में लोगों की लिए आर्थिक संबल प्रदान करता है। कई लोगों के लिए यह वरदान साबित हो रहा है। माणकमल भंडारी ने कहा कि आज हजारों लोग इससे जुड़कर रोजगार पा रहे हैं। वही लाखों-करोड़ों लोगों को सुरक्षा मिल रही है। शाखा प्रबंधक रमेश परमार ने कहा कि आज 67वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। 1956 में LIC शुरूआत हुई थी और तभी से सेवा में है। बीमा क्षेत्र को खोलने के दो दशकों के बावजूद, कंपनी बाजार में अग्रणी बनी हुई है। इस अवसर पर एबीएम पवन कछवाह, प्रभुराम पंचाल, शंकर लाल मीणा, पंकज सिंह, विकास अधिकारी महेश पारिक, नारायण लाल सोलंकी, पंकज सिंह चौहान, करताराम भील, किशन लाल सुथार, बाबूलाल सुथार, सुखराम बिश्नोई, सुरजा राम देवासी, किशोर कुमार देवासी, जितेंद्र कंडारा, सरवन भट्ट, यादराम मीणा, सुनील सैनी, दानाराम देवासी, वीरेंद्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

सुपोषण, विद्यालयी शिक्षा से लेकर उच्च और तकनिकी शिक्षा हेतु संबल दे रहा हिन्दुस्तान जिंक

## शिक्षा को समर्पित परियोजनाओं से 2 लाख से अधिक होनहार हो रहे लाभान्वित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चितौड़गढ़।** ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने और उन्हें सुविधाएं प्रदान कर अपने विषय में माहिर बना उन्हें अवसर देने के कार्य में वेदांता समूह और देश की अग्रणी धातु और खनीज कंपनी हिन्दुस्तान जिंक बढ़चढ़ कर अपनी महती भूमिका निभा रहा है। देश के सर्वोच्च इंजीनियरिंग कॉलेज में चयनित छात्रों की बात हो, देश के अण्डर 19 राष्ट्रीय फुटबॉल टीम में चयनित होने का गौरव हो या ग्रामीण क्षेत्र में अध्ययन कर रहे छात्रों के परिणाम में अभूतपूर्व सुधार की बात हो, यह उपलब्धियां बताती है कि आने वाले समय में ये ग्रामीण प्रतिभाएं अपने लक्ष्य को हासिल कर गांव और अपने परिवार का नाम रोशन करने में सफल होगें। हिन्दुस्तान जिंक द्वारा अपने शिक्षा संबल कार्यक्रम में ग्रामीण विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम में सुधार हेतु विषय अध्यापक उपलब्ध कराना, उंची उड़ान कार्यक्रम में आईआईटी की कोचिंग, उच्च शिक्षा के लिए सुविधा, आवासीय शिविरों, आधुनिक शिक्षा, ग्रामीण फुटबॉल खेल प्रतिभाओं के लिए जिंक फुटबॉल अकादमी एवं ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य और सुपोषण के लिए खुशी परियोजना का संचालन कर रहा है।



शिक्षा संबल के माध्यम से वर्ष 2007 से हिंदुस्तान जिंक ने एक ऐसा मंच प्रदान किया है जो ग्रामीण छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने और भविष्य में देश के विकास और प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों से जुड़ने के उनके सपने को पूरा करने का प्रयास किया है। राजस्थान के 5 जिलों चित्तौड़गढ़, अजमेर, भीलवाड़ा, राजसमंद और उदयपुर के 64 से अधिक राजकीय स्कूलों में पहुँच रहा है। जिसमें इस वर्ष, 7500 से अधिक छात्र लाभान्वित हुए हैं जिसे विद्या भवन सोसाइटी के सहयोग से शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। शिक्षा संबल कार्यक्रम के शिक्षकों तथा अकादमिक टीम द्वारा राजकीय शिक्षकों के साथ मिलकर विद्यार्थियों को अतिरिक्त सहयोग दिया जा रहा है। 160 राजकीय शिक्षकों को प्रशिक्षण एवं 55 विषयध्यापकों की नियुक्ति कर सहयोग दिया जा रहा है। विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत समर कैम्प तथा विंटर कैम्प का आयोजन, अतिरिक्त तथा नियमित कक्षाओं की व्यवस्था, विद्यार्थियों को अतिरिक्त सहयोगी शिक्षण सामग्री तथा स्कूलों को पुस्तकालय व प्रयोगशाला हेतु पुस्तकें व सामाग्री प्रदान की जाती है और इनका उपयोग सुनिश्चित किया जाता है।

अखिल भारतीय बैरवा महासभा

## चुनाव कार्यक्रम जारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**केकड़ी।** अखिल भारतीय बैरवा महासभा (पंजी)के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महामंत्री जी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव (राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महामंत्री) के करवाने हेतु राष्ट्रीय चुनाव समिति का गठन किया गया था। समिति के सचिव श्याम लाल बेरवा ने बताया कि डॉ प्रभु लाल जाटवा उज्जैन को चुनाव समिति का अध्यक्ष एवं श्यामलाल बैरवा (केकड़ी) को समिति का सचिव नियुक्त किया गया। समिति के सदस्य के तौर पर प्रभुदयाल लालावत बूंदी, पी. डी.आजाद जी टोंक, कन्हैया लाल जी बरुआ नई दिल्ली, एडवोकेट अश्विनी कुमार बेरवा नई दिल्ली, राकेश बेरवा इंदौर को सदस्य नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय चुनाव समिति की बैठक दिनांक 28 अगस्त कोटा मे अध्यक्ष डॉ प्रभु लाल जाटवा की अध्यक्षता मे आयोजित की गयी जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महामंत्री के चुनाव निष्पक्ष और सौहार्दपूर्ण वातावरण में कराने का निर्णय लिया गया, बैठक मे सर्वसम्मति से चुनाव दिनांक 9 अक्टूबर को डॉ अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी राजस्थान जयपुर मे करवाने का निर्णय लिया गया। चुनाव की अधिसूचना जारी की गई। अधिसूचना के अनुसार दिनांक 15 से 17 सितंबर तक मतदाता सूचीयों पर आपत्तिया ली जाएगी, आपत्तियों का निस्तारण दिनांक 18 सितंबर को किया जायेगा, मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन दिनांक 19 सितंबर को किया जाएगा। दिनांक 28 सितंबर को प्रातः 10 बजे से 29 सितंबर को सांय 5 बजे तक नामांकन पत्रों का वितरण एवं जमा कराये जायेंगे। नामांकन पत्रों की जाँच दिनांक 30 सितंबर को की जाएगी। दिनांक 1 अक्टूबर 2022को सांय 3बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे, दिनांक 1 अक्टूबर को सांय 4के बाद अंतिम उमीदवारो की सूची जारी की जाएगी और चुनाव चिन्ह का आवटन की जायेगा। मतदान दिनांक 9 अक्टूबर को प्रातः 8बजे से सांय 4 बजे की किया जायेगा। मतदान के तुरंत पश्चात मतगणना कर परिणाम घोषित किया जायेगा। ततपश्चात विजयी उम्मीदवारो को प्रमाण पत्र देकर शपथ दिलाई जाएगी।

## दशहरा मेला के लिए कमेटियां गठित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**निम्बाहेड़ा।** दो वर्ष कोरोनाकाल में बीत जाने के बाद नगरपालिका द्वारा निम्बाहेड़ा में एक बार फिर पुनः ऐतिहासिक राष्ट्रीय दशहरा मेला-2022 का आयोजन दिनाँक 26 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक किया जा रहा है। मेले की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु एवं मेले के आयोजनों को भव्यता के साथ आयोजित करने हेतु राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री व मुख्य मेला कमेटी संरक्षक उदयलाल आंजना के निर्देश पर नगरपालिका अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा द्वारा मेला कमेटियों का गठन किया गया।

कमेटी में अध्यक्ष पद पर सुभाष चन्द्र शारदा, परवेज़ अहमद, एकता सोनी, बंशीलाल राईवाल, सलीम अब्बासी, अतीक खान, अशोक नवलखा, नितिन चतुर्वेदी और सौरभ कुमार जिंदल को सदस्य मनोनीत किया गया है। इसी प्रकार दुकान आवंटन एवं राजस्व समिति में रविप्रकाश सोनी को संयोजक, मुकेश मेघवाल, आज़ाद देवी नागौरी, अक्षय मारू और कला देवी मालवीय को सदस्य मनोनीत किया गया है। मीरा रंगमंच व्यवस्था समिति के लिए मनोज पारख को संयोजक, माणक लाल साहू, जावेद खान, डॉ. रश्मि वैष्णव और सुरेश खेरोदिया को सदस्य बनाया गया है। रामलीला आयोजन, रावण दहन एवं आतिशबाजी समिति में ओमप्रकाश शर्मा संयोजक, राधकिशन गवारिया, ओमप्रकाश बाहेती, आरती शर्मा और प्रेम बाहेती को सदस्य नियुक्त किया है। अतिथि स्वागत, पारितोषिक एवं निर्णायक समिति में प्रदीप पोरवाल को संयोजक, शबाना खान, शमशु कमर मंसूरी, फिरदौस बी, देवयन्ती देवी शर्मा और पारसमल पारख को सदस्य बनाया है। विद्युत,पेयजल एवं सामान्य व्यवस्था समिति में मो. कुरैशी संयोजक, नीलोफर मेव, रुचि बाहेती, मयंक अग्रवाल और सुधा सोनी को सदस्य मनोनीत किया है। खेलकूद आयोजन समिति में भानुप्रताप सिंह को संयोजक, नितेश लोट, राजेश सांड, गजेन्द्र सिंह नेडिया, अविनाश गोठवाल को सदस्य मनोनीत किया है। प्रचार-प्रसार समिति में खेमराज मेघवाल को संयोजक, तबस्सुम शाह, मुफीद मेव, संजू कंवर और अतुल सोनी को सदस्य मनोनीत किया है। वाहन पार्किंग व्यवस्था समिति में खेमराज कुमावत को संयोजक, अनिता जाट, राजू भील, जगदीश माली, मायादेवी भाम्बी को सदस्य मनोनीत किया है।

जलझूलनी एकादशी

## ठाकुर जी ने पहनी स्वर्ण मंडित रजत पोशाक



**केकड़ी @ जागरूक जनता।** जलझूलनी एकादशी के पर्व पर केकड़ी स्थित भगवान चारभुजा नाथ ने स्वर्ण मंडित रजत पोशाक धारण की पुजारी रामेश्वर पाराशर ने बताया कि चारभुजा मंदिर प्रबंध कार्यकारिणी समिति द्वारा समस्त नगर वासियों से चांदी इक्कट्ठी कर भगवान चारभुजा नाथ के चांदी की पोशाक बनाने का संकल्प लिया ।

### सर्वप्रथम 4 किलो चांदी का लक्ष्य

**गौरतलब** है कि विगत कई महीनों से चारभुजा मंदिर प्रबंध कार्यकारिणी समिति के द्वारा समस्त ग्राम वासियों से चांदी इकट्ठी की जा रही थी समिति द्वारा सर्वप्रथम 4 किलो चांदी इकट्ठी करने का उद्देश्य रखा गया लेकिन दीनानाथ की कृपा से लगभग 21 किलो चांदी इकट्ठी हो गई कमेटी सदस्यों ने मीटिंग कर 8 किलो चांदी से भगवान चारभुजा की पोशाक निर्मित करने का संकल्प लिया जिसमें कुशल कारीगर नवीन सोनी, राकेश सोनी, महावीर सोनी ने निशुल्क सेवाएं देने का आह्वान किया।



यात्रा में तहसीलदार राहुल पारीक का भरपूर सहयोग रहा।

### विशाल जुलूस के रूप में निकली शोभायात्रा

भगवान चारभुजा नाथ की स्वर्ण मंडित रजत पोशाक जलझूलनी एकादशी के पर्व पर एक विशाल जुलूस के माध्यम से घंटाघर से सदर बाजार, खिड़की गेट, लोढा चौक होते हुए चारभुजा मंदिर पर आई शोभायात्रा में घुड़सवारों ने हाथ में केसरी पताकाये ले रखी थी तथा सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर रखे थे तथा उनके पश्चात भजन गाते भक्त वह पीछे चांदी की छड़ी व परसा लिए पुजारी गण व चौपदार और उनके पीछे भगवान चारभुजा नाथ का बेवान तथा अंत में भगवान की स्वर्ण मंडित रजत पोशाक रथ में सवार होकर लाई गई। जुलूस के दौरान कई संगठनों व समाजों ने अल्पाहार, जलपान आदि की व्यवस्था की इस पूरे कार्यक्रम में प्रबंध कार्यकारिणी समिति के पदेन अध्यक्ष व तहसीलदार राहुल पारीक का पूरा सहयोग रहा उन्होंने समय-समय पर मार्गदर्शन कर कार्यक्रम को अंजाम दिया। शोभायात्रा में महावीर मूंदड़ा, रमेश सांगरिया, नंदकिशोर पाराशर, चंद्र प्रकाश सोनी, अशोक सोनी, विजेंद्र पाराशर, नवीन सोनी, मुकेश मूंदड़ा, महावीर खाती, महावीर सोनी, बुद्धि प्रकाश दाधीच, महावीर सिंह भाटी, रामगोपाल सैनी, राजेंद्र, सुदेश, अशोक चौधरी, महेंद्र शर्मा, गोमा जाट, दशरथ साहू, प्रधान माली, श्रवण सिंह राठौड़, केदार शर्मा, रोहित राठी, रोहन राठी, गोपाल पारीक, सूर्यकांत दाधीच, रामदेव सोनी, गणेश सोनी, गिर्राज, चौपदार कैलाश चंद्र पाराशर, पुजारीगण पुरुषोत्तम पाराशर, श्याम सुंदर, घनश्याम, गोपाल, प्रिंस सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

नारायण सेवा संस्थान में 501 दिव्यांगजन नि:शुल्क शल्य चिकित्सा शिविर का उद्घाटन

## ऐतिहासिक उदयपुर सेवा का भी पर्याय-डॉ. वीरेंद्र

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** उदयपुर दुनिया में एक ऐतिहासिक शहर के रूप में पहचान तो रखता ही है, यह सेवा का भी पर्याय हैं। दीन -दुखियों ओर वंचितों की सेवा ईश्वर की ही पूजा है। यह बात केंद्रीय सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने नारायण सेवा संस्थान के सेवामहतीर्थ परिसर में 501 दिव्यांगजन के निःशुल्क ऑपरेशन एंव सहायक उपकरण वितरण शिविर के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा दिव्यांगों की सेवा, चिकित्सा, पुनर्वास व रोजगार के क्षेत्र में राज्य व केंद्र सरकारे तो काम कर रही हैं लेकिन जब सामाजिक संस्थाएं और व्यक्ति समूह आगे बढ़ते हैं तो सरकार के प्रयास और अधिक सार्थक हो जाते हैं।



इससे पूर्व संस्थान संस्थापक पद्मश्री कैलाश मानव ने डॉ. वीरेंद्र का साफा, शॉल, दुप्पटा ओर अभिनन्दन पत्र भेंट कर स्वागत किया। उन्हें मेवाड़ के शौर्य के प्रतीक चेतक पर सवार महाराणा प्रताप की प्रतिमा भी भेंट की गई। अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने संस्थान की 37 वर्षीय सेवायात्रा का जिक्र करते हुए कहां कि संस्थान अब तक 4 लाख 31 हजार से अधिक ऑपरेशन के साथ ही हजारों दिव्यांगों को सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग और कैलिपर भी लगा चुका है। पुनर्वास प्रकल्प में 2201 निर्धन एवं दिव्यांग जोड़ों की गृहस्थी बसाई गई हैं। आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अनेक रोजगारपरक प्रशिक्षण भी चलाए जा रहे हैं। मंत्री महोदय ने देश के विभिन्न प्रान्तों से सर्जरी के लिए आए दिव्यांग एंव उनके परिजनों से भी मुलाकात की । समारोह में कमल वीरेंद्र का निदेशक वंदना अग्रवाल ने शॉल एंव गुलदस्ता देकर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग उपनिदेशक मानधाता सिंह, अम्बेडकर सोसायटी के अध्यक्ष शैलेन्द्र चौहान, किशन खटीक, चितौड़ के समाजसेवी कन्हैया लाल, धनश्याम खटीक, व बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। आभार ट्रस्टी एंव निदेशक देवेन्द्र चौबीसा व संचालन महिम जैन ने किया।

## ड्रोन को उड़ान भरता देख रोमांचित हुए बच्चे

**केकड़ी @ जागरूक जनता।** निकटवर्ती गांव मण्डा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में नो बैग डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान बच्चों में विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई, जिसमें ड्रोन प्रमुख रूप से आकर्षण का केन्द्र रहा। ड्रोन एक्सपर्ट ज्ञानप्रकाश वैष्णव ने उपस्थित विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के ड्रोन और उनके कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। तत्पश्चात वे ड्रोन को आकाश की ऊंचाइयों तक लेकर गए। जब एक बालिका शिवानी ने उनसे पूछा कि ये और ऊपर भी जाता है? तब उन्होंने बताया कि इसकी रेंज आसमान में 3 किलोमीटर की ऊंचाई व 12 किलोमीटर की लम्बाई तक है। ड्रोन को ऊपर जाता देख सभी रोमांच से भर गए और तालियां बजाकर अपनी खुशी जाहिर की। शिक्षक दिनेश कुमार वैष्णव ने बताया कि बच्चों के लिए ड्रोन को नजदीक से देखना अनूठा अनुभव था। इस दौरान विद्यालय प्रबन्धन समिति के पूर्व अध्यक्ष शंकरलाल जाट, शिक्षिका रीना कुमारी, आंगनबाड़ी कर्मचारी लीला देवी दरोगा, आशा सहयोगिनी रामघनी मीणा, सहायिका मीरा देवी बैरवा, कुक कम हेल्पर भंवरी देवी एवं मधु देवी भी उपस्थित थी।

ANCHOR — महर्षि दधीचि जयंती

## समाजहित में समयदान जरूरी-कल्पना

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** दाधीच समाज व महर्षि दधीचि सेवा संस्थान द्वारा महर्षि दधीचि ऋषि की जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें जयंती की पूर्व संध्या पर वृक्षारोपण, गांधीनगर स्थित गौशाला में गौ माता को गुड़ व चारा खिलाया,जयंती के दिन ढूँचा बाजार स्थित रूप नारायण भगवान के मंदिर में हवन पूजा कर प्रसाद वितरण किया एवं गांधीनगर स्थित महर्षि दधीचि वाटिका में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एकल नृत्य, एकल गान, मेहंदी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को इनाम देकर उनका हौसला अफजाई किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी कल्पना शर्मा एवं हिंदुस्तान जिंक के लोकेशन हेड दीपक सोपोरी एवं अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष प्रहलाद तिवारी ने की। गांधीनगर स्थित महर्षि दधीचि वाटिका में समाज के वरिष्ठजनो,युवाओ एवं महिला मण्डल द्वारा अथितियों का पुष्प वर्षा कर माल्यार्पण कर साफा एवं उपरना पहनाया एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सभी अथितियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद ने महर्षि दधीचि ऋषि के नाम पर उद्यान देने तक कि घोषणा की, जिला शिक्षा अधिकारी कल्पना शर्मा ने महर्षि दधीचि के जीवन पर प्रकाश डालते हुवे कहा कि समाज को आगे बढाने के लिए एक दूसरे का सहयोग आवश्यक होता है, जिस तरह जगत के कल्याण हेतु महर्षि दधीचि ने अपनी अस्थियां तक दान कर उसी तरह आप और हम सभी को समाज के हित के लिए समयदान देना जरूरी है। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष प्रहलाद तिवारी ने सभी अथितियों के सामने समाज की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम संचालन डॉ. प्रतिभा तिवारी एवं रजत भट्ट ने किया एवं आभार समाज के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज भट्ट ने किया। इस अवसर पर समाज के उपाध्यक्ष सत्यनारायण व्यास, कोषाध्यक्ष कैलाश चंद्र दाधीच, महिला अध्यक्ष चित्रलेखा शर्मा, यसवंत कोलिवाल, शिवप्रकाश दाधीच, रामप्रसाद शर्मा, ओम प्रकाश भट्ट, सोहनलाल पेंटर, युवा अध्यक्ष विकास ओझा, जगदीश तिवारी, भारती दाधीच, ज्योति तिवारी, छुट्टन देवी, सावित्री भट्ट, आशा भट्ट, मांगी देवी शर्मा आदि महिला मंडल की महिलाये एवं कई समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।

### अजमेर से सियालदाह ट्रेन 12 से 15 नहीं चलेगी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** अजमेर, भीलवाड़ा, कोटा, जयपुर से लखनऊ, पटना, कोलकाता, सियालदाह जाने वाले यात्रियों के लिए जरूरी खबर है। रेलवे ने अजमेर से कोलकाता और सियालदाह जाने वाली ट्रेनों को 12 से 15 सितम्बर के बीच रद्द करने का निर्णय किया है। ट्रेनों के रद्द करने के पीछे कारण शक्तिगढ़-पालसिट-रसुलपुर के बीच नॉन इंटर लॉकिंग ब्लॉक लिया जाना है। उत्तर पश्चिम रेलवे से जारी शेड्यूल के मुताबिक ट्रेन संख्या 19608 मदार-कोलकाता 12 सितम्बर को, जबकि गाड़ी संख्या 19607 कोलकाता-मदार 15 सितम्बर को नहीं चलेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 12988 अजमेर-सियालदाह ट्रेन 13, 14 और 15 सितम्बर को, जबकि गाड़ी संख्या 12987 सियालदाह-अजमेर ट्रेन 14, 15 और 16 सितम्बर को रद्द रहेगी। पश्चिम बंगाल के हावड़ा डिवीजन में शक्तिगढ़-पालसिट-रसुलपुर स्टेशनों के बीच तीसरी नई लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है, जिसके कारण नॉन इंटरलॉकिंग ब्लॉक लिया जा रहा है, जिसके कारण इस रूट पर ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।



## जागरूक खबरें

### सुरेश रैना ने क्रिकेट से संन्यास लिया



**मुम्बई @ जागरूक जनता।** सुरेश रैना ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। रैना ने मंगलवार को ट्वीट कर ये जानकारी दी। रैना ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास 15 अगस्त 2020 को लिया था। इसी दिन पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भी संन्यास का ऐलान किया था। अब रैना ने सभी फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान किया है। यानी वे घरेलू क्रिकेट और IPL में भी नहीं खेलेंगे। रैना ने मंगलवार को ट्वीट किया- देश और अपने राज्य उत्तर प्रदेश के लिए खेलना मेरे लिए सम्मान की बात है। ट्वीट में उन्होंने बीसीसीआई, यूपी क्रिकेट एसोसिएशन, अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स का शुक्रिया अदा किया है।

### टू प्लस टू बैठक के लिए जापान जाएंगे राजनाथ, जयशंकर

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।**



भारत एवं जापान के बीच विदेश एवं रक्षा मंत्रियों की टू प्लस टू बैठक में भाग लेने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर बुधवार को जापान की चार दिन की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने आज यहां यह जानकारी दी। सात से दस सितंबर तक इस यात्रा के दौरान सिंह एवं डॉ. जयशंकर जापान के रक्षा मंत्री यासुकाजू हामदा और विदेश मंत्री योशिमासा हायेशी के साथ दोनों देशों के बीच टू प्लस टू बैठक में सामरिक संवाद करेंगे। दोनों देशों के बीच यह दूसरी तथा श्री फूमियो किशिदा के प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली टू प्लस टू बैठक है। उल्लेखनीय है कि पहली बैठक 30 नवंबर 2019 को हुई थी जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व किया था।



बंगलादेश मुक्ति संग्राम को लेकर बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा...

# भारत के योगदान को कभी नहीं भूलेंगे-हसीना

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारत एवं बंगलादेश के बीच अटूट एवं प्रगाढ़ संबंधों का गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि बंगलादेश मुक्ति संग्राम में भारत के योगदान को उनका देश कभी भुला नहीं सकता है और इसीलिए उन्हें हर बार भारत आने पर बहुत खुशी होती है। हसीना ने यहां राष्ट्पति भवन के प्रांगण में रस्मी स्वागत के बाद मीडिया से संक्षिप्त संवाद में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, "भारत हमारा मित्र है। मैं जब भी यहां आती हूं तो मुझे बहुत खुशी होती है क्योंकि बंगलादेश के मुक्ति संग्राम में भारत ने जो योगदान किया, उसे हमेशा याद करते हैं। हमारे बीच मैत्री संबंध हैं और हम एक दूसरे के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग कर रहे हैं।"

इससे पहले राष्ट्पति भवन पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हसीना का गर्मजोशी से स्वागत किया। बाद में मेहमान नेता ने तीनों सेनाओं की संयुक्त टुकड़ी की सलामी गारद का निरीक्षण किया। इसके बाद हसीना राजघाट गयीं जहां उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। पूर्वाह्न 11 बजे हैदराबाद हाउस में मोदी एवं हसीना के बीच द्विपक्षीय शिखर बैठक होगी जिसमें परस्पर सहयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किये जाएंगे। शाम को हसीना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की।

# राजे बीकानेर आएंगी, कमान भाजपा छोड़ चुके भाटी को

### पूर्व प्रदेशाध्यक्ष आने की जानकारी भाजपा नेता को नहीं, बोले- आते को माला पहनाते

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बीकानेर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे 9 अक्टूबर को बीकानेर आ रही हैं। यहां देशनोक करणी माता मंदिर में दर्शन के साथ ही देहात और शहर में बड़ी जनसभाओं को भी संबोधित करने की योजना बन रही है। फिलहाल इतना तय है कि वो बीकानेर पश्चिम के पूर्व विधायक गोपाल जोशी के निधन पर शोक जताने उनके निवास पर जाएंगे। वहीं, बीकानेर पूर्व की विधायक सिद्धिकुमारी से भी मिलने उनके आवास पर जाएंगी। खास बात ये है कि वसुंधरा राजे की बीकानेर यात्रा की कमान शहर या देहात भाजपा के बजाय पूर्व मंत्री देवीसिंह भाटी के पास है, जो पहले ही भाजपा छोड़ चुके हैं। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी ने बताया कि वसुंधरा राजे 9 अक्टूबर को देशनोक आएंगी। इसके बाद पूर्व विधायक गोपाल जोशी और बीकानेर पूर्व की विधायक सिद्धिकुमारी के आवास पर जाएंगी।

#### एक महीने में दूसरी बार भाटी से मिले

दरअसल, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे के समर्थक नेता एक महीने में दूसरी बार बीकानेर आए हैं। पहली और दूसरी दोनों बार उन्होंने स्थानीय भाजपा संगठनों से चर्चा करने के बजाय सीधे देवीसिंह भाटी से संपर्क किया है। यहां तक कि भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी ने भी अपने आने की सूचना संगठन को नहीं दी। उनके साथ पूर्व मंत्री युनूस खान और राजपाल सिंह भी आए हैं। देहात भाजपा अध्यक्ष ताराचंद सारस्वत ने बताया कि उन्हें न तो मीटिंग के बारे में जानकारी है, न ही राजे की प्रस्तावित यात्रा के बारे में। उधर, शहर अध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा- बीकानेर में आकर भी पूर्व अध्यक्ष भाजपा कार्यालय नहीं आए। अगर आ जाते तो हम उन्हें माला ही पहनाते। कार्यकर्ता भी खुश हो जाते।

#### देशनोक में हुई ओपन मीटिंग

करीब बीस दिन पहले इन्हीं तीन नेताओं ने देवीसिंह भाटी से उनके आवास पर मुलाकात की थी, तब घटनाक्रम के बारे में किसी को पता नहीं चला। इस बार भाटी के साथ देशनोक में सार्वजनिक मीटिंग की गई। इस बारे में भी भाजपा की शहर व देहात इकाई को कोई सूचना नहीं दी गई। शहर अध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह ने तो यहां तक कहा कि पूर्व प्रदेशाध्यक्ष के नाते पार्टी कार्यालय पर आते तो माला पहनाकर कार्यकर्ता खुश ही होते। वहीं देहात अध्यक्ष ताराचंद सारस्वत ने कहा कि उन्हें राजे की यात्रा के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# राजपथ अब होगा 'कर्तव्य पथ', सेंट्रल विस्टा लॉन का भी बदलेगा नाम

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए राजपथ और सेंट्रल विस्टा लॉन का नाम बदलकर कार्तव्य पथ करने का फैसला किया है। समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है. इस फैसले को औपनिवेशिक मानसिकता को खत्म करने के लिए नई दिल्ली के प्रयास में ताजा कदम के रूप में देखा जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि एनडीएमसी ने राजपथ और सेंट्रल विस्टा के लॉन का नाम कर्तव्य पथ



करने के उद्देश्य से 7 सितंबर को एक विशेष बैठक बुलाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने हाल के 15 अगस्त के भाषण में औपनिवेशिक मानसिकता से संबंधित प्रतीकों के उन्मूलन पर जोर दिया था। वर्ष 2047 तक पीएम ने कर्तव्यों के महत्व पर भी जोर दिया है। इन दोनों कारकों को 'कार्तव्य पथ' के नामकरण के पीछे देखा जा सकता है। नेताजी की प्रतिमा से लेकर राष्ट्पति भवन तक की पूरी सड़क और क्षेत्र कर्तव्य पथ के नाम से जाना जाएगा। यह शासक वर्ग के लिए भी एक संदेश है कि शासकों और प्रजा का युग समाप्त हो गया है। इससे पहले, मोदी सरकार के लोकाचार को अधिक जन-केंद्रित बनाने के लिए जिस सड़क पर पीएम आवास स्थित है, उसका नाम भी रेसकोर्स रोड से लोक कल्याण मार्ग में बदल दिया गया था।

विनायक ज्वैलर्स
Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery
22 K 916 — हॉलमार्क ज्वैलरी
18 K 750 — हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी
970 Certified — Silver Utensiles राशि रत्न
BIS 100% Hall Marked Jewellery
G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhya Dhar Nagar, Jaipur
0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451

# दो दिवसीय दौरे पर 11 को माउंट आबू आएंगी राष्ट्रपति मुर्मू

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सिरोही।** माउंट आबू. पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू ऐसा खूबसूरत शहर है कि यहां आने का मोह देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री तक नहीं छोड़ पाए हैं। कई राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री पर्वतीय स्थल पर आते-जाते रहे हैं। दिग्गजों की फेहरिस्त बनाई जाए तो खासे ऐसे नाम जुड़ जाएंगे जो नई पीढ़ी ने यदा-कदा ही सुने होंगे। प्रतिभा पाटिल को देश की पहली महिला राष्ट्रपति बनने की पहली खबर माउंटआबू दौरे के दौरान ही मिली थी जब वे राजस्थान की राज्यपाल थीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 11 सितम्बर को माउंट आबू आने वाली चौथी राष्ट्रपति होंगी। इनसे पहले तीन राष्ट्रपति माउंट आ चुके हैं। इतना ही नहीं, संयुक्त राष्ट्रसंघ के महासचिव राबर्ट मूलर, जेम्स जोन्हा, समेत कई राष्ट्रों के राष्ट्राध्यक्ष समेत नामी हस्तियां माउंटआबू का दौरा कर चुकी हैं।

#### ये राष्ट्रपति आ चुके हैं माउंट

**सूत्रों** की मानें तो यहां सबसे पहले राष्ट्रपति रहते ज्ञानी जैलसिंह आए हैं। उनके बाद आर. वेंकटरमन और डॉ. एपीजे. अब्दुल कलाम भी माउंट आबू प्रवास आ चुके हैं। मुर्मु पद पर रहते हुए यहां आने वाली चौथी राष्ट्रपति होंगी। जो आगामी 11 सितम्बर को अपने दो दिवसीय प्रवास पर माउंट आबू पहुंचेगी।




### देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना महामारी से 22 मरीजों की मौत

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना महामारी से 22 लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 528030 तक पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 213.72 करोड़ टीके दिये जा चुके हैं। इसी अवधि में कोरोना वायरस के 4,417 नए मामले सामने आने संr मितों की कुल संख्या 4,44,66,862 हो गयी है और कोरोना सरि य मामले 1638 घटने से इनकी कुल संख्या घटकर 52336 रह गयी। दैनिक संक्रमण दर 1.20 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान इस महामारी से 6032 लोगों के मुक्त होने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 43886496 हो गयी हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में 3,67,490 कोविड परीक्षण किए गये हैं।




HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड़, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.com

संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

## जागरूक खबरें

### नोशनल परिलाभ सहित नियुक्ति के आदेश

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान हाईकोर्ट ने स्कूल व्याख्यता भर्ती 2018 में अभ्यर्थी को नोशनल लाभ सहित नियुक्ति के आदेश दिए हैं। कोर्ट के आदेश पर आरपीएससी ने करीब दो साल बाद सीलबंद लिफाफे में परिणाम पेश किया था। मेघा शर्मा ने महिला वर्ग में स्कूल व्याख्याता भर्ती-2018 में आवेदन किया। उसे कोर्ट के आदेश पर सामान्य महिला वर्ग से ईडब्ल्यूस वर्ग में शामिल किया गया। परीक्षा के बाद आरपीएससी ने सभी का परिणाम जारी कर दिया लेकिन मेघा शर्मा सहित अन्य का परिणाम रोक दिया। जिसे उसने हाईकोर्ट में चुनौती दी। मेघा शर्मा के अधिवक्ता आरपी सैनी ने कोर्ट में कहा कि कोर्ट के आदेश पर श्रेणी को बदला गया था। ऐसे में कोर्ट में परिणाम रखा जाना चाहिए। इस पर आरपीएससी ने कोर्ट में परिणाम पेश किया। अभ्यर्थी के अंक सामान्य महिला वर्ग अभ्यर्थी श्रेणी में अंतिम कटऑफ से ज्यादा होने पर सामान्य वर्ग में मानते हुए सभी नोशनल लाभ सहित नियुक्ति देने के आदेश दिए।

उदयपुर की सुखाड़िया निवर्सिटी में लाठीचार्ज

# प्रदर्शन के दौरान आमने-सामने हुए ABVP और NSUI, पुलिस ने खदेड़ा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** उदयपुर की मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन के दौरान NSUI और ABVP के स्टूडेंट्स आमने-सामने हो गए। मामला इतना बढ़ गया कि पुलिस को हल्का बल प्रयोग कर छात्रों को खदेड़ना पड़ा। दरअसल, दोनों संगठनों के कार्यकर्ता मंगलवार को यूनिवर्सिटी में प्रशासनिक भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान दोनों संगठन कुलपति को ज्ञापन देने अंदर जाने के लिए अड़ गए और हंगामा बढ़ गया।

स्टूडेंट्स हाल ही जारी हुए रिजल्ट में गड़बड़ी का आरोप लगाकर उसे नए सिरे से जारी करने की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने ABVP के 2 छात्र नेताओं को हिरासत में लिया है। वहीं, बढ़े बवाल के बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन ने एक कमेटी बनाई है, जो 2 दिनों में परिणामों पर जांच रिपोर्ट पेश करेगी। इसके बाद नए रिजल्ट पर विचार किया जाएगा। जानकारी के अनुसार हाल ही जारी हुए रिजल्ट के विरोध में दोनों संगठनों के स्टूडेंन्ट्स प्रदर्शन कर रहे थे।



अध्यक्ष कुलदीपसिंह के नेतृत्व में रौनकराज सिंह, अविनाश कुमावत दर्जनों एबीवीपी कार्यकर्ताओं के साथ नारेबाजी कर रहे थे। इसी दौरान एनएसयूआई के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। बड़ी संख्या में छात्रों की नारेबाजी और प्रदर्शन के बीच प्रतापनगर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इस पर स्टूडेंन्ट्स आक्रोशित हो गए और विश्वविद्यालय और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। देखते ही देखते हंगामा इतना बढ़ गया कि पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इसके बाद मौके पर पुलिस ने सभी को खदेड़ दिया। पुलिस ने एबीवीपी से जुड़े छात्र नेता रौनकराज सिंह और अविनाश कुमावत को हिरासत में लेकर थाने ले गई। इस दौरान एनएसयूआई की ओर से प्रदर्शन करने पहुंची कॉमर्स कॉलेज अध्यक्ष मूमल चुंडावत, सांइस कॉलेज अध्यक्ष भुपेन्द्र पालीवाल को पुलिस ने खदेड़ दिया। यूनिवर्सिटी के छात्रसंघ अध्यक्ष कुलदीपसिंह भी मौजूद थे। पुलिस ने अविनाश और रौनकराज को हिरासत में लिया। हालांकि उन्हें थाने से बाद में छोड़ दिया गया। दरसअल, ये स्टूडेंट्स हाल ही में जारी हुए रिजल्ट को सुधारने की मांग कर रहे है। अध्यक्ष कुलदीपसिंह ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर आरोप लगाया है कि 50 फीसदी से अधिक छात्रों को फेल किया गया है। इस बार भी रिजल्ट में गड़बडी हुई। हर बार सुखाड़िया यूनिवर्सिटी में रिजल्ट में गड़बड़ी हो रही है, मगर इस पर सुधार हो रहा। कुलदीप सिंह ने बताया कि इस बार रिजल्ट में 40 फीसदी स्टूडेंन्ट्स के नंबर सही नहीं दिए गए। इस वजह से उन्हें फेल होकर पूरा साल खराब करना पड़ रहा है।

"अग्रसेन जयंती"अग्रवाल समाज का महा पर्व

# अग्र बंधु अपने घर, प्रतिष्ठानों पर फहराए केसरिया झंडा-मित्तल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के "अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष" राजकुमार मित्तल ने देश के दस करोड़ अग्र बंधुओ से निवेदन करते हुए कहा कि आओ और एक नई शुरुआत कर संकल्प लें। आश्विन मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, 26 सितम्बर को कलयुग के अवतारी, धर्म के संस्थापक, अग्रकुल प्रवर्तक, भगवान श्री अग्रसेन जी के "जन्मोत्सव" श्री (अग्रसेन जयंती) महोत्सव पर सभी अग्र बन्धु अपने अपने घरों में भगवान श्री अग्रसेनजी की प्रतिमा/मूर्ति स्थापित कर सपरिवार पूजा अर्चना कर महा आरती करे एवं एक नई शुरुआत एक नई पहल, "अग्रसेन जयंती" के अवसर पर अग्रवाल समाज की एकता अखण्डता के लिए, 24, 25, 26, सितंबर को देश के सभी अग्र बन्धु अपने अपने घरों, प्रतिष्ठानों पर भगवान अग्रसेन जी का केसरिया ध्वज अवश्य लगाये। इस मुहिम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफल बनावे। अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन श्री अग्रसेन प्रचार प्रसार समिति मुख्य संयोजक किशोर धनावत, मुख्य संरक्षक कृष्णा भिवानी वाला, उज्जवल अग्रवाल, भागवत आचार्य, परतवाड़ा महाराष्ट्र, राजस्थान प्रांतीय इकाई अग्रसेन प्रचार प्रसार समिति, प्रदेश प्रवक्ता एवं जिलाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रेनू अग्रवाल, संयोजका वृहतर कोलकाता इकाई ने निवेदन करते हुए कहा है कि सभी अग्र बन्धु अपने घर एवं प्रतिष्ठानो में अग्रसेन जयंती पर दीपावली पर्व की तरह सुन्दर लाईटिंग, सजावट कर प्रकाश पर्व के रूप में मनाए, अपने अपने घरों के मुख्य द्वार पर रंगोली सजाये, घी का दीपक प्रज्वलित करें, अपने शहर के अग्रसेन चौक, अग्रसेन भवन, अग्रसेन धर्मशाला, श्री अग्रसेन मन्दिर पर सुन्दर लाईटिंग करें। केशरिया झंडा लगाकर एवं पुष्प माला से सजावट कर महा आरती एवं मंगल पाठ का आयोजन करें। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार मित्तल का मानना है कि अपने समाज की भावी पीढ़ी को भगवान श्री अग्रसेनजी के सिद्धांतो, धर्म, संस्कृति और इतिहास के बारे में जानकारी देकर अग्रोहा धाम से अवश्य जोड़े। "जालान" ने सभी अग्र बंधुओ से निवेदन करते हुए कहा कि जयंती के अवसर पर प्रत्येक परिवार भगवान श्री अग्रसेन जी के सिद्धांत एक ईंट एक रूपया का समाज के लिए संकल्प लें,(अग्रोहा का यह संदेश एक रहेगा भारत देश) पुनः आग्रह अपनी पित्र भूमि पर वर्ष में एक बार अपने परिवार सहित जरूर जरूर जावें।



एक नई शुरुआत- एक नई पहल

# राजस्थान, जम्मू-कश्मीर एवं दिल्ली के सौ से अधिक शिक्षक सम्मानित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रिंसीपल्स एंड टीचर्स अवार्ड-2022 के तहत राजस्थान, जम्मू - कश्मीर एवं दिल्ली के सौ से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। शिक्षकों के सम्मान में प्रिंसीपल्स एंड टीचर्स अवार्ड के 11वें संस्करण का आयोजन जवाहर कला केंद्र में किया गया। कार्यक्रम आयोजक सोमेंद्र हर्ष और अंशु हर्ष ने बताया कि समारोह में सौ से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। छह शिक्षकों का माला माथुर मेमोरियल लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड इन एजुकेशन से सम्मानित किया गया। इनमें एवी जॉर्ज-डुण्डलोद, प्रोफ़ेसर राजुल



भार्गव -जयपुर, डॉ. रनवीर सिंह राणा-जयपुर, रश्मि चतुर्वेदी जयपुर, डॉ. राघव प्रकाश जयपुर और डॉ. रमेश के. अरोड़ा जयपुर शामिल है। इस वर्ष सम्मान समारोह में राजस्थान के सात शहरों जयपुर, जोधपुर, अजमेर, बाड़मेर, उदयपुर, पाली एवं जालोर से 88 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसके आलावा दिल्ली, जम्मू और कश्मीर से करीब 22 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि वैभव गेलारिया प्रिंसिपल सेकेट्री मेडिकल एजुकेशन रहे एवं अथिति के रूप में अभिषेक पोद्दार, डायरेक्टर, कमला पोद्धार इंस्टीट्यूट, अक्षय गोयल बी एन आई एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर व सिटी प्रेसीडेंट पिक अ बुक, अंशुल जैन एमडी, गोल्डन डिवाइन एवं सुधीर माथुर, समाजसेवी उपस्थित रहे।

# युद्ध की चुनौतियों से कई गुना प्रभावशाली हैं शांति कायम करने की चुनौतियाँ - स्वामी विरुपाक्ष

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग की प्रवक्ता डॉ. आभा पराशर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि स्वामी विरुपाक्ष एक विज्ञापन-निर्माता से लेखक बने है। श्रीलंका संघर्ष के समाधान में गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के प्रयास पर लिखी, जिनकी पुस्तक लोगों के आकर्षण का केन्द्र बन रही है।

इस अवसर पर स्वामी विरुपाक्ष ने कहा कि युद्ध करने की चुनौतियों से कई गुना हैं शांति कायम करने की चुनौतियाँ। पुस्तक 'टूटा टाइगर' गृहयुद्धग्रस्त श्रीलंका में गुरुदेव




श्री श्री रविशंकर के सुलह के प्रयासों के अज्ञात, चौंकाने वाले तथ्यों तथा आंतरिक विवरणों की वास्तविक गाथा को उजागर करती है। जिसमें लिबरेशन टाइगर्स ऑफ़ तमिल ईलम (LTTE) के साथ उनका सामना भी शामिल है। लेखक की अंग्रेजी भाषा में लिखी पुस्तक 'दी टाइगरस पॉज' का हिंदी रूपान्तरण दीप्ति प्रकाश ने किया है। प्रेसवार्ता में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रमुख साधक सुरेश कालानी भी उपस्थित थे।

# शाह के दौरे को लेकर बैठक आयोजित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** बूथ स्तरीय कार्यकर्ता संकल्प महासम्मेलन के आयोजन को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री एवं पूर्व राष्टीय अध्यक्ष अमित शाह के जोधपुर आगमन पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पीपाड़ शहर की बैठक स्थानीय हिंदू महासभा भवन में देहात जिलाध्यक्ष जगराम बिश्नोई की अध्यक्षता में हुई मंडल प्रभारी भगवानसिंह सुरपुरा एवं मंडल अध्यक्ष रामकिशोर भूतड़ा ने 10 सितंबर को होने वाले महा सम्मेलन कार्यक्रम के बारे में कार्यकर्ताओं को विस्तार से बताया तथा सभी से तैयारियों में लगकर कार्यक्रम में मंडल से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

जगराम बिश्नोई ने पूरे कार्यक्रम की 6 से 10 तारीख तक की रूपरेखा बताएं और ज्यादा से ज्यादा अपेक्षित सूची के कार्यकर्ताओं को जोधपुर कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान किया मंडल महामंत्री आदित्य कच्छावाह ने अपेक्षित कार्यकर्ताओं की अलग-अलग सूची बनाकर जिलाध्यक्ष को सुपुर्द की पूर्व पालिका अध्यक्ष महेंद्र सिंह कच्छावाह ने कार्यकर्ताओं को भोलावन दी अंत में नगर निकाय जिला संयोजक दुलीचंद सोनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर देहात जिला उपाध्यक्ष



दयाराम सेल, शिवचरण बिश्नोई, जिला मंत्री पवन जांगिड़, प्रदेश विधि प्रकोष्ठ सह संयोजक जगदीश प्रसाद दवे,पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रभाकर टाक, मंडल महामंत्री मनोहर लाल सोनेल, वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक जयनारायण जांगिड़, मंडल उपाध्यक्ष बंसीलाल जीनगर, मगराज पुरोहित, कल्याण सिंह कच्छावाह, मंडल मंत्री गजेंद्र सिंह राजपुरोहित, सुरेश टांक, जेठाराम सांखला, मंडल प्रवक्ता दिनेश सोलंकी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सीपी मारोठिया, एससी मोर्चा अध्यक्ष अरविंद सोनेल, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष देवाराम जांगिड़, पार्षद कैलाश सेन, धर्मेंद्र सोनी, मोहम्मद अकरम, पार्षद प्रतिनिधि अतुल सिंह कच्छावाह, खिवराज जिनगर, कल्याण टाक, शक्ति केंद्र प्रभारी रामकिशोर टाक, ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री उदाराम टाक, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रफीक खोखर, जिला महामंत्री सतार खोखर, प्रवक्ता असलम छिपा, असलम सिलावट, बूथ अध्यक्ष जितेंद्र प्रजापत, लक्ष्मण परिहार, गुरूबक्ष खटीक, सुरेश चौहान, जेठाराम मारोठिया, सीताराम सोलंकी, सुखराम देवडा, बिहारीलाल जीनगर, प्रकाश मेघवाल, सुरेंद्र टाक, विजय चौहान, रुपाराम चोपड़ा, अम्बा लाल खटीक, रामनिवास गहलोत, दुर्गाराम कच्छावाह, ओमप्रकाश चौकीदार, मानक सोलंकी, मुकेश जीनगर, मनोज लखारा, प्रवीण लखारा, मनीष टाक, अशोक सोलंकी, रामेश्वरलाल सोनेल, मुकेश टाक, भवानी सिंह कच्छावाह, महिपाल चौरड़िया, जवरीलाल प्रजापत, सुरेश ढ़ोली, महेंद्र मेघवाल, ढगला राम भगवान राम चौहान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे अंत में राष्ट्रगान के पश्चात मीटिंग समापन की घोषणा की।

ANCHOR | महावीर पुरस्कार समारोह के रजत जयंती महोत्सव

# मानवता की सेवा में जुटे 4 संस्थाओं को राज्यपाल ने नवाजा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पाली।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने जिले की एक दिवसीय यात्रा के तहत रनिया बेरा जाडन पहुंचे। वे महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में भगवान महावीर फाउंडेशन चेन्नई के तत्वावधान में महावीर पुरस्कार समारोह के रजत जयंती महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने देश के चार विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके बाद वे पाली से अजमेर के लिए प्रस्थान कर गए।समारोह की अध्यक्षता सेबी के पूर्व अध्यक्ष डी आर मेहता ने की। सम्मानित अतिथि



के रूप में सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जी एस सिंघवी, पाली विधायक ज्ञानचंद पारख. सोजत विधायक शोभा चौहान मौजूद रही। इस मौके पर जिला कलक्टर नमित मेहता, पुलिस अधीक्षक गगनदीप सिंघला, पूर्व सांसद पुष्प जैन, पूर्व मुख्य उप सचेतक मदन राठौड़, नगर परिषद के पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा, जैन समाज के नेमीचंद चौपड़ा, ट्रस्ट के संस्थापक सुगालचंद जैन, प्रबंध ट्रस्टी प्रसन्नचंद जैन, विनोद कुमार जैन, प्रमोद जैन, पूर्व आइएएस नंदकिशोर सहित कई अतिथि व लोग मौजूद रहे। इससे पहले राज्यपाल श्री मिश्र ने संविधान के मूल कर्तव्यो व उद्देश्यों का वाचन किया।

### 4 श्रेणियों में अग्रणी प्रतिभाओं को नवाजा

**राज्यपाल** मिश्र ने चार श्रेणियों में अग्रणी रहे संस्थानों की प्रतिभाओं को सम्मानित किया। अहिंसा व शाकाहार क्षेत्र में पीपुल्स फॉर एनिमल्स सिरोही को, शिक्षा के क्षेत्र में अरुणाचल के श्री सत्यनारायण मुंड्यूर को, चिकित्सा क्षेत्र में पश्चिमी बंगाल के विवेकानंद मिशन आश्रम नेत्र निरामया निकेतन तथा समुदाय व सामाजिक क्षेत्र में नागालैंड के नागालैंड गांधी आश्रम को प्रशस्ति पत्र, चेक व भगवान महावीर की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया।



# ब्रिटेन की 56वीं पीएम बनीं लिज ट्रस

**लंदन @ जागरूक जनता।** लिज ट्रस ब्रिटेन की 56वीं प्रधानमंत्री बन गई हैं। मंगलवार को स्कॉटलैंड के बाल्मोरल कासल में क्वीन एलिजाबेथ ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। आमतौर पर यह कार्यक्रम लंदन के बकिंघम पैलेस में होता है, लेकिन क्वीन इस वक्त स्कॉटलैंड में हैं। 96 साल की क्वीन खराब सेहत के चलते यात्रा नहीं कर पा रही हैं। इसलिए नए पीएम की शपथ स्कॉटलैंड में हुई। इस मामले में खास बात यह है कि लिज ने उन्हीं क्वीन एलिजाबेथ के सामने शपथ ग्रहण की, जिनका वो 1994 में खुला विरोध कर चुकी हैं। यह भी रोचक है कि राजशाही का विरोध करने वाली पहली महिला प्रधानमंत्री को क्वीन ने ही PM की सील या मुहर भी सौंपी। 'द मिरर' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ऋषि सुनक को ट्रस कैबिनेट में जगह नहीं मिलेगी। सभी नाम तय हो चुके हैं। टॉप 4 पोजिशन पर सभी अश्वेत सांसदों के नाम बताए गए हैं।

## जागरूक खबरें

### ■ डॉ मीणा को अतिरिक्त प्रिंसिपल एसएमएस मेडिकल कॉलेज बनने पर मुलाकात कर दी बधाई



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक पद पर डॉ गोवर्धन मीणा के पदभार ग्रहण करने पर नर्सेज संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष सोमसिंह मीणा और प्रदेश संयोजक मनोज दुब्बी के द्वारा माला व साफा पहनाकर बधाई और शुभकामनाएं दी अन्य कर्मचारी अशोक कुमार मुकेश मीणा गुरप्रताप नर्सिंग ऑफिसर ने भी बधाई दी मनोज दुब्बी एवम सोमसिंह ने बताया कि डॉ गोवर्धन राज्य के चिकित्सा महाविद्यालय सीकर के प्रिंसिपल रह चुके हैं वर्तमान में सेठी कॉलोनी में स्थित एस आर गोयल राजकीय चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक पद पर कार्यरत है डॉ गोवर्धन संऋ मण रोग चिकित्सालय में प्रथम व दुतिया कोविड-19 के रैपिड रेस्पॉन्स टीम के नोडल अधिकारी रह चुके हैं डॉ मीणा का मरीज और कर्मचारियों के साथ अपनत्व का भाव रहता हैं।

# गहलोत सरकार को चारों तरफ से घेरने की तैयारी में भाजपा

## दिसंबर में होगी बड़ी रैली, तैयारियां शुरू

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** प्रदेश की कांग्रेस सरकार के चार साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी दिसंबर में जयपुर में बड़ी रैली करेगी। रैली के जरिए भाजपा प्रदेश के विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरेगी। रविवार को प्रदेश कार्यालय पर भाजपा कोर कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया समेत कमेटी सदस्यों ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों व आंदोलनों पर चर्चा की। दिसंबर में होने वाली रैली से पूर्व प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अभी से कार्यक्रम शुरू होंगे। जिनमें प्रदेश की कानून व्यवस्था, दलित व महिला अत्याचार समेत अन्य मुद्दों को जनता के सामने रखा जाएगा।

बैठक के दौरान भाजपा गृह मंत्री अमित शाह के 10 सितम्बर को जोधपुर दौरे की तैयारियों पर चर्चा की गई। इसके अलावा ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक, बूथ सम्मेलन आदि कार्यक्रमों पर भी विमर्श किया गया। बैठक में भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, कैलाश चौधरी, राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, सांसद कनकमल कटारा, राजेन्द्र गहलोत, सीपी जोशी आदि कोर कमेटी सदस्य उपस्थित रहे। प्रदेश कार्यालय में विभिन्न जिलों के प्रमुख लोग भाजपा में शामिल हुए।

### वसुंधरा, ओम माथुर समेत अन्य नेता नहीं पहुंचे

कोर कमेटी की बैठक में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे, राज्यसभा सांसद ओम माथुर शामिल नहीं हुए। वहीं, विशेष आमंत्रित सदस्य राज्यसभा सांसद भूपेन्द्र यादव और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सांसद भारती बेन सियाल कोर कमेटी की बैठक में नहीं पहुंचे।


# कार्य बहिष्कार कर बार संघ ने सौंपा ज्ञापन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**केकड़ी।** श्रीगंगानगर जिले के घड़साना के अधिवक्ता विजय सिंह झोरड़ ने पुलिस प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली जिसके विरोध में केकड़ी बार एसोसिएशन ने कार्य बहिष्कार कर जमकर नारेबाजी की व उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने से पूर्व समस्त अधिवक्ताओं ने शोकसभा आयोजित कर अधिवक्ता झोरड़ को श्रद्धांजलि अर्पित की। केकड़ी बार एसोसिएशन अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि अधिवक्ता झोरण बार संघ के पूर्व अध्यक्ष थे तथा समाज में बढ़ रही कुरीतियों के खिलाफ सदैव सक्रिय रहते थे अपनी इसी सामाजिक चेतना के कारण उन्होंने घड़साना क्षेत्र में बढ़ रहे नशे के विरुद्ध अभियान चलाया था जिससे नशा कारोबारी तथा साथ ही साथ नशा कारोबारीयो को सरक्षण देने वाले पुलिस अधिकारी परेशान करते थे तथा उनके द्वारा पिछले काफी समय से उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाने व मारपीट की धमकियां दी जा रही थी तथा उनके विरुद्ध गलत रूप से मुकदमें इत्यादि भी दर्ज किए गए थे तथा मारपीट भी की गई थी जिससे परेशान होकर अधिवक्ता ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राठौड, उपाध्यक्ष रामअवतार मीणा, महासचिव विशाल राजपुरोहित, कोषाध्यक्ष कुश बागला, वित्त सचिव सुरेंद्र सिंह धन्नावत, पुस्तकालय अध्यक्ष विजेंद्र पाराशर, कार्यकारिणी सदस्य विष्णु साहू, गजेंद्र पाराशर, वीर विक्रम सिंह, राजेश शर्मा, सुरेंद्र सिंह राठौड़, हेमंत जैन, सीताराम कुमावत, भंवर सिंह राठौड, शिव प्रताप सिंह, गजराज सिंह, मनोज आहूजा, पवन राठी, सुरेंद्र सिंह पवार, पवन भाटी, हनुमान शर्मा, सूर्यकांत दाधीच, लेंसी झवर, मुरलीधर शर्मा, लोकेश शर्मा, राजेंद्र चौकड़ीवाल, चेतन, सांवरलाल जाट, शिवप्रसाद पाराशर, फरीद खान, सलीम गोरी, परवेज नकवी, दशरथ सिंह कांदलोत, अर्जुन सिंह, अतुल दाधीच, हेमराज कानावत, राम प्रसाद कुमावत सहित कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

# चेतावनी के संकेत और प्रोस्टेट कैंसर स्क्रीनिंग

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




### प्रोस्टेट कैंसर क्या है?



डॉ. संजय बैरवा
प्राकृतिक चिकित्सक
@jagrukjanta.net

प्रोस्टेट पुरुषों में एक अखरोट के आकार का ग्रंथि है जो वीर्य बनाता है और शुक्राणु को पोषण जुटाता है। जब प्रोस्टेट ग्रंथि में कैंसर होता है, तो इसका विकास धीमी और सिमित हो सकता है, जिसे चिकित्सा सहायता की जरुरत नहीं होती या फिर यह गंभीर रूप से बढ़ सकता है और नजदीकी अंगों तक फैल सकता है। प्रोस्टेट कैंसर जब कम और सिमित रूप में होता है तब इसके उपचार की संभावना अधिक होता है। इस रोग का निदान केवल तभी हो सकता है जब इसकी पहचान प्रारंभिक अवस्था में हो सके। स्क्रीनिंग के माध्यम से इसकी पहचान शुरुआती अवस्था में हो सकती है।

### क्या मुझे प्रोस्टेट कैंसर के लिए जांच करवानी चाहिए?

इस विषय पर बहुत विचार और संवाद हुआ है जो ये सिद्ध करते हैं कि प्रोस्टेट कैंसर स्क्रीनिंग आवश्यक और सहायक है। यह आंशिक रूप से सक्रिय निगरानी का विषय है, जिसका अर्थ है कि प्रोस्टेट कैंसर वाले एक वृद्ध व्यक्ति सामान्य और स्वस्थ जीवन जी सकता है, लेकिन कुछ प्रोस्टेट कैंसर बहुत तेजी से बढ़ते हैं और उस व्यक्ति के लिए खतरा बन जाते हैं। दोनों में अंतर नहीं किया जा सकता है। स्क्रीनिंग में होने वाली लागत जीवन के लिए खतरनाक कैंसर से कम है।

### प्रोस्टेट कैंसर के चेतावनी के संकेत क्या हैं?

- जलन और पेशाब में दर्द
- पेशाब करने और रोकने में कठिनाई
- रात में बार-बार पेशाब करने की इच्छा होना
- मूत्राशय के नियंत्रण में कमी
- मूत्र प्रवाह में कमी
- मूत्र में रक्त (हेमट्यूरिया)
- वीर्य में रक्त
- इरेक्टाइल डिसफंक्शन

### दर्दनाक स्खलन

इन चेतावनी संकेतों के साथ समस्या यह है कि ये प्रारंभिक अवस्था में दिख सकते हैं या नहीं भी दिख सकते। अधिकांश प्रोस्टेट कैंसर का शुरुआत में पहचान करना मुश्किल है।इस संबंध में अमेरिकन कैंसर सोसायटी का एक विशिष्ट प्रोटोकॉल है जिसका पालन पूरी दुनिया में किया जाता है।

### आपको जांच करवाने की आवश्यकता तभी है जब

- 40 - अगर आपका पारिवारिक इतिहास है
- 45 - यदि आप अफ्रीकी अमेरिकी हैं
- 50 - यदि आपका पारिवारिक इतिहास नहीं है और आप अफ्रीकी अमेरिकी नहीं हैं
- 55-69 - अपने डॉक्टर से चर्चा करें
- 70 साल से अधिक के लोगों को स्क्रीनिंग की सिफारिश नहीं की जाती है
- फिर भी, आपके डॉक्टर सलाह दे सकते हैं कि आपको स्क्रीन की जरूरत है या नहीं।

### स्क्रीनिंग कैसे होता है?

**2 तरह के परीक्षण चलन में है।**

-प्रोस्टेट स्पेसिफिक एंटीजन टेस्ट- ब्लड टेस्ट

- फ्री पीएसए परीक्षण (25% फ्री पीएसए कैंसर होने का अधिक खतरा दिखाता है)
- पीएसए वेग या समय के साथ वृद्धि की दर (तेजी से वृद्धि का मतलब अधिक खतरा है)

पीएसए घनत्व, या पीएसए पर वॉल्यूम प्रोस्टेट की मात्रा (उच्च घनत्व का अर्थ है अधिक खतरा)

- पीएसए - आधारित मार्कर (उदाहरण के लिए प्रोस्टेट हेल्थ इंडेक्स, 4के स्कोर)

### डिजिटल रेक्टल एग्जाम हाथ से

- यदि उपरोक्त परीक्षणों में से किसी में प्रोस्टेट कैंसर का संदेह है, तो इसकी पुष्टि इनके द्वारा की जाती है
- अन्य मार्कर, यूरिनरी PCA3 टेस्ट
- प्रोस्टेट का एमआरआई
- बायोप्सी

### मैं 50 वर्ष का हूं, स्क्रीनिंग मेरे लिए क्यों नहीं है?

सिर्फ उम्र के वजह से आपको अधिक खतरा नहीं होता है। एथ्निसिटी जैसे अन्य कारक भी इसके लिए जिम्मेदार हैं जिनकी चर्चा ऊपर की जा चुकी है। इसके अलावा स्क्रीनिंग में कुछ तथ्यों छूट जा सकते हैं काफी महत्व के हो सकते हैं ठीक वैसे हीं कुछ अन्य चीजों का पता चल सकता है जो वैसे नुकशानदेह नहीं होते। ये तेजी से बढ़ते घातक ट्यूमर या धीमी गति से बढ़ते हानिरहित ट्यूमर के बीच अंतर नहीं कर पाते हैं। इसके ऊपर, इसका दुष्प्रभाव रोगी के जीवन के गुणवत्ता को कम कर सकता है। प्रोस्टेट कैंसर स्क्रीनिंग प्रोस्टेट कैंसर का शुरुआत में पता लगाने का एक उपलब्ध समाधान है. अपने आप के परिक्षण का निर्म निर्णय समझदारी से लें। इस संबंध में सभी जानकारी इकठा करें।



# शांतिकुंज हरिद्वार के लिए गेहूं से भरा ट्रक हुआ रवाना

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चौमूं।** गायत्री प्रज्ञा पीठ संस्थान राधाबाग चोमू की ओर से प्रति वर्ष की भांति इस बार भी 173 बोरी गेहूं का ट्रक शांतिकुंज हरिद्वार को रवाना किया गया। उस ट्रक को अतिरिक्त जिला कलेक्टर बीकानेर रामरतन सोकरियाएवं चोमू नगर पालिका अधिशासी अधिकारी देवेंद्र जिंदल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व गायत्री परिवार के कार्यो एवं योजनाओं पर प्रकाश डाला । इस दौरान गायत्री परिवार ट्रस्ट के अध्यक्ष विनेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष सांवरमल अग्रवाल, वरिष्ठ कार्यकर्ता थानाराम जाट, रामधन टाक, मदन विजयवर्गीय, राजेंद्र सेन, कालूराम कटारिया, गजेंद्र सिंह बिजावत, अभिषेक पालीवाल, महेंद्र विजय, जगदीश बागड़ा, डॉ सुरेश जांगिड़, डॉ जेपी सैनी , पार्षद कन्हैयालाल थावरिया परिव्राजक दयाराम राजपाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे । सभी परिजनों ने गुरुदेव के कार्य को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# जांगिड़ समाज चोमू के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर किया अभिनंदन



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चोमू।** नगरपालिका उपाध्यक्ष किरण शर्मा के नेतृत्व में राज बिल्डर्स पर चोमू जांगिड़ ब्राह्मण महासभा शाखा चोमू के अध्यक्ष नानूराम जांगिड़ के निर्वाचित होने पर माला, साफा एवं मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज के राष्ट्रीय उप प्रधान ओमप्रकाश जांगिड़, बिजली मजदूर फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष राम अवतार स्वामी, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव राजकुमार शर्मा एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ओबीसी के अध्यक्ष अभिषेक सैनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए इनको हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की एवं एक स्वस्थ समाज बनाने की बात रखी। इस अवसर पर पार्षद उत्तम गोठवाल, कन्हैयालाल गोयल, महेश मीणा, संजय योगी, राहुल प्रियंका सेना के विधानसभा अध्यक्ष सिया शरण शर्मा, एनएसयूआई के पूर्व नगर अध्यक्ष महेश शर्मा,डॉ विनोद एरन, ओंकार जांगिड़ ,ज्ञान प्रकाश जांगिड़, रवि जांगिड़ ,राम अवतार जांगिड़, महावीर जांगिड़ ,गणपत जांगिड़, श्रवण जांगिड़, कैलाश जांगिड़ सहित समाज के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह

# रिश्ते विशेष साहित्यिक महोत्सव

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**लुधियाना।** पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा मनुष्य के जीवन में रिश्तों के महत्व और उपयोगिता को दर्शाने के लिए ऑनलाइन 'रिश्ते विशेष साहित्यिक महोत्सव' का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'रिश्ते होते हैं विशेष' रखा गया। इस महोत्सव में देश के अलग-अलग राज्यों के रचनाकारों ने भाग लिया। जिन्होंने दिए गए विषय पर आधारित एक से बढ़कर एक उत्कृष्ट रचनाओं को प्रस्तुत कर ऑनलाइन 'रिश्ते विशेष साहित्यिक महोत्सव' की शोभा में चार चाँद लगा दिए और ऑनलाइन रिश्ते विशेष साहित्यिक महोत्सव को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस महोत्सव में रंजन लाल 'बेफिक्र' (इंदौर, मध्य प्रदेश) और सीमा मोटवानी (अयोध्या, उत्तर प्रदेश) द्वारा प्रस्तुत की गई रचनाओं ने समूह का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया। इस महोत्सव में सम्मिलित सभी प्रतिभागी रचनाकार शख्सियतों को ऑनलाइन 'पुनीत साहित्य सरिता' सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुनीत कुमार जी ने मनुष्य के जीवन में रिश्तों के महत्व तथा उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए, सभी लोगों को प्रत्येक रिश्ते को पूरी ईमानदारी के साथ निभाने के लिए प्रेरित किया और महोत्सव में प्रस्तुत की गई रचनाओं पर अपनी महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया देकर रचनाकारों का मार्गदर्शन व उत्साहवर्धन किया और सम्मान पाने वाले सभी प्रतिभागी रचनाकारों को उज्ज्वल साहित्यिक जीवन की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही उन्होंने हिंदी रचनाकारों को आने वाले ऑनलाइन साहित्यिक महोत्सवों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए सादर आमंत्रित भी किया। इस महोत्सव में उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत करके समूह की शोभा बढ़ाने वालों में प्रमुख नाम सीमा मोटवानी, शशि कुरील, रंजन लाल 'बेफिक्र' सविता 'सुमन', सम्पदा ठाकुर, भारती राय रचनाकारों के रहे।

# चारधाम की यात्रा के लिए जाने वाले जत्थे को विधायक रामलाल शर्मा ने किया रवाना



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चौमूँ।** आज शहर के वार्ड 39 से चारधाम की यात्रा के लिए रवाना हुए 29 लोगो के जत्थे को विधायक रामलाल शर्मा ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक रामलाल शर्मा ने चारधाम की यात्रा पर जाने वाले सदस्यों को माला पहनाकर सकुशल यात्रा की मनोकामना की। इस मौके पर वार्ड पार्षद पूजा गंगवाल, पूर्व पार्षद मुकेश जांगिड़, किशोर गंगवाल, बलदेव सिंह टांक, पूनम सैनी आदि लोग उपस्थित रहे।




JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing ★ Digital Marketing ★ Whatsapp Marketing ★ Bulk SMS Marketing
★ Website Development ★ Android Development ★ Software Development ★ Social Media Management
MSGJET
SCHOOL

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ Pamphlets ★ Bill Book ★ ID Cards ★ Banners ★ Brochure ★ Letterhead ★ Envelope ★ Signages ★ Calendars ★ Diary ★ Bags ★ Pen Stand ★ Paper Weights ★ Pen ★ Mugs ★ T-Shirts ★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan
WE ARE Google Partner | Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INIDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com

## जागरूक खबरें

### ■ राष्ट्रपति ने प्रदेश के दो शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से किया सम्मानित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षक दिवस पर राजस्थान के दो शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2022 से सम्मानित किया। मुर्मु ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में उदयपुर जिले के दुर्गाराम मुवाल और बीकानेर जिले की सुनीता गुलाटी को सम्मानित किया।

### ■ नाटक 'करवट' का मंचन 11 को

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मनघडंत बैनर तले 11 सितम्बर को आदिनाथ नगर स्थित 'माह स्पेस' में 'करवट' नाटक का मंचन किया जाएगा। इसका लेखन हिंदी-उर्दू एंथोलॉजी नाटक है, जिसमें 4 अलग-अलग परस्पर जुड़ी कहानियां शामिल हैं। जो सांप्रदायिक दंगों पर आधारित हैं। इस नाटक के लेखक एवं निर्देशक करन सिंह गहलोत है। इस नाटक को चारू भाटिया ने प्रोड्यूस किया है।

### ■ दिनचर्या व ऋतुचर्या का पालन जरूरी-पठान

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रज्ञायोग एलाइन्स जयपुर की ओर से दो दिवसीय ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें आयुर्वेद चिकित्साधिकारी इकबाल मोहम्मद पठान रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय की कल्पना करते हुए यह वर्कशॉप आयोजित हुई। उन्होंने दिनचर्या एवं ऋतुचर्या पर विस्तृत जानकारी प्रदान करने के साथ ही दिनचर्या एवं ऋतुचर्या के शास्त्रीय संदर्भों सहित व्यवहारिक पक्ष को भी बखूबी समझाया। डॉ. पठान ने स्वस्थ स्वास्थ्य के महत्व पर बल देते हुए कहा कि बिना स्वास्थ्य के पुरुषार्थ चतुष्ट्य (धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष) की प्राप्ति नहीं हो सकती, क्योंकि पुरुषार्थ चतुष्ट्य ही आरोग्य का मूल है। योगाचार्य डॉ. कपिल केसरी ने वर्कशॉप के महत्व की जानकारी दी।

### ■ बैंसला का अस्थि कलश रूपनगढ पहुंचा

**अजमेर @ जागरूक जनता।** राजस्थान के दिवंगत गुर्जर नेता कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला का अस्थि कलश अजमेर जिले के किशनगढ़ उपखंड में रूपनगढ़ पहुंचा जहां गुर्जर छात्रावास में पूर्व उप प्रधान श्रवण गुर्जर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में गुर्जर समाज ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। रुपनगढ़ से अस्थि कलश दस सितंबर को अजमेर के निकटवर्ती तीर्थराज पुष्कर के मेला मैदान पहुंचेगा जहां राज्य भर से आए गुर्जर समाज के लोग श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि देंगे। फिर बारह सितंबर को अस्थि कलश विसर्जन कार्यक्रम होगा।

### ■ कोटा जिले के बाढ़ पीड़ितों को 93.70 लाख की सहायता मंजूर

**कोटा @ जागरूक जनता।** राजस्थान में कोटा जिले में अतिवर्षा के कारण आवासीय क्षेत्रों में हुए नुकसान का सर्वे करवाकर प्रभावित परिवारों को सहायता राशि जारी करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। पीपल्दा तहसील में 207 आवासों एवं चार केटलशेड में क्षति होने पर 93 लाख 70 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की है।

### ■ जोशी ने ज्यूरिख कैंटोन संसद की अध्यक्ष से की भेंट

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी पी जोशी ने मंगलवार को ज्यूरिख में ज्यूरिख कैंटोन संसद की अध्यक्ष एस्थर गायर, उपाध्यक्ष सेल्वी मेटर व सासंद बेनो शेरर से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर विधानसभा सचिव महावीर प्रसाद शर्मा भी मौजूद रहे।

# जन्मदिन से एक दिन पहले Twitter पर नंबर एक ट्रेंड "सचिन संग राजस्थान"



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने 7 सितंबर को अपने 45 वें जन्मदिन से 1 दिन पहले मंगलवार को अपना भव्य जन्मदिन समारोह मनाकर अपनी ताकत दिखाई तो वहीं कई सियासी संदेश भी दिए। दिलचस्प बात तो यह है सचिन पायलट जन्मदिन से 1 दिन पूर्व ट्विटर पर भी दो हैशटेग के साथ नंबर वन और नंबर दो तक ट्रेंड हो रहा हैं।

सचिन पायलट समर्थकों ने जहां "सचिन संग राजस्थान" को 39 हजार से ट्वीट के जरिए ट्विटर पर नंबर 1 ट्रेंड कराया। वहीं सचिन पायलट भी नंबर दो तक ट्रेंड करता रहा। ट्विटर पर नंबर वन व नंबर दो तक के जरिए पहुंचने से कांग्रेस के सियासी गलियारों में भी चर्चाएं हैं कि सोशल मीडिया पर सचिन पायलट की जबरदस्त फैन फॉलोइंग है।

### एक दिन पहले ही मनाया जन्मदिन समारोह

दरअसल सचिन पायलट का जन्मदिन साथ सितंबर को आता है लेकिन 7 सितंबर को कन्याकुमारी से कश्मीर तक शुरू होने वाली भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए सचिन पायलट कन्याकुमारी जाएंगे ऐसे में उन्होंने एक दिन पहले ही आज जन्मदिन मना कर अपना शक्ति प्रदर्शन कर दिया। इससे पहले अपने आवास पर मनाए जन्मदिन समारोह में पायलट को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने गहलोत कैंप के भी कई विधायक पहुंचे। करीब एक दर्जन से अधिक विधायकों ने पायलट को शुभकामनाएं दी। इसी बीच राजधानी जयपुर में अचानक इंटरनेट ठप हो गया, जिस कारण लाइव प्रसारण में इंटरनेट बंद होने से पायलट का संबोधन भी बीच में ही रुक गया। जन्म दिवस समारोह में प्रदेशभर के जिलों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। जयपुर में दर्जनों चौराहों पर पायलट समर्थकों ने जन्म शुभकामना के होर्डिंग,बैनर और पोस्टर लगाए। हर बार की तरह इस बार भी सचिन पायलट के जन्मदिन पर जो केक काटा गया, वो उनकी उम्र के जितने वजन यानी 45 किलो का केक काटा गया। केक मोती डूंगरी गणेश मंदिर के लड्डु के रूप में बनाया गया।

### गहलोत समर्थक विधायक भी पहुंचे

पायलट समर्थक विधायकों, पीसीसी पदाधिकारियों, पूर्व पदाधिकारियों के अलावा गहलोत समर्थक 4 विधायक भी बधाई देने पहुंचे। इन विधायकों में गंगा देवी, सुरेश टांक, ओमप्रकाश हुडला, प्रशांत बैरवा और इंदिरा मीणा शामिल हैं। इसके अलावा पायलट समर्थक विधायक मंत्री बिजेंद्र ओला, रामनिवास गावड़िया, जीआर खटाणा, वेद प्रकाश सोलंकी, हरीश मीणा, सुरेश मोदी, पी आर मीणा, राकेश पारीक, विधायक मुकेश भाकर, वीरेंद्र चौधरी, गिरिराज सिंह मलिंगा, दीपेंद्र सिंह शेखावत, अमर सिंह जाटव और सुरेश मोदी भी जन्मदिन की शुभकामनाएं देने पहुंचे। विश्वेंद्र सिंह के बेटे अनिरुद्ध सिंह भी पहुंचे थे।

भारतीय जीवन बीमा निगम ने मनाई 66वी वर्षगांठ

## विषम परिस्थितियों में आर्थिक संबल प्रदान करती है निगम- डॉ प्रेमराज

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**भीनमाल।** स्थानीय भारतीय जीवन बीमा निगम में 66वी वर्षगांठ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रेमराज परमार और माणकमल भंडारी के मुख्य आतिथ्य में मनाई गई। इस मौके पर डॉ. प्रेम राज परमार ने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम ही एक ऐसा संस्थान है, जो भारत सरकार का उपक्रम है और विषम परिस्थितियों में लोगों की लिए आर्थिक संबल प्रदान करता है। कई लोगों के लिए यह वरदान साबित हो रहा है। माणकमल भंडारी ने कहा कि आज हजारों लोग इससे जुड़कर रोजगार पा रहे हैं। वही लाखों-करोड़ों लोगों को सुरक्षा मिल रही है। शाखा प्रबंधक रमेश परमार ने कहा कि आज 67वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। 1956 में LIC शुरुआत हुई थी और तभी से सेवा में है। बीमा क्षेत्र को खोलने के दो दशकों के बावजूद, कंपनी बाजार में अग्रणी बनी हुई है। इस अवसर पर एबीएम पवन कछवाह, प्रभुराम पंचाल, शंकर लाल मीणा, पंकज सिंह, विकास अधिकारी महेश पारिक, नारायण लाल सोलंकी, पंकज सिंह चौहान, करताराम भील, किशन लाल सुथार, बाबूलाल सुथार, सुखराम बिश्नोई, सुरजा राम देवासी, किशोर कुमार देवासी, जितेंद्र कंडारा, सरवन भट्ट, यादराम मीणा, सुनील सैनी, दानाराम देवासी, वीरेंद्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## रावत एजुकेशनल ग्रुप का विशाल कार्यक्रम "तस्मे श्री गुरुवे नमः"



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** रावत एजुकेशनल ग्रुप की ओर से रावत पब्लिक स्कूल,प्रताप नगर के निर्मला ऑडिटोरियम में शिक्षक दिवस के अवसर एक विशाल कार्यक्रम तस्मय श्री गुरुवे नमः का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत,निदेशक हेमेंद्र रावत और नरेंद्रसिंह रावत द्वारा किया गया।कार्यक्रम में संपूर्ण ग्रुप के 500 से अधिक शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं ऑफिशियल स्टाफ को सम्मानित किया गया। सभी ब्रांच की प्रिंसिपल को आचार्य श्रेष्ठ, शिक्षकों को गुरु श्रेष्ठ एवं ऑफिशियल स्टाफ को कर्मयोगी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विवेक विहार, मानसरोवर, प्रताप नगर, भांकरोटा के RBSE और CBSE विद्यालय सहित रावत ग्रुप ऑफ कॉलेज के शिक्षकों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी अपनी सुंदर प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेयर जयपुर हेरिटेज मुनेश गुर्जर एवम विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रहलाद सिंह, आईपीएस को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर सम्मान स्वरूप श्रीफल,सम्मान पटका,सम्मान पत्र,रामायण एवं शिक्षक दिवस के कार्ड दिए गए। कार्यक्रम में विशाल सहभोज को भी आयोजित किया गया।

काउंसलिंग शेड्यूल जारी

## 941 बीएड कॉलेजों में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश के 941 बीएड कॉलेजों में एक लाख 7 हजार 480 सीटों पर एडमिशन के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही काउंसलिंग शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। काउसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन 17 सितंबर से किए जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन करने और काउंसलिग शुल्क जमा करवाने की अंतिम तिथि 27 सितंबर है। कॉलेज चयन के ऑप्शन के लिए स्टूडेंट्स 29 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पहली काउसंलिंग के बाद मेरिट के आधारर पर कॉलेज आवंटन की सूची 5 अक्टूबर को पीटीईटी की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। सफल अभ्यार्थी 6 से 15 अक्टूबर तक एडमिशन फीस के 22 हजार रुपए जमा करवा सकेंगे। 07 से 17 अक्टूबर तक अभ्यर्थियों को उनको आवंटित महाविद्यालय में रिपोर्टिंग कर संबंधित मूल दस्तावेजों की जांच करवानी होगी। इससे पूर्व यदि अभ्यार्थियों के आवेदन पत्र में कोई गलती रह गई है तो उसमें सुधार का मौका भी दिया गया है। अभ्यार्थी 13 सितंबर तक आवेदनपत्र में संशोधन कर सकते हैं। संशोधन के लिए विद्यार्थियों को यह अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है, इसके बाद आवेदन में किसी तरह के संशोधन के लिए विचार नहीं किया जाएगा

### यह रहेगा शेड्यूल

- » काउसंलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन- 17 सितंबर से
- » ऑनलाइन आवेदन करने और काउसंलिंग शुल्क जमा करवाने की अंतिम तिथि- 27 सितंबर
- » कॉलेज आवंटन की सूची होगी जारी- 5 अक्टूबर
- » प्रवेश शुल्क जमा करवाने की तिथि- 6 से 15 अक्टूबर
- » कॉलेज में रिपोर्टिंग कर दस्तावेज जांच करवाने की तिथि- 7 से 17 अक्टूबर।

ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा 2021

## पात्रता जांच एवं दस्तावेज का सत्यापन प्रारम्भ

**ऑनलाइन भरे गए फार्म के साथ दो प्रतियों में लाने होंगे दस्तावेज**

**आईजीपीआरएस में 23 सितम्बर तक प्रात: 10 से सायं 5 बजे तक चलेगी दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया**



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान अधीनस्थ कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा 2021 में अस्थायी रूप से चयनित अभ्यर्थियों की पात्रता की प्राथमिक जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य मंगलवार को जवाहरलाल नेहरू मार्ग स्थित इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान में प्रारम्भ हुआ। पंचायती राज विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने संस्थान पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने अभ्यर्थियों से बात कर उनकी शंकाओं का समाधान भी किया। दस्तावेज सत्यापन एवं पात्रता जांच के लिए आने वाले अभ्यर्थियों को नियमानुसार दो प्रतियों में आवेदन पत्र मय दस्तावेजों के अलग-अलग धागे से बांधकर लाने होंगे। इन दोनों प्रतियों के ऊपर स्वयं की एसएसओ आईडी के माध्यम से ऑनलाइन भरा गया फार्म भी लगाया जाना आवश्यक है। अभ्यर्थी का ई.डब्ल्यू.एस एवं ओबीसी का प्रमाणपत्र आवेदन की अंतिम तिथि 9 अक्टूबर 2021 से पहले का होना चाहिए। शपथ पत्र के आधार पर अधिकतम तीन वर्ष पूर्व का भी मान्य होगा। श्रेणी के अनुसार फीस जमा नहीं होने की स्थिति में शेष राशि का पोस्टल ऑर्डर भी संलग्न कर लाना आवश्यक है। राजस्थान अधीनस्थ कर्मचारी चयन बोर्ड के विशेषाधिकारी सऊद अख्तर एवं सलाहकार रघुवीर सिंह भी इस मौके पर उपस्थित थे जिन्होंने प्रमाणपत्रों, फीस राशि एवं आवेदन के सम्बन्ध में उपरोक्तानुसार एवं अन्य अपरिहार्यताओं की सुस्पष्ट जानकारी अभ्यर्थियों को प्रदान की। संस्थान में अभ्यर्थियों की पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के लिए माकूल व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्हें उपस्थिति पर टोकन प्रदान कर दस्तावेज सत्यापन के लिए क्रमानुसार प्रवेश दिया जा रहा है। सहायता के लिए हैल्पडेस्क भी स्थापित की गई है।

ANCHOR — बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम हो रहा डवलप

## राजस्थान में 5 दिन बाद फिर शुरू होगा मानसूर का दौर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में आज बारिश का दौर थम गया। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के किसी भी हिस्से में बारिश नहीं हुई। अगले 4 दिन यानी 9 सितम्बर तक प्रदेश में बारिश होने के कोई आसार भी नहीं है। हालांकि बंगाल की खाड़ी में एक नया सिस्टम डेवलप हो रहा है। ये संभावना जताई जा रही है कि इस सिस्टम के कारण 11 सितम्बर के बाद गुजरात से लगते हिस्सों में बारिश का दौर शुरू हो सकता है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक वर्तमान में मध्य बंगाल की खाड़ी में सिस्टम विकसित हो रहा है और इसके लो प्रेशर एरिया या डिप्रेशन में कन्वर्ट होने की संभावना है। 8 सितम्बर तक ये सिस्टम पूर्वी भारत के तटों से आगे बढ़ना शुरू हो जाएगा, जो उड़ीसा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के दक्षिणी हिस्से, गुजरात और महाराष्ट्र में अगले 3-4 दिन सक्रिय रहेगा। इस सिस्टम के असर से इन राज्यों में बारिश होगी। इसी सिस्टम के असर से राजस्थान के दक्षिणी हिस्सों में भी बारिश होने की संभावना जताई जा रही है।

### गंगानगर में दिन का पारा 38 डिग्री के पार

राज्य में मौजूदा समय में मौसम साफ है और धूप निकल रही है। पिछले 24 घंटे के दौरान पिलानी, सीकर, फलौदी, चूरू, बीकानेर, गंगानगर में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा तापमान गंगानगर जिले में 38.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। वहीं जयपुर, अलवर, बाड़मेर और जैसलमेर में भी दिन का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### अब आगे क्या?

जयपुर मौसम केन्द्र के मुताबिक आज प्रदेश के उत्तरी हिस्से गंगानगर, हनुमानगढ़ को छोड़कर शेष हिस्से में मौसम शुष्क रहेगा। इन दो जिलों में अगले कुछ घंटों के दौरान मौसम में बदलाव होने के साथ बूंदाबांदी होने की संभावना है। 7, 8, 9 सितम्बर को प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। कहीं-कहीं स्थानीय स्तर पर नमी के चलते आसमान में हल्के बादल छा सकते हैं, लेकिन बारिश होने की संभावना कम है।

ई-गवर्नेंस की ओर बड़ा कदम 'जन आधार'

## डीबीटी में राजस्थान चौथे स्थान पर

**» पारदर्शी तरीके से मिल रहा योजनाओं का लाभ**

**» अब तक लगभग 50 हजार करोड़ का हस्तांतरण**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह सुशासन राज्य सरकार का मूलमंत्र रहा है। राज्य सरकार का प्रयास है कि ई-गवर्नेंस को अधिक से अधिक बढ़ावा देकर सर्विस डिलीवरी को बेहतर बनाया जाए, ताकि आमजन तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी लीकेज के तेजी से पहुंचे। जन आधार योजना इसी दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसके तहत प्रदेश के लगभग 1 करोड़ 93 लाख परिवार नामांकित हो चुके हैं। इन परिवारों के करीब 7 करोड़ 48 लाख नामांकित सदस्यों को सरकारी योजनाओं के लाभ उनकी पात्रतानुसार जनआधार के माध्यम से मिल रहा है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पहल पर शुरू की गई जनआधार योजना राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ आमजन तक सरलता एवं सुगमता के साथ पहुँचाने में कारगर सिद्ध हुई है। योजना के माध्यम से अब तक लाभार्थियों के बैंक खातों में लगभग 50 हजार करोड़ रुपये हस्तांतरण किये जा चुके है, जो एक बड़ी उपलब्धि है।

योजना में अब तक नकद और गैर नकद लाभ के 119 करोड़ से अधिक ट्रांजेक्शन कर लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं में लाभ दिया गया है। बेहतर सर्विस डिलीवरी और पारदर्शिता की सोच के साथ शुरू की गई इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन का ही परिणाम है कि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के मामले में राजस्थान पूरे देश में चौथे स्थान पर है। सरकार और आमजन के बीच पारदर्शिता बढ़ाने और भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने की दिशा में इस योजना की बड़ी भूमिका कारगर सिद्ध हो रही है। राज्य सरकार की 70 योजनाओं को जन आधार से जोड़ा गया है। ज्यादातर योजनाओं को इससे जोड़ने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है।

इस योजना की एक प्रमुख विशेषता यह भी है कि जन आधार कार्ड में मुखिया महिला को चुना जाता है। इससे समाज में महिला सशक्तीकरण की अवधारणा को भी बल मिला है। राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ जन आधार कार्ड के माध्यम से लिया जा सकता है। साथ ही इसका उपयोग पहचान पत्र के रूप में भी किया जा सकता है। यह एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें प्रत्येक परिवार का जन-सांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक जानकारियों का डेटाबेस तैयार किया जा रहा है, ताकि प्रभावी योजनाओं के निर्माण के साथ ही नीति-निर्धारण में आसानी हो और आमजन तक इनका लाभ भी सुगमता से पहुंचे।

## जागरूक खबरें

### एकादशी पर निकाली ठाकुर जी की शोभायात्रा



**जयपुर @ जागरूक जनता।** बस्सी कस्बे स्थित ग्राम मानगढ़ खोखावाला में मंगलवार को ठाकुर जी की शोभायात्रा निकाली गई। झलझुलनी एकादशी के पावन पर्व पर निकली इस डोल यात्रा में ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। श्री राम जानकी मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित रामकिशोर महाराज ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी झांकी को सजाकर विहार के लिए ले जाया गया। मंदिर को झूले में विराजमान करवाकर पुष्पवर्षा के साथ भ्रमण करवाया गया। पंडित रामकिशोर की माने तो ठाकुर जी को पंचामृत से स्नान करवाकर सजाया गया, उसके बाद तालाब की पाल पर ले जाकर आरती उतारी गई। बीच रास्ते में जगह जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर झांकी का स्वागत किया। जलविहार उत्सव के बाद श्रद्धालुओं को पंचामृत और प्रसाद वितरण किया गया।

राजस्थान के 3 विश्वविद्यालयों और आई.एम.टी. गाजियाबाद के मध्य हुआ एम.ओ.यू

# प्रदेश में खेल संस्कृति को मिलेगा बढ़ावा

### राज्यपाल की उपस्थिति मे राजभवन में सहमति पत्र पर हुए हस्ताक्षर

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र की उपस्थिति में मंगलवार को राजभवन में आई.एम.टी. गाजियाबाद एवं मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय तथा गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के मध्य खेल संस्कृति के विकास के संबंध में एक महत्वपूर्ण सहमति पत्र (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर हुए। इसके अंतर्गत स्थानीय और पारम्परिक खेलों को पुनर्जीवित करने के साथ ही उच्च शिक्षण संस्थाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा दिए जाने पर कार्य होगा। राज्यपाल ने इस अवसर पर उम्मीद जताई कि एमओयू से आई.एम.टी. गाजियाबाद के स्पोर्ट्स रिसर्च सेन्टर की मदद से हमारे विश्वविद्यालयों द्वारा राजस्थान में स्थानीय और पारम्परिक खेलों को पुनर्जीवित करने और खेलों के विकास का बेहतर वातावरण बन सकेगा। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों का खेलों से जुड़ाव जन जागरुकता के माध्यम से ही हो सकता है। आई.एम.टी. गाजियाबाद और हमारे विश्वविद्यालयों का इस संबंध में संयुक्त प्रयास लोगों में खेल के प्रति जागरुकता पैदा कर उन्हें पारम्परिक खेलों के साथ आधुनिक खेलों से जोड़कर राजस्थान को खेलों में अग्रणी कर सकेगा।

इस अवसर पर आई.एम.टी. गाजियाबाद के स्पोर्ट्स रिसर्च सेन्टर के हैड डॉ. कनिष्क पाण्डेय ने बताया कि एमओयू के तहत प्रदेश के उदयपुर, भीलवाड़ा, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़, राजसमन्द, सिरोही, बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ जिलों में पारम्परिक खेलों के विकास के साथ ही यहां पर खेलों से जुड़ी अन्य संभावनाओं पर कार्य करते हुए स्थानीय खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने का कार्य किया जा सकेगा।

एमओयू के दौरान राज्यपाल के प्रमुख सविच सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्द राम जायसवाल, गोविन्द गुरू जनजातीय एवं मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आई.वी. त्रिवेदी, आई.एम.टी. गाजियाबाद के डायरेक्टर डॉ. विशाल तलवार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी उपस्थित रहे।



# रक्षा सहयोग का दायरा बढायेंगे भारत और मंगोलिया

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** मंगोलिया की यात्रा पर गये रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को राजधानी उलनबटार में अपने समकक्ष ले् जनरल एस गर्सेंद के साथ द्विपक्षीय वार्ता की तथा मंगोलिया के राष्ट्रपति से भी मुलाकात की।सिंह ने भारत की सहायता से बनाये गये साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन किया और भारत-मंगोलिया मित्रता स्कूल का शिलान्यास भी किया। राजनाथ सिंह मंगोलिया की यात्रा करने वाले पहले रक्षा मंत्री हैं। दोनों पक्षों के बीच शिष्टमंडल स्तर की वार्ता के बाद दोनों रक्षा मंत्रियों ने द्विपक्षीय वार्ता की। उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और अधिक बढाने तथा परस्पर हितों के क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। दोनों रक्षा मंत्रियों ने परस्पर विश्वास , समझ, साझा हितों और साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित सामरिक साझेदारी को पूरी तरह से कार्यान्वित करने के प्रति वचनबद्धता दोहरायी। दोनों ने भारत- मंगोलिया संयुक्त कार्य दल को फिर से पूरी तरह सक्रिय करने का भी संकल्प लिया और यह तय हुआ कि समूह की बैठक इस वर्ष के अंत में भारत होगी।

DGP बोले- NCRB की रिपोर्ट में गफलत

# दावा- रेप के मामलों में राजस्थान 1 नंबर पर नहीं, बल्कि 7वें नंबर पर

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**दौसा।** नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की हाल ही में जारी रिपोर्ट में राजस्थान रेप के मामले में टॉप पर है। इसको लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पहले ही सवाल खड़े कर चुके हैं। अब DGP एमएल लाठर ने इसको लेकर सफाई दी है। उन्होंने कहा- रेप के मामलों में राजस्थान 1 नंबर पर नहीं, बल्कि 7वें नंबर पर है। सीएम अशोक गहलोत पहले ही NCRB की रिपोर्ट को राजस्थान को बदनाम करने का प्रयास बता चुके हैं। पुलिस विभाग के मुखिया एमएल लाठर ने शनिवार को दौसा में इस पर पहली बार आधिकारिक बयान दिया। DGP दौसा जिले के मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे। वहां मीडिया से बातचीत करते हुए कहा- इन आंकड़ों को समझने की जरूरत है। दो राज्यों के बीच अपराध की तुलना करना गलत है। अपराध कम होना ही चाहिए। हमारी जिम्मेदारी है कि हम समाज को अपराध मुक्त बनाएं।

### ओवरऑल क्राइम में 7वां स्थान

**DGP** ने कहा- जनप्रतिनिधि, सरकारी कर्मचारी व आम नागरिक, सबकी जिम्मेदारी है कि राजस्थान की छवि सुधारी जाए। जहां तक NCRB के आंकड़ों का सवाल है, तो इन्हें समझने की समझ भी होनी चाहिए। महिला क्राइम में राजस्थान के नंबर 1 होने की बात कही जा रही है, हमारा ओवर ऑल क्राइम में पहला नहीं बल्कि 7वां नंबर है। पूरे आंकड़ों को समग्र रूप से देखेंगे तब भी देश में 7वां स्थान है।

### दुष्कर्म मामलों में NCRB में गलती

**DGP** ने कहा कि रेप के मामले में राजस्थान नंबर 1 नहीं है। NCRB ने राजस्थान के आंकड़ों में माइनर व मेजर बालिकाओं से जुड़े अपराध के आंकड़ों को क्लब कर दिया है, जबकि दूसरे राज्यों में माइनर व मेजर बालिकाओं से जुड़े अपराध के आंकड़े अलग-अलग हैं। इस वजह से NCRB की रिपोर्ट में यह गलती हुई है।

### पॉक्सो में मध्य प्रदेश नंबर एक

**DGP** ने कहा कि क्लासिफिकेशन का अपना-अपना तरीका होता है। उस टेबल को देखेंगे तो राजस्थान को पॉक्सो मामलों में एक नंबर दिखा रहा है। क्योंकि हमने उनको एक जगह शामिल कर रखा है। दोनों को अगर मिलाते हैं तो हम दूसरे नंबर पर आते हैं और पहले नंबर पर मध्य प्रदेश आता है। अगर हम झूठे मुकदमों को वापस कर दें, तो हमारी पोजिशन 7वें नंबर पर आती है।

### राजस्थान का 12वां स्थान

**DGP** ने कहा कि नाबालिगों के खिलाफ अपराध के आंकड़ों में राजस्थान का 12वां स्थान है। पहले स्थान पर मध्य प्रदेश, दूसरे पर महाराष्ट्र, तीसरे पर तमिलनाडु, चौथे पर उत्तर प्रदेश, पांचवें पर कर्नाटक है...राजस्थान तो एक से 10वें स्थान के बीच में भी नहीं है...बल्कि 12वें स्थान पर है।

### क्या कहती है रिपोर्ट

**रिपोर्ट** के मुताबिक, राजस्थान रेप के मामलों में देश में पहले नंबर पर है। राजस्थान में साल 2021 में कुल 6,337 रेप के मामले सामने आए, जो साल 2020 के 5,310 के मुकाबले एक हजार ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक 2020 और 2021 में राजस्थान में सबसे अधिक रेप मामले सामने आए। राजस्थान के बाद एमपी में रेप के मामले दर्ज हुए। वहां पर 2020 में 2,339 मामले थे, जबकि 2021 में ये नंबर बढ़कर 2,947 हो गए। रेप केस के मामलों में राजस्थान 2020 से टॉप पर है। प्रदेश में पिछले 28 महीनों (2020 से अप्रैल 2022) तक दुष्कर्म के 13,890 केस दर्ज हुए हैं। इनमें से 11,307 दुष्कर्म नाबालिग लड़कियों से हुए। वहीं दो साल में 12 साल से छोटी उम्र की 170 बच्चियों से दरिंदगी के मामले सामने आए।

# विस अध्यक्ष ने ज्यूरिख कैंटोन संसद की अध्यक्षा से की शिष्टाचार भेंट

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने मंगलवार को ज्यूरिख में ज्यूरिख कैंटोन संसद की अध्यक्षा एस्थर गायर, उपाध्यक्ष सेल्वी मेटर व सासंद बेनो शेरर से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर विधानसभा सचिव श्री महावीर प्रसाद शर्मा भी उपस्थित रहे। डॉ. जोशी ने ज्यूरिख कैंटोन संसद के सहमति लोकतंत्र के सिद्धान्त को सराहा और इसे अन्य लोकतांत्रिक देशों के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने संसद परिसर का अवलोकन किया।डॉ जोशी ने भारतीय लोकतंत्र और देश व राज्य की संसदीय प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विधानसभा सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि स्विट्जरलैंड के राजनीतिक तंत्र की खासियत है कि वहां जनमत संग्रह के माध्यम से आम लोगों को भागीदारी करने का अधिकार है। राजनीतिक प्रस्ताव पर प्रारूप स्तर से ही सहमति निर्माण का कार्य वहां प्रारंभ हो जाता है । सरकार द्वारा पहला प्रारूप परामर्श प्रक्रिया के दौरान ही प्रकाशित कर दिया जाता है जिस पर सभी मतदाता, हित समूह एवं दल अपना मत प्रकट कर सकते हैं।

# योगाचार्य ढाकाराम का दिल्ली में सार्वजनिक सम्मान



**जयपुर @ जागरूक जनता।** तालकटोरा स्टेडियम दिल्ली में बीते दिनों योग गुरु बाबा रामदेव के हाम्रो स्वाभिमान ट्रस्ट द्वारा नेपाल के संस्कार एवं संस्कृति से ओतप्रोत महोत्सव में योगापीस संस्थान जयपुर के संस्थापक योगाचार्य ढाकाराम को उनकी योग को समर्पित सेवाओं के लिए सार्वजनिक रूप से कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। महोत्सव में कला, शिक्षा, चिकित्सा, योग, संगीत समाज सेवा एवं मीडिया जगत की विभिन्न विभूतियों ने भाग लिया। योगाचार्य ढाकाराम ने योग गुरु बाबा रामदेव एवं आचार्य बालकृष्ण से शिष्टाचार भेंट की। महोत्सव में आध्यात्मिक वक्ता एवं लेखक योगी मनीष विजयवर्गीय, हेमंत अधिकारी, राजीव सोनकर, प्रोफेसर नितिन अरोड़ा एवं हरिओम चौधरी भी सम्मिलित हुए।

# आज के पार्षद, कल के एमएलए पुस्तक का हुआ विमोचन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net




**जयपुर।** वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक राजेन्द्र सिंह गहलोत द्वारा लिखित पुस्तक आज के पार्षद, कल के एम एल ए का विमोचन चैम्बर भवन के भैरोसिंह शेखावत सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से की गई, तत्पश्चात अतिथिगण का करण सिंह गहलोत एवं अर्जुन सिंह गहलोत द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। पुस्तक में राजेन्द्र सिंह गहलोत ने राजनेताओं की पोल बड़ी बेबाकी से खोली एवं साथ ही अच्छे पार्षदों को भी इस किताब में स्थान दिया, जिनमें कांग्रेस के लादूराम दुलारिया, निर्दलीय कुसुम यादव, कांग्रेस के भूपेन्द्र कुमार मीना, भाजपा के विमल अग्रवाल, कांग्रेस के दामोदर मीणा, कांग्रेस के प्रदीप तिवाड़ी, भाजपा के पूरण मल सैनी, कांग्रेस के नीरज अग्रवाल, भाजपा के महेंद्र पहाड़िया शामिल हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईपीएस पंकज चौधरी ने कहा कि अगर हर आदमी अपने अपने क्षेत्र में करप्शन के खिलाफ आवाज उठायेगा तो निश्चित ही आज नहीं तो कल सिस्टम को बदलना पड़ेगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सुधीर माथुर ने कहा कि करप्ट सिस्टम के खिलाफ इतनी बेबाकी से लिखना वाकई बेहद साहस का काम है, यह काम निरंतर जारी रहना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष जसबीर सिंह ने कहा कि आज के समय में सच बोलने वालों की बेहद जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार एवं मीडिया विश्लेषक एम आर सिंघवी ने कहा कि पार्षद राजनीति की पहली सीढ़ी है, आज के ये ही पार्षद कल के एम एल ए बनेंगे और देश का विकास इनके कार्यों पर निर्भर करेगा।

कार्यक्रम के अंत में प्रकाशक विमल चन्द्र ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह दिये एवं सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन प्रिंस रूबी ने किया एवं कहा कि आज के दौर में ज्यादा नुकसान बुरे लोगों के बोलने से ज्यादा अच्छे लोगों के चुप रहने से हो रहा है और यह किताब अच्छे लोगों की आवाज बनकर उभरी है।

# इन्दिरा गांधी शहरी रोज़गार गारंटी योजना को लेकर पालिका में आयोजित हुई बैठक

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**निम्बाहेड़ा।** राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री उदयलाल जी आंजना के निर्देश पर मंगलवार को नगरपालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा की अध्यक्षता में इन्दिरा शहरी रोज़गार गारंटी योजना के सम्बन्ध में बैठक आयोजित हुई।

अधिशाषी अधिकारी सौरभ कुमार जिंदल ने अवगत कराया कि राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना इन्दिरा गॉधी शहरी रोजगार गांरटी योजना की शुरूआत दिनॉक 09 सितम्बर 2022 से हो रही है जिसमें 18 से 60 वर्ष की आयु के नगरवासी अपने निकटतम ई मित्र से या कायार्लय नगरपालिका से निःशुल्क आवेदन कर जॉब कार्ड बनवा सकते है।जॉब कार्ड बनवाने के लिए आवेदन करने के लिए आवेदक को अपना जन आधार कार्ड एवं अपना मोबाईल साथ लाना अनिवार्य है।आवेदक स्वयं भी मुख्यमंत्री पोटर्ल से ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।उक्त योजना में पयार्वरण संरक्षण कार्य सावर्जनिक स्थानों एवं कब्रिस्तान इत्यादि स्थानों पर वृक्षारोपण का कार्य,जल संरक्षण सम्बन्धी कार्य,तालाब,बावड़ी आदि की मिट्टी निकालने एवं सफाई और सुधार कार्य इत्यादि,स्वच्छता एवं सेनिटेशन सम्बन्धी कार्य सावर्जनिक शौचालय एवं मूत्रालय इत्यादि की साफ-सफाई के कार्य आदि करवाये जाने है।पालिका उपाध्यक्ष परवेज़ अहमद ने योजना को जन-जन तक पहुँचाने हेतु कुछ सुझाव दिए।

बैठक में उक्त योजना से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी जिंदल द्वारा उपस्थित वार्ड पार्षदों को दी गई तथा अधिकाधिक नगरवासियों के जॉब कार्ड बनवाने के लिए आह्वान किया गया ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद नगरवासियों को योजना के अन्तगर्त रोजगार उपलब्ध हो सकें। बैठक में युकां विधानसभा पूर्व अध्यक्ष व पार्षद रविप्रकाश सोनी,जिला आयोजना समिति सदस्य व पार्षद मनोज पारख, वरिष्ठ पार्षद बंसीलाल राईवाल, अब्बासी समाज प्रदेश अध्यक्ष व पार्षद सलीम अब्बासी, पार्षद अतीक खान, एकता सोनी, शबाना खान, मोहम्मद कुरैशी, माणक लाल साहू, जावेद खान, प्रदीप (रोमी) पोरवाल, शमशु कमर, राजेश सांड, भानुप्रताप सिंह, खेमराज (कालू) कुमावत, राधकिशन गवारिया, ओम प्रकाश शर्मा, नितिन नागौरी, खेमराज मेघवाल, अनिता धर्मपाल जाट, फिरदौस बी, तबस्सुम शाह,ओम बाहेती, मुकेश मेघवाल,नितेश लोट, नीलोफर मेव, मुफीद मेव, अक्षय मारू, डॉ रश्मि वैष्णव सहित पालिका अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

एमएसएमई और हैंडीक्राफ्ट नीति होगी जारी

# उद्योग विभाग एमएसएमई दिवस पर देगा उद्योग रत्न पुरस्कार

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** प्रदेश में आगामी एमएसएमई दिवस (17 सितंबर) के अवसर पर उद्योग विभाग राज्य स्तरीय निर्यात और उद्योग रत्न अवार्ड-2022 का आयोजन करेगा। साथ ही एमएसएमई और हैंडीक्राफ्ट नीति भी जारी की जाएगी।

उद्योग आयुक्त महेंद्र कुमार पारख ने मंगलवार को उद्योग भवन में इसी की तैयारियों को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक ली और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को जयपुर के होटल क्लार्क्स आमेर में होने वाले इस आयोजन में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, उद्योग मंत्री शकुंतला रावत, मुख्य सचिव उषा शर्मा, राजसिको चेयरमैन राजीव अरोड़ा सहित आला अधिकारीगण शिरकत करेंगे। पारख ने बताया कि आगामी 7 और 8 अक्टूबर को होने वाले इन्वेस्ट राजस्थान समिट में शेष रहे उद्यमियों के साथ इस दिन एमओयू भी किए जाएंगे। इसी दिन हस्तशिल्प पर आधारित कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया जाएगा। आयुक्त ने बैठक में कार्यक्रम से जुडे सभी कार्यों की समीक्षा की व संबंधित अधिकारियों को उन्हें समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभाग के आला अधिकारीगण व कार्यक्रम से जुड़े कर्मचारीगण उपस्थित रहे।